हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
दुमका,औरंगाबाद, आरा, एवं पटना से प्रकाशित



Page 11

**खेल** हार के बाद मैदानद पर फूट-फूटकर रोए वैभव सूर्यवंशी, केकेआर खिलाड़ी ने दिया सहारा



Page 10

**देश** ममता बनर्जी की भवानीपुर समेत 55 सीटें संवेदनशील घोषित

रजि नं.-JHAHIN/2022/82776 • दुमका • मंगलवार • 21 अप्रैल 2026 • वर्ष 05 • अंक 60 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की सुभाष चंद्र बोस को 'राष्ट्रीय पुत्र' घोषित करने की मांग



- याचिकाकर्ता को फटकार, उच्चतम न्यायालय में प्रवेश करने पर रोक लगाने की चेतावनी

**एजेंसी, नई दिल्ली** । उच्चतम न्यायालय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को राष्ट्रीय पुत्र घोषित करने और आजाद हिन्द फौज को आजादी का श्रेय देने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि वो न्यायिक समय को बर्बाद कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता पिनाकपानी मोहंती को फटकार लगाते हुए कहा कि आपको उच्चतम न्यायालय में प्रवेश करने पर रोक लगाई जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी याचिका हम पहले ही खारिज कर चुके हैं। पहले भी कोर्ट याचिकाकर्ता को फटकार लगा चुकी है। जब मुख्य न्यायाधीश ने कोर्ट से पूछा कि क्या आपने इसके पहले भी याचिका दाखिल की थी तो याचिकाकर्ता ने कहा कि इस बार अलग है।

## 'जन आक्रोश महिला मार्च' में एनडीए की महिलाओं ने एक स्वर में कहा - हम अपना अधिकार लेकर रहेंगे

एजेंसी, पटना



लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक (131वां संशोधन) पारित न होने के विरोध में भाजपा की ओर से बिहार की राजधानी पटना में 'जन आक्रोश महिला मार्च' निकाला गया। इसके बाद पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में जन आक्रोश महिला सम्मेलन के जरिए एनडीए की महिला नेत्रियों ने विपक्ष को साफ संदेश दे दिया कि यह आक्रोश सिर्फ पटना में नहीं बल्कि घर-घर पहुंचेगा और दिखेगा। इस आक्रोश मार्च में शामिल होने के लिए पटना के गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक पर लाखों की संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं हैं। इस दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां थीं, जिसमें विधेयक को लेकर बातें लिखी गई थीं। वहीं, एक महिला ने अपने आपको बेड़ियों में कैद करके एक अनोखा प्रदर्शन किया। भाजपा नेत्री और बिहार सरकार की पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पूरे भारत की महिलाओं के लिए एक खुशी का पल लेकर आया। 17 अप्रैल को सदन में बिल नहीं गिरा बल्कि नारियों की आंखों में इंडी गठबंधन के नेताओं का सम्मान गिरा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष मंच पर आधी आबादी का नारा बुलंद करते हैं और आप चुनावों से पहले महिलाओं को लेकर लोकलुभावने वादे करते हैं। लेकिन जब महिला की राजनीतिक भागीदारी की बात आती है तो बिल पारित नहीं होने देते हैं। मेज और ताली बजाकर मुस्कुराते हुए जश्न मनाते हैं कि हमने हमारी नारी का सम्मान नहीं होने दिया। यह पूरे देश की महिलाओं का अपमान है। जदयू की नेत्री और पूर्व मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर और उनके सहयोगी विपक्षी दल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को रोक कर देश की महिलाओं के अधिकार को छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के मन और नीति में खोट है। कांग्रेस, राजद नहीं चाहते हैं कि देश की महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिले, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार समाज के अंतिम और वंचित महिलाओं को आगे लाना चाहते हैं। आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष ने घिनौना काम किया है। पूर्व मंत्री रेणु देवी ने कहा कि विपक्ष का दोहरा चरित्र बेनकाब हो गया है। उनके अपने परिवार के सदस्य, चाहे वे कांग्रेस से हों या राजद से, लोकसभा तक पहुंच गए हैं, लेकिन गांवों की गरीब और शोषित महिलाओं को, जिनमें दलित, आदिवासी और पिछड़े समुदाय की महिलाएं भी शामिल हैं, उन्हें अवसर नहीं दिए गए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिला होते हुए भी बिल को रोकने का काम किया है। इसको लेकर न केवल बिहार की बल्कि देश की महिलाएं उग्र हैं और देश भर में आक्रोश मार्च निकाला जा रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। इस संशोधन से निश्चित रूप से इस देश की महिलाओं को उनके अधिकार मिलते, लेकिन विपक्ष ने जिस तरह से रवैया संसद में अपनाया, यह बिल पारित नहीं होने दिया। देश की महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगी। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की विधायक ज्योति देवी ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं की ताकत को कम करने का काम किया है। विपक्ष की कभी सोच नहीं रही कि वे महिलाओं को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि इस बिल का पारित न होना देश की सरकार की नहीं, सभी महिलाओं का अपमान है। उन्होंने सीधे तौर पर राजद को निशाने पर लेते हुए कहा कि उन्हें क्या पता कि महिलाओं का सम्मान क्या होता है? उनकी पहचान ही नारियों के अपमान करने के लिए होती है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा की विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने कहा कि यह आक्रोश सिर्फ पटना में नहीं दिखेगा।

## चिप्स से लेकर शिप्स तक, भारत-कोरिया मिलकर नए अवसर साकार करेंगे: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत और दक्षिण कोरिया ने अपने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को अपग्रेड करने के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई। यह निर्णय वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और व्यापारिक व्यवधानों के बीच दोनों देशों के आर्थिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग के बीच सोमवार को हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह घोषणा की गई। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और अन्य महत्वपूर्ण समझौतों का आदान-प्रदान भी हुआ। हैदराबाद हाउस में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "चिप्स से लेकर शिप्स, टैलेंट से लेकर टेक्नोलॉजी, एंटरटेनमेंट से लेकर एनर्जी—भारत और कोरिया मिलकर सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे।" उन्होंने इस यात्रा को द्विपक्षीय संबंधों के लिए "महत्वपूर्ण मोड़" बताते हुए कहा कि दोनों देश अपनी साझेदारी को एक "भविष्य उन्मुख" दिशा में ले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्तमान में लगभग 27 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है, जिसे वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 50 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दोनों देशों ने कई अहम कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की है, जिनमें "भारत-कोरिया वित्तीय मंच" की स्थापना भी शामिल है। डिजिटल और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए "इंडिया-कोरिया डिजिटल ब्रिज" पहल शुरू करने की घोषणा की गई है। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

## भारत से 100 रुपये से अधिक की खरीदारी पर कस्टम ड्यूटी मामले में वित्त मंत्री से सवाल-जवाब



**एजेंसी, काठमांडू** । भारतीय सीमा क्षेत्र से नेपाल में 100 रुपये से अधिक मूल्य का सामान लाने पर कस्टम लगाए जाने पर धरपकड़ का मुद्दा सरकार चला रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की सचिवालय बैठक में उठाया गया है। इस बैठक में सरकार की इस नीति का विरोध करते हुए वित्त मंत्री से सवाल जवाब किया गया है। पार्टी के सचिवालय सदस्य तथा सांसद दीपक बोहरा ने प्रश्न उठाते हुए कहा कि सीमा क्षेत्र के स्थानीय लोगों को भारत से 100 रुपये से अधिक का सामान लाने पर कस्टम देना पड़ता है, जबकि हवाई अड्डे पर विदेश से हजारों रुपये मूल्य की मदिरा लाने की अनुमति क्यों दी जाती है? उन्होंने यह सवाल वित्त मंत्री एवं पार्टी के उपाध्यक्ष स्वर्णिम वाग्ले से किया। सांसद बोहरा ने वित्त मंत्री वाग्ले से इस विषय पर जवाब देने के साथ-साथ यह भी पूछा कि इस व्यवस्था को कैसे सहज बनाया जाएगा। बोहरा ने कहा कि सीमा क्षेत्र में 100 रुपये से अधिक का सामान भारत से घरेलू उपयोग के लिए लाने पर कस्टम लगाया जा रहा है और धरपकड़ की जा रही है, जबकि हवाई अड्डे पर हजारों रुपये की व्हिस्की सहित अन्य सामान लाने की छूट दी जा रही है।

## झारखंड में भीषण गर्मी के चलते स्कूलों का समय बदला, 21 अप्रैल से लागू होगा नया शेड्यूल

एजेंसी, रांची



झारखंड में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूलों के समय में बदलाव करने का निर्णय लिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार अब सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में कक्षाएं सुबह के समय संचालित की जाएंगी। नए आदेश के मुताबिक, केजी से कक्षा 8वीं तक की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक चलेंगी। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल का समय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों का कार्य समय सुबह 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा। विभाग की ओर से जारी यह आदेश 21 अप्रैल से पूरे राज्य में प्रभावी होगा। इसकी प्रति सभी जिलों को भेज दी गई है, ताकि निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। सरकार का यह निर्णय छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि तेज धूप और गर्मी से उन्हें बचाया जा सके।

## जदयू विधायक दल की बैठक में नहीं हुआ नेता का चयन, विधायकों ने नीतीश कुमार को सौंपी जिम्मेदारी

एजेंसी, पटना



जनता दल यूनाइटेड (जदयू) विधायक दल की सोमवार को हुई अहम बैठक में विधानमंडल दल के नेता का चयन नहीं हो सका। बैठक में मौजूद विधायकों ने सर्वसम्मति से पार्टी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी कि वे स्वयं विधायक दल का नया नेता चुनें। यह बैठक नीतीश कुमार के पटना स्थित आवास एक अणे मार्ग पर आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता नीतीश कुमार ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा विधानमंडल दल के नए नेता का चयन करना था, लेकिन इस पर कोई अंतिम फैसला नहीं हो पाया। बैठक के बाद जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने बताया कि विधायक दल ने नीतीश कुमार को अधिकृत कर दिया है कि वे अपनी समझ और अनुभव के आधार पर नेता का चयन करें। उन्होंने कहा कि बैठक में नीतीश कुमार के लंबे राजनीतिक कार्यकाल, उनके नेतृत्व में हुए विकास कार्यों और सामाजिक प्रभाव को लेकर भी चर्चा हुई और उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने बैठक में प्रस्ताव रखते हुए नीतीश कुमार के योगदान की सराहना की। वहीं अन्य नेताओं ने भी उनके नेतृत्व को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण बताया। बैठक के दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि भले ही उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया है, लेकिन वे सक्रिय रूप से राज्य के विकास कार्यों पर नजर बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा, "मैं दिल्ली में संसदीय कार्यों के साथ-साथ बिहार के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर विकास योजनाओं की स्थिति का आकलन करूंगा।" निशांत कुमार को बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने की अटकलों पर उन्होंने कहा कि वे पार्टी के सर्वमान्य नेता हैं और उनके संबंध में अंतिम निर्णय पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा।

## जैकलीन की सरकारी गवाह बनने की अर्जी पर जवाब के लिए ईडी ने मांगा समय

**एजेंसी, नई दिल्ली** । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की सरकारी गवाह बनने की अर्जी पर जवाब दाखिल करने के लिए पटियाला हाउस कोर्ट से समय मांगा है। एडिशनल सेशंस जज प्रशांत शर्मा ने मामले की अगली सुनवाई 8 मई को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 17 अप्रैल को जैकलीन की इस अर्जी पर ईडी को नोटिस जारी किया था। इस मामले में जैकलीन फर्नांडीज आरोपित हैं। जैकलीन ने ईडी के केस को निरस्त करने की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जैकलीन की याचिका खारिज कर दी थी। उच्चतम न्यायालय ने भी उच्च न्यायालय के आदेश पर मुहर लगाते हुए जैकलीन की याचिका खारिज की थी।

## सीडीएस पहुंचे लंदन, भारत-ब्रिटेन ने भविष्य के लिए तैयार रक्षा साझेदारी पर जोर दिया

- जनरल चौहान को रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज का भी टूर कराया जाएगा


एजेंसी, नई दिल्ली



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान सोमवार को ब्रिटेन के आधिकारिक दौरे पर पहुंच गए। लंदन में ब्रिटेन के सीडीएस एयर चीफ मार्शल सर रिचर्ड नाइटन ने उनका स्वागत किया। दोनों सैन्य अधिकारियों ने भारत-यूके की मजबूत और भविष्य के लिए तैयार रक्षा साझेदारी पर जोर दिया। सीडीएस जनरल चौहान ने ब्रिटेन में भारत के हाई कमिश्नर विक्रम के. दोराईस्वामी से भी बातचीत की। भारत के एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के मुताबिक चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के इस दौरे से रक्षा सहयोग मजबूत होगा। साथ ही रक्षा उद्योग और खुफिया सहयोग, साइबर सहयोग, रणनीतिक संचार और संयुक्त अभ्यास को बढ़ावा मिलेगा। सीडीएस के इस दौरे से वैश्विक सुरक्षा, स्थिरता के लिए साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत मिलने की उम्मीद है। उनका यह दौरा दो वैश्विक ताकतों की सेनाओं के बीच भरोसे और उम्मीद का भी संकेत है। अपनी बातचीत के दौरान दोनों देशों के सैन्य अधिकारी ट्रेनिंग, ऑपरेशन्स और डिफेंस इंडस्ट्री पार्टनरशिप में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।

नई दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमीशन ने एक बयान में कहा कि यूके के वरिष्ठ सिविल और सैन्य अधिकारी जनरल चौहान के दौरे के दौरान उनसे बातचीत करेंगे। ब्रिटिश रक्षा उद्योग के प्रतिनिधि दोनों देशों के बीच ज्यादा रक्षा सह-उत्पादन पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए उनसे मिलेंगे। जनरल चौहान को रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज का भी टूर कराया जाएगा, जहां वे छात्रों के एक बहुराष्ट्रीय समूह से मिलेंगे।

## पवन खेड़ा ने अग्रिम जमानत के लिए खटखटाया गुवाहाटी हाई कोर्ट का दरवाजा



**एजेंसी, गुवाहाटी** । कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मानहानि के एक मामले में अग्रिम जमानत के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा द्वारा दर्ज कराया गया है, जिसमें उन पर कई पासपोर्ट और विदेशों में संपत्तियों से जुड़े आरोप लगाए गए थे। यह कदम उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद उठाया गया है। शीर्ष अदालत ने पवन खेड़ा को अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए उन्हें असम की सक्षम अदालत से राहत लेने को कहा था। साथ ही, तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा दी गई ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर भी रोक लगा दी थी और स्पष्ट किया गया था कि इस मामले पर गुवाहाटी उच्च न्यायालय स्वतंत्र रूप से फैसला करेगा। विवाद की जड़ हालिया विधानसभा चुनावों से पहले खेड़ा द्वारा दिए गए बयान हैं, जिनमें उन्होंने मुख्यमंत्री पर कई विदेशी पासपोर्ट रखने और 2021 से 2022 के बीच विदेशी नागरिकता हासिल करने का आरोप लगाया था। इसके अलावा, उन्होंने चुनावी हलफनामे में पत्नी की विदेशी संपत्तियों का खुलासा नहीं करने का भी दावा किया था। मुख्यमंत्री सरमा और उनकी पत्नी ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि यह सामग्री छेड़छाड़ या एआई के जरिए तैयार की गई है, जिसका स्रोत एक पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल है।

## सुप्रीम कोर्ट ने देश में हो रहे डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर चिंता जताई

एजेंसी, नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने आज सुनवाई के दौरान डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर चिंता जताई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि सबसे अधिक शिक्षित लोग भी इस तरह के डिजिटल फ्रॉड का शिकार हो रहे हैं । याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि समस्या से निपटने के लिए इंटरमीडियरी प्लेटफॉर्म्स पर एक 'किल स्विच' होना चाहिए, क्योंकि कई बार पीड़ित 'डिजिटल अरेस्ट' के बारे में जानते हुए भी घबरा जाते हैं और प्रतिक्रिया नहीं दे पाते हैं। अटार्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने बताया कि इस मुद्दे पर विभागों के बीच आंतरिक बैठक हो चुकी है और अंतिम बैठक भी जल्द होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि अगली सुनवाई 12 मई को रखी जा सकती है। इससे पहले 1 दिसंबर 2025 को उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट फर्जीवाड़े पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। कोर्ट ने इस फर्जीवाड़े से संबंधित दर्ज मामलों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जहां भी साइबर क्राइम में उपयोग किए गए बैंक खातों का पता चलेगा, वहां संबंधित बैंकरों की जांच करने के लिए सीबीआई पूर्ण स्वतंत्रत होगी। उच्चतम न्यायालय ने रिजर्व बैंक को निर्देश दिया था कि वो कोर्ट को इस निष्कर्ष पर पहुंचने में सहयोग करे कि संदेहास्पद खातों की पहचान कर उन्हें फ्रीज करने के लिए एआई या मशीन लर्निंग का इस्तेमाल किया जा सकता है। जिन राज्यों ने सीबीआई जांच की अपने राज्यों में अनुमति नहीं दी है उन राज्यों को निर्देश दिया गया था कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों में वे जांच की अनुमति दें। एमिकस क्यूरी ने कहा था कि तीन तरह के साइबर क्राइम हैं। पहला डिजिटल अरेस्ट, इंवेस्टमेंट फर्जीवाड़ा और पार्ट टाईम जॉब के नाम पर फर्जीवाड़ा। कोर्ट ने इस बात पर गौर किया था कि ऐसे अपराधों के जरिये पीड़ितों को ब्ड़ी रकम का निवेश करने को कहा जाता है। 17 अक्टूबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार और सीबीआई को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट करने के लिए उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय के आदेशों और जजों के हस्ताक्षर की जालसाजी करना न्यायिक संस्थाओं में लोगों के विश्वास और आस्था पर कुठाराघात है।

## अमेरिका ने ईरानी जहाज पर गोली चलाई, कब्जे में लिया, तेहरान की बदला लेने की धमकी

एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन

ईरान और अमेरिका में संघर्ष विराम की अवधि के बीच ओमान की खाड़ी में घटी घटना से दोनों देशों के बीच चल रहे शांति वार्ता के प्रयासों को झटका लगा है। ईरान की सेना ने रविवार को चेतावनी दी कि अमेरिका से कंटेनर जहाज पर गोलीबारी करने और उसे कब्जे में लेने का बदला लिया जाएगा। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्ट आईआरआईबी के अनुसार, ईरान की सेना ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, "हमलावर संयुक्त राज्य अमेरिका ने ओमान सागर के जल क्षेत्र में युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए और समुद्री रास्ते पर डाका डाला है।"

सीएनएन, अल जजीरा, सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की सेना ने कहा कि अमेरिका ने जहाज के नेविगेशनल उपकरणों को नष्ट कर दिया। जहाज के डेक पर अपने सैनिक तैनात कर दिए हैं। पोस्ट में कहा गया है कि ईरान की सेना जल्द ही अमेरिका की इस सशस्त्र समुद्री डकैती का जवाब देंगी। इस बीच अमेरिकी सेना ने इस बात की पुष्टि की है कि एक अमेरिकी डिस्ट्रॉयर ने ईरान के झंडे वाले एक जहाज पर कई राउंड फायरिंग की। यह जहाज अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहा था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने रविवार को बाकायदा इस पूरे घटनाक्रम पर बयान जारी किया है। कमांड ने कहा कि नाकाबंदी शुरू होने के बाद से अमेरिका ने 25 कमर्शियल जहाजों को वापस मुड़ने या ईरान के किसी बंदरगाह पर लौटने का निर्देश दिया। ओमान की खाड़ी में हुई इस घटना से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान के साथ बातचीत के लिए अपनी टीम इस्लामाबाद भेज रहे हैं। अब ईरान ने कहा है कि जब तक अमेरिका अपनी नाकाबंदी नहीं हटाता, तब तक किसी भी तरह की बातचीत नहीं होगी। इस बीच ईरान फार्स न्यूज़ एजेंसी ने बताया है कि ईरान ने युद्ध के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सरकारी इमारतों की बिक्री करने का फैसला किया है।



## संक्षिप्त समाचार

### चतरा में तालाब में डूबने से मां समेत दो मासूम बेटियों की मौत

**चतरा, एजेंसी।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत भोज्या गांव में रविवार को एक हृदयविदारक घटना हुई है। गांव के तालाब में डूबने से मां और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार खीरू यादव की पत्नी परवा देवी अपनी दो बेटियों गीता कुमारी (8 वर्ष) और मालती कुमारी (6 वर्ष) के साथ गांव के बड़का आहार तालाब पर कपड़े धोने गई थीं। इसी दौरान अचानक एक बच्ची का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। बच्ची को बचाने के लिए मां परवा देवी और दूसरी बेटी भी तालाब में उतर गईं, लेकिन गहराई अधिक होने और फिसलन के कारण तीनों संतुलन खो बैठीं और डूब गईं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद पुलिस और प्रशासन समय पर नहीं पहुंचा। जिससे लोगों में आक्रोश है।

### चतरा: सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के नाम पर 5 हजार वसूली का आरोप,

**चतरा, एजेंसी।** झारखंड के चतरा जिले के सदर प्रखंड के भोज्या गांव में तालाब में डूबने से मां समेत दो बेटियों की दर्दनाक मौत के बाद सदर अस्पताल की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतकों के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने के नाम पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया है। मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पोस्टमार्टम कराने के नाम पर उनसे 5 हजार रुपये की मांग की गई। परिजनों के अनुसार, जब तक पैसे नहीं दिए गए तब तक उन्हें अस्पताल परिसर में इधर-उधर टहलाया जाता रहा। आरोप है कि 2500 रुपये ऑनलाइन एक मोबाइल नंबर पर ट्रांसफर करवाया गया और 2500 रुपये नकद देने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। घटना से नाराज परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर खुलेआम अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए उपायुक्त से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि इससे पहले भी पोस्टमार्टम के नाम पर पैसे लेने के आरोप सामने आ चुके हैं। लोगों को उम्मीद है कि नए उपायुक्त रवि आनंद मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करेंगे।

### गढ़वा: स्कूटी सीख रही थी युवती, तेज रफ्तार ऑटो ने मारी टक्कर

**गढ़वा, एजेंसी।** झारखंड के गढ़वा थाना क्षेत्र के हरैया नहर के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती की पहचान मझिआंव गांव निवासी संतोष बिंद की बेटी सोनी कुमारी के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उसे तत्काल गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, सोनी कुमारी हरैया गांव स्थित अपनी बहन के घर आई हुई थी। वह घर में खड़ी अपने जीजा की स्कूटी निकाल कर उसे चलाने की कोशिश कर रही थी। स्कूटी चलाना सीखने के दौरान में वह हरैया नहर के पास पहुंची थी, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ऑटो (ऑटो) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सोनी स्कूटी समेत सड़क पर दूर जा गिरी। इस हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे घायल अवस्था में उठाकर सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है।

### खरसावां के बासंती मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

**खरसावां, एजेंसी।** झारखंड के खरसावां जिले के बासंती मंदिर परिसर में श्री परशुराम शक्ति सेना के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और आरती की गई तथा उनके जीवन और संदेशों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भगवान परशुराम की जीवनगाथा, उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही सामाजिक एकजुटता बनाए रखने और क्षेत्र के समग्र कल्याण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने भगवान परशुराम की जीवनी को नमन करते हुए सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान ब्राम्हण समाज के प्रबुद्ध लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मुख्य रुप से अंबुजाक्ष आचार्य, प्रदीप कुमार दाश, गणेश मिश्रा, सूर्य कुमार पति, चामु मिश्रा, राजेश कुमार दाश, चित्त षाडंगी, दिलीप मिश्रा, शशनी त्रिपाठी, अशोक षाडंगी व भास्कर आचर्या शामिल है।

### कोडरमा में अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार,

# ट्रेन में महिलाओं के गहनों पर करते थे हाथ साफ




**कोडरमा, एजेंसी।** जिले के कोडरमा रेलवे पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जीआरपी ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। साथ ही ट्रेन में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाली दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के मनोसाखली (पश्चिम बंगाल) के रहने वाले आशीष प्रधान (46) सहित धनबाद के कतरास की रहने वाली संजना पासी (30) और प्रियंका पासी (26) के नाम शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह कोडरमा स्टेशन पर गयाजी से आसनसोल जा रही पैसेंजर ट्रेन में चढ़ रही एक महिला के गले से एक व्यक्ति ने चेन छीन ली। इसके बाद महिला व उसके पति के शोर मचाने पर वहां मौजूद जीआरपी के जवान ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और पश्चिम बंगाल में एक मिठाई की दुकान में हलवाई के रूप में काम किया करता था। मगर नए काम की तलाश के दौरान उसकी मुलाकात बापी सरदार, सुबो गईन तथा महताब से हुई, जो ट्रेन यात्री को अपना निशाना बनाते हैं। इसके बाद आशीष प्रधान भी इन लोगों के गैंग में शामिल हो गया और छिनतई जैसी कई घटनाओं को अंजाम देने लगा।

रविवार को भी आशीष पश्चिम बंगाल से कोडरमा पहुंचा और इसी दौरान उनकी नजर एक महिला पर पड़ी। जैसे ही महिला गया-आसनसोल पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने लगी, इसने उसके गले से चेन खींच ली। पीड़ित महिला और उसके पति शोर मचाने लगे और मौके पर जीआरपी ने उसे पकड़ लिया। हालांकि महिला की चेन आरोपी के साथी वहां से लेकर भागने में सफल रहे। जीआरपी द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि यह चारों शातिर बदमाश देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर ट्रेन व बसों में चढ़ने वाले यात्रियों को अपना निशाना बनाते हैं। ये सभी पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं।

इसी दौरान उनकी नजर एक महिला पर पड़ी जिसने सोने की चेन पहन रखी थी। जैसे ही महिला गया-आसनसोल पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने लगी, इसने बड़ी चालाकी से उसके गले से चेन खींच ली और अपने साथ आए बापी सरदार को थमा दी। इसी बीच वह महिला और उसके पति शोर मचाने लगे और इन लोगों को शक हो गया। इसके बाद जीआरपी द्वारा उसे पकड़ लिया गया। हालांकि महिला के गले से छीना हुआ मंगलसूत्र इसके साथी वहां से लेकर भागने में सफल रहे। जीआरपी द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि यह चारों शातिर बदमाश देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर ट्रेन व बसों में चढ़ने वाले यात्रियों को अपना निशाना बनाते हैं और छिनतई की घटना को अंजाम देते हैं। इन कांडों में यह सभी पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं।

इस घटना के बीच जीआरपी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार को रेल प्रशासन से सूचना मिली कि एक महिला के साथ धनबाद-गया इंटरसिटी एक्सप्रेस में गोमोह रेलवे स्टेशन पर छिनतई की वारदात हुई है। इसके बाद जीआरपी तथा आरपीएफ द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेन में मौजूद दो महिलाओं पर शक हुआ। इसके बाद दोनों को ट्रेन से नीचे उतारा गया और उनसे पूछताछ की गई। इस दौरान उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से महिला यात्री से छिनतई किए गए मंगलसूत्र व मोतियों की माला बरामद कर ली गई।

## केरल के बाद राजस्थान की जोड़ी ने संभाली पलामू की कमान, इसी जिले में दोनों ने ट्रेनिंग भी की पूरी




**पलामू, एजेंसी।** राज्य भर में 46 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया, जिसमें कई जिलों के एसपी बदले गए। पलामू में भी एसपी और डीसी में बदलाव हुआ है। जिले में पहले केरल की जोड़ी प्रशासनिक पद पर तैनात थी। अब राजस्थान की जोड़ी ने प्रशासनिक कमान संभाली है।

पलामू डीसी के पद पर आईएएस दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और एसपी के पद पर कपिल चौधरी ने शनिवार को अपना योगदान दिया है। दोनों मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। इससे पहले पलामू डीसी के पद पर आईएएस समीरा एस और एसपी के पद पर आईपीएस रीष्मा रमेशन तैनात थी। दोनों मूल रूप से केरल की रहने वाली हैं। झारखंड सरकार ने शुक्रवार की रात दोनों अधिकारियों का तबादला कर दिया था। तबादला के बाद नए डीसी और एसपी ने अपना-अपना पद संभाल लिया है। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और एसपी कपिल चौधरी पलामू में अपना प्रशिक्षण भी पूरा चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सभी के सहयोग से पलामू का विकास होगा। वे क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और आम लोगों के समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे।

वहीं, पलामू के पूर्व डीसी समीर एस ने कहा कि टीम पलामू बनकर कार्य करने का प्रयास किया है। वहीं, पलामू एसपी के पद पर योगदान देने के बाद आईपीएस कपिल चौधरी ने कहा कि बेहतर पुलिसिंग और सुदृढ़ विधि व्यवस्था उनकी प्राथमिकता है। अपराध एवं नक्सल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## साइना नेहवाल पहुंचीं देवघर, बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा कर खेल के महत्व पर दिया संदेश

**देवघर, एजेंसी।** भारत की स्टार बैडमिंटन साइना नेहवाल सीमावर्ती बिहार के बांका जिले में एक स्कूल के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के क्रम में देवघर पहुंचीं। उनके साथ उनके पिता हरवीर सिंह नेहवाल भी मौजूद थे। शहर में उनके आगमन की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में युवा खिलाड़ी और प्रशंसक उनकी एक झलक पाने के लिए उत्साहित दिखे। उन्होंने बताया कि देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल बाबा बैद्यनाथ और माता पार्वती के दर्शन कर जलार्पण करने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि पिता के साथ पूजा-अर्चना करना उनके जीवन की यादगार क्षणों में से एक रहेगा।

उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में देश के कई स्कूल खेल गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं, जो सकारात्मक संकेत है। बच्चे जितना अधिक खेलों से जुड़ेंगे, उतना ही उनका शारीरिक और मानसिक विकास होगा। इससे न केवल उनका भविष्य बेहतर होगा, बल्कि देश की प्रतिष्ठा भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी।

साइना नेहवाल के देवघर में होने से शहर में खेल प्रेमियों के बीच उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर स्थानीय बैडमिंटन और अन्य खेल संघों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। ध्यान देने वाली बात है कि हरियाणा के हिसार में जन्मी साइना नेहवाल ने घुटने की समस्या के कारण जनवरी 2026 में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन से संन्यास ले लिया है।

साइना ने 2008 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियन बनकर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। 2009 में इंडोनेशिया ओपन जीतकर वह बीडब्ल्यूएफ सुपर सीरीज खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। एक साल बाद, वह कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन बनीं। 2012 लंदन ओलंपिक में उन्होंने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। 2015 में वह विश्व नंबर-1 रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

# झारखंड का ट्रेजरी घोटाला चारा घोटाला से भी बड़ा है: विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी



**गढ़वा, एजेंसी।** बीजेपी विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने ट्रेजरी में करोड़ों रुपए के अवैध निकासी के मामले को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इसकी तुलना चारा घोटाले से की है। रमकंडा पहुंचे विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि झारखंड में चारा घोटाला से भी बड़ा ट्रेजरी घोटाला हुआ है। विधायक ने कहा कि अभी यह आंकड़ा 100 करोड़ पार हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस कोषागार को पूरा हिसाब किताब रखने का जिम्मा है, वहीं इसमें गड़बड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री आज सभी जगह जांच की बात कह रहे हैं। लेकिन इसकी नियमित जांच क्यों नहीं कराई गई है।

गढ़वा विधायक अपने कार्यकर्ता के घर शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जहां उन्होंने पत्रकार वार्ता में यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के मुख्यमंत्री एक अरब का अपना घर बना रहे हैं। वहीं बच्चों को छात्रवृति का लाभ नहीं मिल रहा है। पैसे के अभाव में परीक्षा नहीं दे पा रहे हैं। किसानों को धान बेचने के बाद भी पैसा नहीं मिल रहा है। आज झारखंड की ऐसी स्थिति हो गई है कि आम लोगों की बात कोई सुनने वाला नहीं है।

विधायक ने कहा कि पढ़े लिखे झारखंड के युवा आज 10 सालों से झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के इंतजार में हैं। कई युवाओं की उम्र खत्म हो गई है। विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा साफ होती तो रघुवर सरकर की 2016 वाली नियमावली के आधार पर ही पात्रता परीक्षा आयोजित कराकर 26 हजार शिक्षकों के खाली पदों को भर सकती थी। लेकिन हेमंत सरकार भाषा के विवाद में उसे उलझा के रखा है। भोजपुरी, मगही और हिंदी को रीजनल भाषा के रूप में नहीं माना, जबकि गढ़वा, पलामू के लोग भोजपुरी, मगही और हिंदी को जानते हैं। विधायक ने कहा कि राज्य के लोगों की मांग थी कि रीजनल भाषा में भोजपुरी और मगही के साथ हिंदी को भी रखा जाए, लेकिन नियमावली में सरकार ने इसे हटाकर कुडुख, नागपुरी, कुरमाली, उड़िया और बांग्ला को रखा है। ताकि लोग इस मामले को लेकर हाईकोर्ट जाए और नियमावली पर रोक लगे। सरकार दो सालों से ओबीसी छात्रों को छात्रवृति नहीं दे पा रही है।

विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि वे इस मामले को लेकर राज्यपाल से मिलकर राज्य के छात्रों की इन समस्याओं को रखा है। हालांकि अब सरकार ने नियमावली को रद्द कर दिया है। लेकिन फिर से कब परीक्षा होगी कुछ पता नहीं है। ऐसे में उन छात्रों का क्या होगा जो बैल बकरी बेचकर शहरों में इस परीक्षा की तैयारी में लगे हैं।

## गढ़वा: स्कूल की जमीन कब्जाने की कोशिश नाकाम, सूचना के 10 मिनट के भीतर पहुंचे एसडीएम



**गढ़वा, एजेंसी।** झारखंड के गढ़वा जिले के समाहरणालय के बेहद करीब सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से हो रहे अवैध निर्माण को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है। सूचना मिलने के महज 10 मिनट के भीतर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने मोर्चा संभालते हुए भू-माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, गढ़वा के दो जागरूक नागरिकों ने फोन पर एसडीएम को सूचना दी कि समाहरणालय के पास एक सरकारी स्कूल की जमीन पर अवैध तरीके से बाउंड्री वाल खड़ी की जा रही है। सूचना मिलते ही एसडीएम अपनी टीम के साथ मौके पर जा पहुंचे। हालांकि, प्रशासनिक अमले के पहुंचने की भनक लगते ही निर्माण काम में लगे मिस्त्री और मजदूर वहां से भाग खड़े हुए।

एसडीएम जब मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि स्कूल को घेरने के उद्देश्य से करीब तीन फीट ऊंची बाउंड्री का निर्माण बहुत तेजी से किया जा चुका था। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी निर्माण कराने वाले व्यक्ति का नाम बताने की हिम्मत नहीं दिखाई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने तत्काल उस कच्ची दीवार को गिरवा दिया।

एसडीएम ने गढ़वा अंचल पदाधिकारी सफी आलम को निर्देश दिया कि मौके पर मौजूद ईंट, सीमेंट और बालू जैसी निर्माण सामग्रियों को बिना देर किए जब्त किया जाए। साथ ही कल्याणपुर मुखिया अशोक चंद्रवंशी को निर्देश दिया गया कि वे परिसर पर पैनी नजर रखें और स्थानीय स्तर पर पता लगाएं कि इस अवैध निर्माण के पीछे कौन लोग शामिल हैं।

गौरतलब है कि पिछले साल भी इसी विद्यालय की जमीन पर कब्जे का प्रयास किया गया था। उस समय भी एसडीएम संजय कुमार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बाउंड्री को ध्वस्त कराया था। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि किसी भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंचल पदाधिकारी और राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे ऐसे मामलों पर निगरानी रखें और कहीं भी अतिक्रमण की सूचना मिले तो तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस मौके पर अंचल अधिकारी के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## रामगढ़: विहिप ने रजरप्पा मंदिर के 254 दुकानदारों का जल्द से जल्द पुनर्वास करने की मांग की



**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड के रामगढ़ में विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में विहिप-बजरंग दल के पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में विहिप प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलकराज मंगलम, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, जिला मंत्री छोटू वर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।

बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा के अवैध दुकानदारों के हटाने के मामले को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। विश्व हिंदू परिषद ने मंदिर परिसर से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवालों को प्रशासन के सामने विस्तार से रखा है। बताया गया कि झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के बाद मंदिर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित 254 दुकानों को हटाया गया। इस कार्रवाई के बाद प्रभावित दुकानदारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। इन सभी 254 दुकानदारों का जल्द से जल्द पुनर्वास करने की मांग प्रशासन से की है जिससे कि इनकी रोजी-रोटी पर कोई असर न पड़े।

जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था को लेकर भी संगठन ने चिंता जताई है। खासकर पार्किंग व्यवस्था को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद पार्किंग की कमी एक बड़ी समस्या बन चुकी है। विहिप ने प्रशासन से पार्किंग की समुचित और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की भी मांग की है, जिससे कि आने वाले भक्तों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो।

इसके अलावा मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में देशभर से आनेवाले लाखों श्रद्धालुओं के लिये ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था करने, मंदिर क्षेत्र में सरकारी धर्मशाला या आवासीय भवन निर्माण की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को कहना है कि यह केवल मांग नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की मूलभूत जरूरत है। बैठक में विनय शर्मा, विरजू गोयनका सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नेतरहाट स्कूल मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी पर लगाया 25000 का जुर्माना

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय के गिरते शैक्षणिक स्तर को रोकने और गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित करने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान नेतरहाट विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रोशन कुमार बख्शी की ओर से दायर आईए याचिका पर कड़ी नाराजगी जताई और उसे खारिज कर दिया। रोशन कुमार बख्शी पर 25000 का आर्थिक जुर्माना भी लगाया। यह राशि उन्हें अपने पॉकेट से भरनी होगी। जुर्माने की राशि 10 दिन के अंदर बरियातू स्थित ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक अधिकारी ने अपनी आईए याचिका दायर कर जनहित याचिका की मेंटेनेबिलिटी को चुनौती दी थी। इस पर खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट के आदेश को लागू नहीं होने देने के लिए कुछ लोग प्रयासरत हैं। खंडपीठ ने यह भी कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि जानबूझ कर एडहॉक कमेटी की बैठक नहीं होने दी जा रही है। तकनीकी बहाना बनाकर कोर्ट के आदेशों को रोका जा रहा है, यह किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अस्थायी कार्यकारिणी समिति के सभापति अशोक कुमार सिन्हा के अस्वस्थ होने को देखते हुए कोर्ट ने सेवानिवृत आइएएस अधिकारी और विद्यालय के छात्र रहे राजकुमार को नया सभापति नियुक्त किया और दो मई को पूर्वाहन 11:00 बजे नेतरहाट विद्यालय एडहॉक कमेटी की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।

# मई के अंतिम सप्ताह में होगा खरसावां छऊ महोत्सव का आयोजन



**खरसावां, एजेंसी।** झारखंड के खरसावां छऊ महोत्सव के आयोजन को लेकर विधायक दशरथ गागराई की अध्यक्षता में खरसावां के आरसीडी गेस्ट हाउस गेस्ट हाउस में कलाकारों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य रुप से मई के अंतिम सप्ताह में दो दिवसीय खरसावां छऊ महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसमें छऊ नृत्य के साथ साथ लोक कलाओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

छऊ महोत्सव के आयोजन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। कलाकारों को प्रोत्साहित करने की बात कही गई। बैठक में तय किया गया है कि विधायक दशरथ गागराई के नेतृत्व में कलाकारों का एक प्रतिनिधि मंडल जिले के उपायुक्त से मुलाकात करेगा। इसमें खरसावां छऊ महोत्सव के आयोजन हेतु आवंटन उपलब्ध कराने समेत आयोजन के विभिन्न पहलूओं पर विचार विमर्श करेंगे।

बैठक में उपस्थित कलाकारों को संबोधित करते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि कला-संस्कृति से क्षेत्र की पहचान जुड़ा हुआ है। उन्होंने कला को संरक्षित करने के लिये हर संभव कार्य करने की बात कही। साथ ही कलाकारों को प्रोत्साहित करने के आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया। खरसावां छऊ महोत्सव को बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिये उन्होंने तन, मन व धन से सहयोग करने की बात कही।

सरायकेला नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि सरायकेला की तरह खरसावां में भी भव्य रुप से छऊ महोत्सव का आयोजन हो, इसके लिए हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा किकला की कोई सीमा नहीं होती है।

कलाकारों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के साथ साथ उन्हें आगे बढ़ाया जाए, इसके लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य करेंगे। खरसावां के राजा गोपाल नारायण सिंहदेव ने कहा कि खरसावां के छऊ नृत्य की अपनी अलग पहचान है। गांव में छऊ नृत्य का आयोजन होता है। इस आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के कलाकार प्रोत्साहित होंगे।

बैठक में मुख्य रूप से मो दिलदार, सरायकेला छऊ नृत्य कला केंद्र संयोजक सुदीप कबि, बांकसाई गढ़ के मनोज सिंहदेव, अनूप सिंहदेव, मुखिया सुनिता तापे, वरीय कलाकार परमानंद नंदा, सुमित महापात्र, बसंत गंतायत, लखिंद्र नायक, सुमंत चंद्र मोहंती, नित्या शंकर नंदा, शंकर बेहरा, सुदीप घोडाई, समीन नायक, सुमित्रा रविदास, सुमन रविदास, चांदनी हेंब्रम, सूरज हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

# जूनियर टी-20 लीग: संत जेवियर ए और बोरियो सुपर किंग फाइनल में

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**साहिबगंज।** सिदो कान्हू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहे डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग जूनियर टी-20 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबलों में सोमवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। अंकों के आधार पर संत जेवियर स्कूल ए और बोरियो सुपर किंग की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दिन के पहले सेमीफाइनल में संत जेवियर बी और जवाहर नवोदय विद्यालय के बीच मुकाबला होना था, लेकिन नवोदय की टीम मैदान पर नहीं पहुंच सकी। इसके चलते संत जेवियर बी को वॉकओवर दे दिया गया।दूसरे सेमीफाइनल में संत जेवियर ए और बोरियो सुपर किंग के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बोरियो सुपर किंग की टीम 14.5 ओवर में 134 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से आदित्य मंडल ने सर्वाधिक 58 रन बनाए। संत जेवियर ए के गेंदबाज जुनैद, आकाश और अनुराग ने दो-दो विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी संत जेवियर ए की टीम ने 16 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाकर सात विकेट से जीत दर्ज की। टीम की ओर से आदित्य ज्ञान ने 53 और शांतनु ने 37 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। बोरियो सुपर किंग के कुश कुमार ने दो विकेट लिए।

शानदार प्रदर्शन के लिए आदित्य ज्ञान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुमित कुमार और डॉ. दिग्विजय कुमार ने संयुक्त रूप से उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया।मैच में अंपायरिंग मो. अशफाक आलम और तारिक अनवर ने की, जबकि स्कोरिंग मो. अनाउल्लाह और श्याम रंजन तिवारी ने संभाली। टूर्नामेंट इंचार्ज मोहम्मद अशफाक आलम ने बताया कि सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद अंकों के आधार पर संत जेवियर स्कूल ए और बोरियो सुपर किंग ने फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल मुकाबले की तिथि जल्द घोषित की जाएगी।

## साहिबगंज: स्टेशन पर चला विशेष जांच अभियान, 81 यात्रियों से 28,810 रुपये जुर्माना वसूला




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**साहिबगंज।** मालदा रेल मंडल के निर्देश पर सोमवार को साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर विशेष मजिस्ट्रेट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना टिकट यात्रा, बिना बुक सामान ले जाने और स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के मामलों में कुल 81 लोगों से 28,810 रुपये का जुर्माना वसूला गया।यह अभियान मालदा डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। मौके पर रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार भी मौजूद थे।अभियान के दौरान टिकट जांच के साथ-साथ यात्रियों को रेलवे नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना और यात्रियों में जिम्मेदार यात्रा की आदत विकसित करना है।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे हमेशा वैध टिकट के साथ यात्रा करें और स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखें।




## कदमा: में जलसा-ए-आम सह दस्तारबंदी कार्यक्रम आयोजित, समाज सुधार पर दिया जोर





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बरहेट:** प्रखंड क्षेत्र के कदमा में आयोजित एकदिवसीय जलसा-ए-आम सह दस्तारबंदी कार्यक्रम में यूनिक पब्लिक स्कूल सोनाजोरी के निदेशक नजीबुल्लाह फैजी ने समाज में बढ़ रही बुराइयों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यदि समाज में हो रही गलतियों को समय रहते नहीं रोका गया, तो इसका असर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा और समाज का वातावरण बिगड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी एक अच्छे उम्मत का हिस्सा हैं, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि समाज में हो रही बुराइयों का विरोध करें और उसे रोकने का प्रयास करें। उन्होंने इस दौरान इस्लाम के महान पैगंबर मोहम्मद सैलाहुअलहोसल्लाम का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने भी समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया था। साथ ही हजरत इब्राहिम और हजरत मूसा के जीवन से सीख लेने की बात कही, जिन्होंने अपने-अपने समय में समाज को सही राह दिखाने का कार्य किया।नजीबुल्लाह फैजी ने कहा कि समाज की बुराइयां हमारे अपने घरों से ही शुरू होती हैं, इसलिए परिवार के बड़े जैसे पिता और बड़े भाई की जिम्मेदारी है कि वे घर के सदस्यों को सही दिशा दें। उन्होंने विशेष रूप से सामाजिक आचरण और पहनावे को लेकर भी सजग रहने की अपील की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और समाज में सुधार लाने के लिए सामूहिक प्रयास पर बल दिया गया।

## मंडल कारा में जेल अदालत व स्वास्थ्य शिविर, बंदियों को मिली मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**साहेबगंज।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर रविवार को साहेबगंज मंडल कारा में मासिक जेल अदालत, स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में हुआ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों एवं निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने योजना 2025 के तहत मिलने वाली सुविधाओं, कानूनी परामर्श और मार्गदर्शन की जानकारी साझा की। साथ ही बताया कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।कार्यक्रम में बंदियों के पुनर्वास, कौशल विकास और रिहाई के बाद रोजगार से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। बंदियों को समाज की मुख्यधारा में लौटने और सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान उनके परिजनों को भी विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर चिकित्सकों द्वारा बंदियों की जांच की गई और आवश्यक परामर्श दिया गया। चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अरविन्द गोयल एवं उनकी टीम ने ऐसे बंदियों की पहचान की, जिन्हें अब तक अधिवक्ता नहीं मिल सके हैं, और उन्हें जल्द सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की।शिविर के दौरान बंदियों को उनके मामलों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया, वहीं महिला बंदियों की कानूनी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें जरूरी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। आयोजन के माध्यम से बंदियों के विधिक अधिकार, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक पुनर्वास के प्रति प्राधिकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से सामने आई।

## संक्षिप्त समाचार

### अंबेडकर जयंती पर रेलवे परिसर में होगा समारोह, डीआरएम समेत कई अधिकारी होंगे शामिल

**साहिबगंज।** अंबेडकर जयंती एवं स्थापना दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन के सामने स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर 22 अप्रैल को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम रेलवे परिसर में संध्या 6 बजे से शुरू होगा।ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी संघ के ब्रांच सेक्रेटरी प्रेम शंकर पासवान ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता शामिल होंगे। इसके अलावा डीसीएम कार्तिक सिंह, रेलवे मजिस्ट्रेट राहुल कुमार, जोनल सचिव डॉ समीर कुमार दास सहित अन्य अतिथि भी मौजूद रहेंगे।कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी। इसके साथ ही वृक्षारोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उनके विचारों पर आधारित संबोधन भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड, रेलवे स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल होंगे।

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्ति का माहौल, लगातार दूसरे दिन वैदिक अनुष्ठान संपन्न

**साहिबगंज।** झरना कॉलोनी इमली टोला स्थित शिव पार्वती मंदिर परिसर में नवनिर्मित वीर बजरंगबली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लगातार दूसरे दिन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का विधिवत अनुष्ठान आचार्य रंजय शास्त्री सहित पांच पुरोहितों द्वारा कराया गया, जबकि मुख्य जजमान प्रेमलाल मंडल उर्फ मंटा मंडल ने हवन-पूजन में भाग लिया। मंदिर परिसर पूरे दिन धार्मिक माहौल से गूंजता रहा।इस अवसर पर प्रेमलाल मंडल ने कहा कि कलयुग में भगवान हनुमान से बड़ा कोई रक्षक और शक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि शहर, जिला और देश के कल्याण के लिए यह मंदिर निर्माण एवं प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। कार्यक्रम के दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इससे पहले प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गई थी और बजरंगबली की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया था। वर्तमान में 24 घंटे अष्टयाम जारी है।इस धार्मिक आयोजन में वार्ड पार्षद अमृता कुमारी, पूर्व वार्ड पार्षद मंजूषा देवी, विशाल कुमार, शिव लाल मंडल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आर्म्स एक्ट में पांच दोषियों को 5 साल की सजा, 20 हजार जुर्माना

**साहिबगंज।** आर्म्स एक्ट से जुड़े एक मामले में सोमवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एस. एन. लामेय की अदालत ने पांच अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को 5-5 साल के सश्रम कारावास और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।दोषियों में लाल बाबू यादव उर्फ अभिजीत यादव, गदर यादव उर्फ रविंद्र यादव, अमित कुमार सिंह, सोनू यादव और अमित यादव शामिल हैं। सभी को हत्या में प्रयुक्त हथियार को छुपाने के मामले में दोषी पाया गया।मामला नगर थाना कांड संख्या 73/2022 से जुड़ा है, जिसमें राकेश यादव की हत्या को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर सोनू यादव के बथान से हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद किया था। इस संबंध में तत्कालीन नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार के बयान पर कांड संख्या 81/2022 दर्ज किया गया था।विचारण के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने सभी पांचों आरोपियों को दोषी ठहराया।

## अक्षय तृतीया पर बिन्दुधाम में श्रीराम की 41 फीट प्रतिमा का शिलान्यास, भव्य भूमि पूजन संपन्न



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बरहरवा।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर साहिबगंज जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिन्दुधाम मंदिर परिसर में एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत हुई। यहां मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की 41 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा के निर्माण के लिए विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। पूरे शास्त्रोक्त तरीके से अनुष्ठान संपन्न कराया गया, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंजता रहा।अक्षय तृतीया के कारण सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनकर धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। स्थानीय लोगों में इस प्रतिमा निर्माण को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।जानकारों के अनुसार, 41 फीट ऊंची यह प्रतिमा न केवल आस्था का प्रतीक बनेगी, बल्कि बिन्दुधाम को एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में भी स्थापित करेगी। इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और बिन्दुधाम की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी।

## गंगा में लापता युवक की तलाश जारी, गोताखोरों की टीम जुटी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



साहिबगंज। गंगा नदी में लापता युवक की खोजबीन के लिए गोताखोरों की टीम लगातार अभियान चला रही है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और खोज कार्य तेज कर दिया गया।मौके पर सदर एसडीओ भी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गोताखोरों द्वारा नदी में गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लापता युवक का जल्द पता लगाया जा सके। स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुटी रही और सभी युवक के सुरक्षित मिलने की उम्मीद जता रहे हैं। प्रशासन ने बताया कि जब तक युवक का पता नहीं चल जाता, तब तक खोज अभियान जारी रहेगा।

## पूर्व डीसी सुभाष शर्मा का सम्मान, साहित्य व विकास पर हुई चर्चा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

साहिबगंज। झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी के तत्वावधान में सोमवार शाम 6:30 बजे सर्किट हाउस में पूर्व उपायुक्त सुभाष शर्मा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बुद्धिजीवियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।इस अवसर पर भाई अभिजीत राय, डॉ. परणेश, गणेश तिवारी, सच्चिदानंद मिश्रा, अनिरुद्ध प्रभास, रामानंद साह, बासुकीनाथ यादव, मो. कलीमुद्दीन और अनवर अली सहित कई लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने पिछले 30 वर्षों के अनुभवों को साझा करते हुए साहित्य, राजनीति और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। वक्ताओं ने समाज में भाषा, साहित्य और प्रशासन की भूमिका पर भी अपने विचार रखे।

## कलयुग में वीर हनुमान से प्रभावी कोई नहीं : प्रेमलाल मंडल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**साहिबगंज** शहर के वार्ड नंबर 16 झरना कॉलोनी इमली टोला शिव पार्वती मंदिर परिसर में नवनिर्मित वीर बजरंगबली के नवनिर्मित मंदिर व बजरंगबली का प्राण प्रतिष्ठा पूजन लगातार दूसरे दिन सोमवार को वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से आचार्य रंजय शास्त्री सहित पांच पुरोहित ने किया। मुख्य जजमान प्रेमलाल मंडल उर्फ मंटा मंडल ने पूजन हवन किया।वही उन्होंने कहा कि नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में भगवान महावीर की प्राण प्रतिष्ठा हुआ। कलयुग में वीर हनुमान से प्रभावी कोई नहीं है। शहर, जिला राज्य देश के कल्याण के लिए मंदिर निर्माण करके बजरंगबली प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया गया है। श्रीराम नाम के जयकारा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। वही इससे पूर्व पहले दिन कलश भरकर लाया गया ओर पूजन करके शाम को बजरंगबली की प्रतिमा को गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ शहर भ्रमण कराया गया। 24 घंटा अष्ट्याम चल रहा है। मौके पर वार्ड पार्षद अमृता कुमारी, पूर्व वार्ड पार्षद मंजूषा देवी, विशाल कुमार, शिव लाल मंडल सहित सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सीएसपी संचालक की बाइक डिक्की से 2.70 लाख की चोरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बरहेट। थाना क्षेत्र के बरहेट बाजार में दिनदहाड़े बड़ी चोरी की घटना से सनसनी फैल गई। मां मेडिको के पास सीएसपी संचालक की बाइक की डिक्की से अज्ञात चोरों ने 2 लाख 70 हजार रुपये नकद उड़ा लिए। झबरी मोड़ स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक नवीन कांत कुमार मंडल बैंक से नकदी निकालकर लौट रहे थे। इसी दौरान वे दवा लेने के लिए मां मेडिको पहुंचे और बाइक बाहर खड़ी कर दुकान के अंदर चले गए। इसी मौके का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया और रुपये लेकर फरार हो गए।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पवन कुमार और इंस्पेक्टर नूनु देव राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया है, जिसमें घटना तो स्पष्ट दिख रही है, लेकिन आरोपियों के चेहरे साफ नहीं हो सके।



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: एमसी/59/क्यूडब्ल्यूएस/डीजीएचआर-डीयूएमके/26-27, दिनांक 17.04.2026; वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं.: एमसी-59-क्यूडब्ल्यूएस-डीजीएचआर-डीयूएमके-26-27 **कार्य का नामः** देवघर स्टेशन में त्वरित जल भराव प्रणाली की स्थापना। **निविदा मूल्यः** रु. 67,58,812.67। **बयाना राशिः** रु. 1,35,200। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** एलओए के जारी होने की से 6 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समयः** 07.05.2026 को 15.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-31/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ओ-एसी-टी-05 से 08-26-27 (ओपन), दिनांक 17.04.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-05-26-27; कार्य का नामः** एईएन/1/आसनसोल के अधीन एसएसई/पी-वे/कालीपहाड़ी अनुभाग में ट्रैक की मरम्मत तथा रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 83,24,128.01। **बयाना राशिः** रु. 1,66,500; **क्रमांक 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-06-26-27; कार्य का नामः** एसएसई/सिग/मधुपुर, एसएसई/सिग/जसीडीह, एसएसई/सिग/1/आसनसोल एवं एसएसई/सिग/आरआरआई/आसनसोल अनुभाग में स्टेशनों पर एस एंड टी मेंटेनर का कक्ष तथा स्टोर के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 9,38,49,399.61। **बयाना राशिः** रु. 18,77,000; **क्रमांक 3, केस सं.: ओ-एसी-टी-07-26-27; कार्य का नामः** एडीईएन/जेएसएमई के अधिकार क्षेत्र के अधीन यार्ड ड्रेनेज के प्रावधान तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 4,96,13,274.77। **बयाना राशिः** रु. 9,92,300; **क्रमांक 4, केस सं.: ओ-एसी-टी-08-26-27; कार्य का नामः** सीनि. डीईएन/2/एएसएन के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीटीआर(पी) कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 5,93,75,717.81। **बयाना राशिः** रु. 11,87,500; **कार्य हेतु समापन अवधिः** प्रत्येक के लिए 12 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 13.05.2026 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-29/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

## फरार वारंटी दो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पाकुड़।** पुलिस ने नॉन-वेलेबल वारंट (एनबीडब्ल्यू) के तहत कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कालिदासपुर गांव निवासी भैया सोरेनऔर झिकरहट्टी गांव निवासी मनवारुल शेख शामिल हैं पुलिस के अनुसार, भैया सोरेन के खिलाफ तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल करने का मामला दर्ज है, जो फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। वहीं, मनवारुल शेख के विरुद्ध महिला प्रताड़ना से संबंधित मामला न्यायालय में लंबित है। दोनों मामलों में न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## झामुमो कार्यकर्ता के निधन पर विधायक ने परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

**पाकुड़िया (पाकुड़)।** झामुमो आंदोलनकारी और लागडुम पंचायत अध्यक्ष कुवराज मरांडी के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है। उनके निधन पर स्थानीय विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कुबराज मरांडी एक प्रभावशाली व्यक्तित्व के घनी और अपने कार्यों के प्रति बेहद निष्ठावान व्यक्ति थे। उनका राजनीतिक जीवन लंवा और संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें उन्होंने समाज और पार्टी के लिए अहम योगदान दिया। विधायक ने कहा कि उनका निधन पाकुड़िया क्षेत्र में झामुमो पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इधर, जिला परिषद अध्यक्ष जूली हेंब्रम ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कुवराज मरांडी का निधन पार्टी के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर

## बंगाल में कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा होगा : राजेश ठाकुर



**पाकुड़ ।** कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर पाकुड़ परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बंगाल चुनाव में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोग भ्रष्टाचार से ऊब चुके हैं।चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद कुछ नहीं होता। इस दौरान उन्होंने टीएमसी सरकार पर भी हमला बोला और कहा कि बंगाल के लोग राज्य सरकार से भी नाराज हैं।राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों मिलकर बंगाल में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। जिससे वहां के लोगों में नाराजगी है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जनसभाओं में लोगों का जनसैलाब उमड़ रहा है। मुर्शिदाबाद में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कि अधीर रंजन चौधरी एक कद्दावर नेता हैं और वे भारी मतों से चुनाव जीतने जा रहे हैं।इस दौरान राजेश ठाकुर ने महिला आरक्षण बिल को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा हुए कहा कि विपक्ष हमेशा महिला आरक्षण बिल के पक्ष में है। लेकिन बीजेपी द्वारा अपने फायदे के लिए बिल के साथ परिसीमन एवं बिना ओबीसी की जनगणना कराए एवं आरक्षण देने की बात कर रही है। ताकि लोकसभा में जो भी 543 सीट है वह बढ़कर 850 सीट हो जायगी और उत्तरप्रदेश ,बिहार, झारखंड और पंजाब जैसे राज्यों में सीट अधिक होगी और बीजेपी का एक क्षत्र राज होगा। जो विपक्ष नही होने देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव को देखते हुए यह सब किया जा रहा है।लोगों को गुमराह करने का काम बी जे पी कर रही है।


## अमड़ापाड़ा पुलिस की कार्रवाई, तीन फरार वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए



**अमड़ापाड़ा (पाकुड़)।** थाना क्षेत्र में फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अमड़ापाड़ा पुलिस को अहम सफलता मिली है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।सभी आरोपियों को सोमवार को आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में पाकुड़ जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वारंटी अपने-अपने घरों में छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पचुवाड़ा गांव में दबिश दी इस दौरान मारपीट से जुड़े कांड संख्या 31/23 के आरोपी निबूलाल किस्कू, निवासी पचुवाड़ा अमड़ाटोला को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा प्रताड़ना एवं दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित कांड संख्या 19/17 में फरार चल रहे मिनासी मुर्मू और मरियम मरांडी दोनों निवासी पचुवाड़ा रंगा टोला को भी उनके घर से गिरफ्तार किया गया।तीनों के खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी था और ये गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाना बदल रहे थे।थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। फरार आरोपियों को शीघ्र आत्मसमर्पण करने की चेतावनी भी दी गई है।

## सोशल मीडिया पर दिया जा रहा मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट शरारती तत्वों की करतूत

**पाकुड़।** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची के सचिव ने पत्र लिखकर सर्वसाधारण को सूचित सूचित किया है कि विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों पर वार्षिक माध्यमिक (मैट्रिक) परीक्षा, 2026 के परीक्षाफल प्रकाशन के संबंध में कुछ शरारती तत्वों द्वारा भ्रामक खबरें और फर्जी तस्वीरें प्रसारित की




जा रही है। इस संबंध में झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि माध्यमिक परीक्षा के परीक्षाफल तैयार करने की प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है। परिषद् द्वारा अभी तक परीक्षाफल घोषित नहीं किया गया है। परिषद ने छात्र-छात्राओं उनके अभिभावक एवं जनसाधारण से सूचित किया है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही ऐसी किसी भी भ्रामक एवं असत्य खबरों पर ध्यान न दें। परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि एवं समय के संबंध में परिषद् द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति के माध्यम से समाचार पत्रों एवं परिषद् की वेबसाइट पर सूचना दी जाएगी। परीक्षाफल का प्रकाशन परिषद् के आधिकारिक वेबसाइट एवं डिजीलॉकर पर किया जायेगा। अन्य किसी स्त्रोत पर परीक्षाफल का प्रकाशन परिषद् द्वारा नहीं किया जाएगा और न ही परिषद् इसके लिए जिम्मेवार होगी । अधिकृत वेबसाइट विश्वसनीय जानकारी हेतु केवल परिषद् की आधिकारिक वेबसाइट का ही अवलोकन करें। झारखण्ड अधिविद्य परिषद् ने आम जनता से अपील की है कि अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक स्त्रोतों पर ही विश्वास करें। वर्तमान में मैट्रिक का कोई रिजल्ट नहीं निकल गया है। जो आप देख रहे हैं वह फर्जी है। उक्त जानकारी पाकुड़ जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से दी गई है।

# तीन दिवसीय 24 प्रहर हरिनाम संकृतिन का हुआ शुभारंभ





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़ )प्रखंड के तसरिया गांव में तीन दिवसीय 24 प्रहर हरिनाम संकृतिन का शुभारंभ हो गया है। हरिनाम संस्कृतन का उद्घाटन महेशपुर थाना प्रभारी रवि शर्मा एवं पंचायत की मुखिया सुरोधनी मुर्मू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । इस दौरान उप मुखिया गिरधारी प्रसाद साहा, पुरोहित प्रमोद दास मिठु पाण्डे ,गोकुल साहा ,बबलू साहा, भोलानाथ साहा ,गोविन्द साहा, समेत सभी तसरिया ग्रामीण गन उपस्थित थे।हरिनाम संकीर्तन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह हरिनाम संकीर्तन 20 अप्रेल से 23 अप्रेल तक 24 प्रहर होगी और झारखंड व बंगाल से आये कीर्तन दल के सदस्यों द्वारा कीर्तन लीला करेंगे ।समिति के सदस्यों ने बताया कि इस हरिनाम संकीर्तन ग्रामवासियो ने सफल बनाने में जुटे हुए है । इधर हरिनाम की गूंज से पूरा गांव भक्ति मई हो गया है।।कीर्तनिया दल के द्वारा बारी बारी से आसन ग्रहण कर राम लीला और कृष्ण लीला का पाठ पढ़ा मन मोह रहा है, लोगों ने खून मन लगाकर कीर्तन का आनंद ले रहे हैं । समिति के सदस्यों ने बताया कि दूर दराज से आये भक्तो के लिए लगातार तीन दिन तक महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी की उत्तम व्यवस्था है।

## सदर अस्पताल में फायर मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पाकुड़।** सोमवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर अग्निशमन विभाग, पाकुड़ द्वारा सदर अस्पताल सोनाजोड़ी परिसर में एक जागरूकता एवं सुरक्षा उन्मुख फायर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएस डॉ. मनीष कुमार उपस्थिति रहे।मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन कर्मियों द्वारा आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों एवं आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के तरीकों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं अन्य कर्मियों को आग बुझाने के विभिन्न उपकरणों के उपयोग की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर यह बताया गया कि सतर्कता, त्वरित सूचना एवं सही तकनीक के प्रयोग से किसी भी अग्नि दुर्घटना को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा के समय त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना तथा आमजनों में जागरूकता बढ़ाना है।

## पांच लाभुकों के बीच बकरा -बकरी वितरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**महेशपुर (पाकुड़)।** प्रखंड के कानीझाड़ा पंचायत के चापतुरा गांव मेंमुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत बकरा विकास योजना के तहत प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. कलीमुद्दीन अंसारी ने प्रखंड के पांच लाभुकों के बीच एक एक यूनिट बकरा-बकरी वितरण किया गया। इस दौरान आठ बकरी व दो बकरा का वितरण किया गया। इस बावत डा. कलीमुद्दीन अंसारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को 90 व 75 फीसदी अनुदान पर बकरा-बकरी समेत अन्य पशुधन दिया जा रहा है।

जिसमें एसटी एवं सभी वर्ग की विधवा, परित्यक्त महिला व दिव्यांग लाभुकों को 90 फीसदी अनुदान पर बकरा-बकरी का वितरण किया जा रहा है। जबकि एससी वर्ग के लाभुकों को 90 व 75 फीसदी एवं अन्य वर्ग के योग्य लाभुकों को सिर्फ 75 फीसदी अनुदान पर बकरा-बकरी का वितरण किया जा रहा है। योजना के नियमानुसार अपने हिस्से का अंशदान जमा कर चुके पांच लाभुकों के बीच एक-एक यूनिट बकरा-बकरी का वितरण कर दिया जा चुका है। जबकि अन्य चयनित लाभुकों द्वारा उनके हिस्से का अंशदान जमा करते ही पशुधन वितरण कर दिया जाएगा।

# केक ,किताब और खुशियों का संगम तिथि भोजन बना बच्चों के सपनों का उत्सव





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**हिरणपुर( पाकुड़ )** प्रखंड के हाथकाठी स्थित प्राथमिक विद्यालय हाथकाठी हिंदी में इस बार तिथि भोजन सह जन्मोत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि बच्चों के लिए एक यादगार उत्सव बन गया रंग-बिरंगे गुब्बारों, आकर्षक सजावट और उल्लास से भरे माहौल के बीच कक्षा 3,4 और 5 के बच्चों को नए सत्र की पुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि एक ओर बच्चों को शिक्षा का उपहार मिला, तो दूसरी ओर जन्मदिन मना रहे नन्हे विद्यार्थियों के साथ केक काटकर खुशी के पल साझा किए गए। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह साफ झलक रहा था, मानो उनके सपनों को नई उड़ान मिल गई हो। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिलीप टूडू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ट्विंकल चौधरी,

प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी किशन भगत, बीआरपी संजय तथा प्रधानाध्यापक दीपक साहा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और खास बना दिया। अतिथियों ने बच्चों को पुस्तकें प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो भविष्य को संवारती है, और ऐसे आयोजन बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम के दौरान सामूहिक केक कटिंग, तालियों की गूंज और बच्चों की खुशियों ने पूरे विद्यालय परिसर को उत्सव में बदल दिया। अंत में सभी बच्चों के बीच लजीज व्यंजन परोसे गए। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जब शिक्षा और उत्सव एक साथ मिलते हैं, तो बच्चों के जीवन में सीखने का आनंद कई गुना बढ़ जाता है। प्राथमिक विद्यालय हाथकाठी का यह प्रयास अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है।

# पोषण पखवाड़ा सप्ताह का हुआ शुभारम्भ, कुपोषण मुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पाकुड़िया:** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को पोषण पखवाड़ा के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी, प्रमुख कालिदास मरांडी, उपप्रमुख अर्चना देवी और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित पोषण सखी, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। शपथ में बच्चों, महिलाओं और किशोरियों को कुपोषण मुक्त एवं स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपासना मरांडी ने कहा कि 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अवधि में जीवन के पहले 1000 दिनों के महत्व, लाभार्थी मॉड्यूल के प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों में बढ़ते मोटापे की रोकथाम से जुड़ी योजनाओं की जानकारी विभिन्न माध्यमों से आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ बनाने में समुदाय की भागीदारी, खेल आधारित शिक्षा तथा अभिभावकों की सक्रिय भूमिका पर भी जोर दिया और पोषण पखवाड़ा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सेविकाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अतिथियों ने निरीक्षण किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दो लाभुकों की गोद भराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव मैनुद्दीन अंसारी, सुभाषिनी मुर्मू सहित महिला पर्यवेक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं और पोषण सखियां उपस्थित रहीं।

## बढ़ते गर्मी के मद्देनजर स्कूलों के समय सारणी में हुआ परिवर्तन

### झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने किया स्वागत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पाकुड़।** दिनोंदिन गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार व विभागीय सचिव के अनुमोदन से स्कूलों के समय सारणी में बदलाव का आदेश दिया गया है। राज्य सरकार के निदेश के आलोक में उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज द्वारा जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर- सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में वर्ग नर्सरी, केजी से कक्षा-8 की कक्षाएं 21 अप्रैल से सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक एवं वर्ग 09 से वर्ग 12 तक की कक्षाएँ सुबह 07:00 बजे से 12:00 मध्याह्न तक संचालित करने का निदेश दिया गया है। साथ ही सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को शेष समय (प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 1:00 तक) गैर शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। उक्त आदेश का अनुपालन मंगलवार 21 अप्रैल से किया जाना सुनिश्चित किया गया है। झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ज़िला इकाई पाकुड़ ने उक्त आदेश का स्वागत किया है एवं अपने अधीनस्थ सभी निजी विद्यालयों को आदेश का अक्षर सह पालन करने का अनुरोध किया है।

## महागामा थाना गेट पर सघन वाहन जांच अभियान, बिना कागजात वालों में मची अफरा-तफरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**महागामा:** सड़क सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और यातायात नियमों के पालन को लेकर सोमवार को महागामा थाना गेट के सामने सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। पुलिस प्रशासन की अचानक कार्रवाई से वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई। जांच के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतार लग गई।

पुलिस टीम ने थाना गेट के सामने बैरिकेडिंग कर आने-जाने वाले वाहनों को रोककर जांच शुरू की। इस दौरान बाइक सवारों से हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन, बीमा पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र समेत अन्य आवश्यक कागजात की जांच की गई। कई वाहन चालक बिना कागजात के पकड़े गए, जिन्हें चेतावनी दी गई, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट चलने वाले बाइक चालकों को रोककर कड़ी फटकार लगाई गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अधिकतर सड़क हादसे यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होते हैं। ऐसे में लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करना जरूरी है।जांच के दौरान कुछ वाहन चालक रास्ता बदलकर निकलने का प्रयास करते दिखे, जबकि कई लोग दूर से पुलिस जांच देखकर वापस लौट गए। अचानक चली इस कार्रवाई से कुछ समय तक थाना गेट के सामने हलचल का माहौल बना रहा। पुलिस प्रशासन ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने, चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और संदिग्ध वाहनों की पहचान के लिए समय-समय पर वाहन जांच अभियान चलाया जाता है। आने वाले दिनों में भी यह अभियान जारी रहेगा।थाना प्रभारी मनोज पाल ने आम लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखें, हेलमेट का उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई को सड़क सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत सदर अस्पताल में अग्निशमन अभ्यास प्रदर्शन आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**पाकुड़ :** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर अग्निशमन विभाग, पाकुड़ द्वारा सदर अस्पताल सोनाजोड़ी परिसर में जागरूकता एवं सुरक्षा उन्मुख अग्निशमन अभ्यास प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएस डॉ. मनीष कुमार की उपस्थिति रही।

अभ्यास प्रदर्शन के दौरान अग्निशमन कर्मियों द्वारा आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों तथा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के तरीकों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं अन्य कर्मियों को आग बुझाने के विभिन्न उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि सतर्कता, त्वरित सूचना और सही तकनीक के प्रयोग से किसी भी अग्नि दुर्घटना को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपदा के समय त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना तथा आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper

## संक्षिप्त समाचार

### परशुराम जयंती पर भूमि भुजन और मंदिर निर्माण का रखा गया नींव

**चतराः** मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत ग्राम बलिया में ब्राह्मण समाज द्वारा बलिया मोड़ पर परशुराम भगवान के बोर्ड स्थापित कर विधिवत् पूजन अनुष्ठान करते हुए भगवान विष्णु के छठे अवतार अराध्य भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया।साथ हीं ग्राम बलिया में माँ सिंहवाहिनी नव दिनात्मक प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के द्वितीय दिवस में कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारीगण व जिला अध्यक्ष व पदाधिकारीगण को यज्ञ के आयोग मंडली व वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष माननीय अमरेश गणक जी ने यज्ञ आयोजक कमिटी मंडली को धन्यवाद व अभार प्रकट करते हुए माँ सिंहवाहिनी मंदिर में एयर कंडिशन (AC) देने की घोषणा किए।तत्पश्चात माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए पुरे प्रदेश कमिटी के उपस्थिति में यज्ञाचार्य महाराज पंडित अवध किशोर द्विवेदी,वाराणसी से मुलाकात किए व उनका आशीर्वाद व प्रसाद प्राप्त किए। मुख्य रूप से अतिथियों के स्वागत एवं सम्मानित करने में यज्ञ कमिटी अध्यक्ष श्यामसुन्दर पंडा,सचिव रवि कुमार पंडा,कोषाध्यक्ष संतन देव पंडा,उपाध्यक्ष धर्मराज पंडा,उपसचिव दुर्गेश पंडा,सुबोध पंडा,अनिल पंडा,मुखिया प्रतिनिधि शंकर रजक एवं गाँव के वरिष्ठ गणमान्यजन थें, जिन्होंने सभी मुख्य व विशिष्ट अतिथियों माल्यार्पण व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप मे कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक,प्रदेश महामंत्री तुलेश्वर पाण्डेय, प्रदेश संरक्षक दामोदर मिश्र,प्रदेश कोषाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष महादेव पाण्डेय,प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनू पाण्डेय,चतरा जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय,सचिव राजन पाण्डेय,उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय,मुन्नीलाल पाण्डेय,विशेश्वर पाण्डेय,भरत पाण्डेय उपस्थित थें।

### चतरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के नाम पर 5 हजार वसूली का आरोप, परिजनों में आक्रोश

**चतराः** सदर प्रखंड के भोज्या गांव में तालाब में डूबने से मां समेत दो बेटियों की दर्दनाक मौत के बाद सदर अस्पताल की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पोस्टमार्टम कराने के नाम पर उनसे 5 हजार रुपये की मांग की गई. परिजनों के अनुसार, जब तक पैसे नहीं दिए गए तब तक उन्हें अस्पताल परिसर में इधर-उधर टहलाया जाता रहा. आरोप है कि 2500 रुपये ऑनलाइन एक मोबाइल नंबर पर ट्रांसफर करवाया गया और 2500 रुपये नकद देने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई. घटना से नाराज परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर खुलेआम अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए उपायुक्त से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है. इस घटना के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि इससे पहले भी पोस्टमार्टम के नाम पर पैसे लेने के आरोप सामने आ चुके हैं. लोगों को उम्मीद है कि नए उपायुक्त रवि आनंद मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करेंगे।

### भटक कर बच्चा पहुंचा मयूरहंड, ऊर्जा मित्र ने मयूरहंड पुलिस को सौंपा



**मयूरहंडःचतरा** एक बच्चा अपना परिवार, घर व गांव से भटक कर मयूरहंड पहुंच आया है. फिलहाल पुलिस व ग्रामीणों की पहचान से भी बाहर है. इसे मयूरहंड स्थित स्वामी विवेकानंद प्लस टू विद्यालय मोड़ के समीप से रविवार की रात्रि में 10 बजे देखा गया. उसके ऊर्जा मित्र पंकज कुमार पांडेय ने थाना पहुंच थाना प्रभारी आशिष प्रसाद को सौंप दिया गया है. बच्चा अपना पता हजारीबाग पुराना बस स्टैंड बता रहा है. वह अपना नाम दीपक कुमार व पिता मनोज कुमार के साथ दादा का नाम नागेश्वर साव बता रहा है. बच्चा अपने माता-पिता को याद कर रहा है. लेकिन सही पता नहीं बता रहा है. जिसके कारण पहचान होने में परेशानी हो रही है। थाना प्रभारी आशिष प्रसाद ने बताया कि बच्चा के पहचान को लेकर प्रयास किया जा रहा है।

### कार और ट्रैक्टर की टक्कर में दो व्यक्ति घायल



**चतरा।** इटखोरी कार और ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर इटखोरी,हजारीबाग रोड स्थित गुप्ता मैरेज हॉल के सामने आज अहले सुबह एक कार और ट्रैक्टर में जबरदस्त टक्कर हो गई।दोनों ही वाहन मयूरहंड प्रखंड के है, ट्रैक्टर सो की पंचायत और कार मयूरहंड प्रखंड का है। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों में घायल व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी में इलाज किया जा रहा है। सभी की स्थिति खतरे से बाहर है।

### तीन धर्मों के समागम मां भद्रकाली मंदिर के तोरण द्वार निर्माण कार्य प्रारंभ



**चतरा ।** इटखोरी झारखंड की प्रमुख तीर्थस्थली और सनातन,बौद्ध तथा जैन तीनों धर्मों की संगमस्थली भद्रकाली मंदिर में पर्यटन को बढ़ावा देने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो आकर्षक तोरणद्वार बनाए जा रहे हैं। इसमें से एक हजारीबाग जिले के इटखोरी मोड और दूसरा चौपारण चतरा मोड के पास निर्माण किया जाना है।दोनों तोरणद्वारों की कुल लागत 21.27 लाख है। इन तोरण द्वारों का निर्माण एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोल परियोजना के द्वारा सीएस आर मद से करवाया जाना है। इटखोरी मोड पर तोरणद्वार निमार्ण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।इन तोरणद्वारों के बन जाने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में सहूलियत होगी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने इस परियोजना के लिए पहल की थी,वहीं मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य रत्नेश्वर शर्मा और सुरेंद्र सिंह ने इसे साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सांसद की पहल रंग लाई चतरा रेलवे टिकट काउंटर रहेगा पूर्ववत संचालित



चतरा जिला मुख्यालय स्थित रेलवे टिकट काउंटर के बंद होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया। मामले की जानकारी मिलते ही चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित रेल प्रबंधन को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया और काउंटर को चालू रखने की मांग की। सांसद की पहल के बाद रेल विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि रेलवे टिकट काउंटर पहले की तरह नियमित रूप से संचालित होता रहेगा। विभाग के इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि टिकट काउंटर बंद हो जाता, तो यात्रियों को टिकट लेने के लिए दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ता। इससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त बर्बादी होती। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों के लिए यह स्थिति काफी परेशानी भरी हो सकती थी। रेल विभाग के इस फैसले के बाद आमजन में संतोष का माहौल है और लोगों ने सांसद के त्वरित हस्तक्षेप की सराहना की है।

# अक्षय तृतीया पर बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसाइटी की सेवा कई स्थानों पर हजारों लोगों को वितरित किया ग्लूकोज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**♦ देवघर से जमुई तक चला सेवा अभियान, श्रद्धालुओं व राहगीरों को गर्मी से राहत**







**देवघरः-** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विभिन्न स्थानों पर व्यापक सेवा अभियान चलाते हुए हजारों लोगों के बीच ग्लूकोज एवं पेय पदार्थों का वितरण किया गया। इस दौरान डाबर कंपनी द्वारा संस्था को प्रदत्त ग्लूकोज का उपयोग कर श्रद्धालुओं एवं आमजनों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई गई। शहर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर परिसर में पंडा-पुरोहितों के बीच संस्था के सचिव डॉ. मनोज कौशिक द्वारा आधा-आधा किलो के ग्लूकोज पैकेट वितरित किए गए। वहीं देवघर जिले के देवीपुर प्रखंड अंतर्गत जीतजोड़री पंचायत के पीपरबदिया गांव में शिव-पार्वती मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं के बीच रियल जूस एवं ग्लूकोज का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम चार दिनों तक चलने वाला है। इसी क्रम में बिहार के जमुई जिले के सोनो प्रखंड अंतर्गत चरकापत्थर थाना के समीप एसएसबी टीम द्वारा कैंप लगाकर राहगीरों को ग्लूकोज पिलाया गया। साथ ही टहकार गांव में आयोजित यज्ञ में शामिल श्रद्धालुओं को भी एसएसबी टीम द्वारा पेय पदार्थ उपलब्ध कराया गया। संस्था के केंद्रीय सचिव डॉ. मनोज कौशिक स्वयं पिपरबदिया पहुंचकर अपनी टीम के साथ सेवा कार्य में जुटे रहे। इस दौरान मचनाटिला विद्यालय के शिक्षक संदीप कुमार, जीतजोड़री पंचायत के मुखिया सुभाष यादव के मार्गदर्शन में संस्था की टीम से सोनाली, सुमित्रा एवं राजकुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. कौशिक ने प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्य करती रहेगी।

## न्याय सत्याग्रह के 9वें दिन भी युवाओं का जोश बरकरार, आज सांसद सुखदेव भगत होंगे शामिल




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**लोहरदगाः** जिला युवा कांग्रेस के तत्वावधान में केंद्र सरकार के खिलाफ जारी न्याय सत्याग्रह सोमवार को अपने नौवें दिन में प्रवेश कर गया। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बावजूद कार्यकर्ता अपने संकल्प पर अडिग दिखे। लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोहम्मद दानिश अली की अध्यक्षता में आयोजित इस धरने में कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक विवादित समझौता वापस नहीं लिया जाता, आंदोलन थमेगा नहीं। कार्यक्रम में जिला प्रभारी शिल्पी कुमारी वर्मा और जिला अध्यक्ष सुखेर भगत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सुखेर भगत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह लड़ाई सिर्फ एक समझौते के खिलाफ नहीं, बल्कि आम जनता के हक और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। वहीं, प्रदेश प्रतिनिधि निसार अहमद ने युवाओं के जज्बे की सराहना करते हुए इसे जनआंदोलन करार दिया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, संदीप गुप्ता, संतोष महतो और प्रकाश उराँव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे। सत्याग्रह को एनएसयूआई का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है, जिसमें महासचिव शैलेश कुमार और उपाध्यक्ष रोशन कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सत्याग्रह के 10वें दिन आज, यानी मंगलवार को समाहरणालय मैदान में एक विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में माननीय लोकसभा सांसद सुखदेव भगत मुख्य रूप से शामिल होंगे। युवा कांग्रेस ने सभी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस हक की लड़ाई को मजबूती प्रदान करें।

# श्री श्री शिव रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण संपन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**चतरा ।** लावालौंग प्रखंड के कोलकोले पंचायत अंतर्गत ग्राम भुसार में श्रद्धा, आस्था और भक्ति के वातावरण के बीच आगामी 01 जून 2026 से 07 जून 2026 तक आयोजित होने वाले श्री श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। महायज्ञ के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार, 19 अप्रैल 2026 को यज्ञ स्थल पर विधि-विधान के साथ भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण का पावन कार्य पूज्य मोनी बाबा अवधेश जी महाराज के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। यज्ञ के मुख्य पुजारी उमेश प्रसाद गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी विद्या देवी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर यज्ञ कार्य का विधिवत शुभारंभ कराया। पूजा के दौरान भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जयघोष करते हुए क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और मंगल की कामना की। कार्यक्रम में ग्राम भुसार सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। इस अवसर पर खीरू प्रजापति, जगदीश सिंह, दिलीप प्रजापति, फुलू प्रजापति, महेश ठाकुर, सूचित ठाकुर, अवधेश शाह, मदन सिंह, गौतम कुमार, टुनी साव, संजय साव, रेखा देवी, मनीषा देवी, ममता देवी, मन्नू प्रजापति, संतोष साहू सहित कई गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे और आयोजन की सफलता के लिए सहयोग का भरोसा दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत कोलकोले के मुखिया राजेश कुमार साव भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री श्री रुद्र महायज्ञ जैसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का कार्य करते हैं तथा क्षेत्र में शांति और सद्भाव का वातावरण बनाते हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस महायज्ञ को सफल बनाएं और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें।यज्ञ आयोजन समिति ने बताया कि 01 जून से 07 जून 2026 तक चलने वाले इस महायज्ञ में प्रतिदिन पूजा-अर्चना, हवन, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की जाएगी। समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे इस दिव्य अनुष्ठान में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें और समाज में शांति, समृद्धि तथा सद्भावना के संदेश को आगे बढ़ाएं।

कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने "हर हर महादेव" के जयघोष के साथ महायज्ञ की सफलता की कामना की।

## मिशन बंगालः पुजाली में कांग्रेस पर्यवेक्षक अरशद अयूब का सघन दौरा, हाजी मजेबुर रहमान के लिए मांगा जनादेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**लोहरदगाः** पश्चिम बंगाल के रण में बज बज विधानसभा सीट पर जीत का परचम लहराने के लिए कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के पर्यवेक्षक मोहम्मद अरशद अयूब ने सोमवार को पुजाली नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में धुआंधार जनसंपर्क कर सियासी तापमान बढ़ा दिया। रविवार की सक्रियता को निरंतरता देते हुए अरशद अयूब ने आज वार्ड संख्या 2, 3, 8, 9, 10, 11 और 12 में पदयात्रा की और मतदाताओं की नब्ज टटोली। लोहरदगा से पहुंचे कांग्रेस नेता अरशद अयूब ने जनता के बीच पार्टी के मुख्य घोषणापत्र न्याय पत्र का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने ग्रामीणों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र वर्तमान समय की चुनौतियों, जैसे बेलगाम महंगाई और बेरोजगारी का सटीक समाधान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाजी मजेबुर रहमान की जीत केवल एक उम्मीदवार की जीत नहीं, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक समरसता और विकास के नए युग की शुरुआत होगी। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों को बताया कि कांग्रेस की नीतियां अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए उन्होंने अपील की कि वे क्षेत्र की उन्नति और सांप्रदायिक सौहार्द को सुरक्षित रखने के लिए अपना बहुमूल्य मत हाथ के निशान पर दें। सोमवार को इस अभियान के दौरान गलियों में कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यकर्ताओं के जोश और जनता के सकारात्मक रुख ने यह संकेत दिया कि पुजाली नगरपालिका क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति काफी मजबूत हो रही है। स्थानीय नेताओं ने इस जनसंपर्क को ऐतिहासिक बताते हुए हाजी मजेबुर रहमान की बड़े अंतर से जीत का दावा किया है। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से कुड़ू प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष तलहा अंसारी, एजाजुल हक मौलिक, पुजाली नगर अध्यक्ष एसके शमशुल जमान और नसीम हुसैन सहित भारी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नये समाहरणालय भवन का उपायुक्त और एसपी ने किया निरीक्षण, एक सप्ताह के भीतर शिफ्टिंग के निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**लोहरदगाः** जिला प्रशासन अब जल्द ही अपने नए आधुनिक परिसर से कार्य करना शुरू कर देगा। सोमवार को उपायुक्त संदीप कुमार मीना और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने नवनिर्मित समाहरणालय भवन का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न तलों पर आवंटित कार्यालयों का बारीकी से अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एनआईसी, निर्वाचन, आपूर्ति, परिवहन और कोषागार जैसे महत्वपूर्ण कार्यालयों की स्थिति देखी। इसके पश्चात प्रथम तल पर स्थित उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सम्मेलन कक्ष, द्वितीय तल पर विकास व शिक्षा विभाग के कार्यालयों तथा तृतीय तल पर उद्योग, वाणिज्य कर और जिला योजना जैसे विभागों के कक्षों का भ्रमण किया। भवन की सुंदरता और पर्यावरण पर जोर देते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को परिसर में सघन वृक्षारोपण कराने और ग्राउंड फ्लोर को आकर्षक गमलों से सजाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन कार्यालयों में इंटीरियर डेकोरेशन का काम अधूरा है, उसे तत्काल पूर्ण करें। साथ ही, उन्होंने सभी विभागों को एक सप्ताह के भीतर नए भवन में शिफ्ट होने का कड़ा आदेश दिया और निर्देश दिया कि शिफ्टिंग से पूर्व पूरे भवन की गहन साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर आईटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, एसडीओ अमित कुमार, डीएसपी समीर तिर्की, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास सहित कई विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। नये भवन में सभी कार्यालयों के स्थानांतरित होने से आम जनता को एक ही छत के नीचे प्रशासनिक सुविधाएं प्राप्त करने में आसानी होगी।

# एंजेल पब्लिक स्कूल किस्को के होनहार विद्यार्थियों ने लहराया परचम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**8वीं और 9वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत हुए सफल, विद्यालय परिवार में हर्ष**




**किस्को/लोहरदगाः** झारखंड अधिविद् परिषद द्वारा विगत दिनों 8वीं और 9वीं बोर्ड परीक्षा आयोजित कराया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में राज्य भर के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले होनहार छात्र छात्राओं ने भाग लिया था और शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने शिष्यों के मार्गदर्शन का लोहा मनवाया था। इधर लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत एंजेल पब्लिक स्कूल किस्को के डायरेक्टर शाहजहां अंसारी और प्रिंसिपल तरन्नुम जहां समेत विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की मेहनत और लगन का नतीजा है कि एंजेल पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले होनहार विद्यार्थियों ने अपने शिष्यों के मार्गदर्शन और लगन के बदौलत 8वीं और 9वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर दिखाया है। इससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल बना हुआ है। इधर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के सफलता पर डायरेक्टर शाहजहां अंसारी और प्रिंसिपल तरन्नुम जहां समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सफल हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निःसंकोच हमारे बच्चे विद्यालय का नाम रोशन कर दिखाया है जो गौरव की बात है। डायरेक्टर शाहजहां अंसारी और प्रिंसिपल तरन्नुम जहां ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हमारे विद्यालय के बच्चों को सौ फीसदी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें ताकि भविष्य में हमारे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को बड़े शहरों और महानगरों में स्थित कॉलेजों में शिक्षा ग्रहण करने में मदद मिल सके। डायरेक्टर शाहजहां अंसारी और प्रिंसिपल तरन्नुम जहां ने बताया कि विद्यालय के हमारा प्रयास है कि लोहरदगा जिला के तमाम विद्यालयों से हमारे विद्यालय के बच्चे वार्षिक परीक्षा हो या फिर अन्य विविध कार्यक्रम में हमेशा टॉप करें। कहा कि हमारे विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं काफी मेहनती हैं यही वजह है कि हमारे विद्यालय के बच्चों ने शत-प्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त कर विद्यालय का एवं विद्यालय परिवार वालों का नाम रोशन कर दिखाया है जो काफी सराहनीय एवं हर्ष का विषय है। इधर विद्यार्थियों की सफलता पर डायरेक्टर शाहजहां अंसारी और प्रिंसिपल तरन्नुम जहां की अगुवाई में सफल हुए विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि एंजेल पब्लिक स्कूल किस्को में बच्चों को महीने भर पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ क्विज़, खेल, विज्ञान प्रदर्शनी, व्यायाम समेत अन्य गतिविधियां कराई जाती रहती है जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति जिज्ञासा और भी मजबूती के साथ बनी रहती है। बता दें कि 8वीं और 9वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए एंजेल पब्लिक स्कूल किस्को के सभी विद्यार्थियों का परीक्षाफल ग्रेड ए प्लस रहा, इससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि स्कूल के डायरेक्टर शाहजहां अंसारी और प्रिंसिपल तरन्नुम जहां की अगुवाई में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत के बदौलत विद्यार्थियों में पढ़ाई-लिखाई के प्रति काफी रूचि है। मौके पर शिक्षक अमित कुमार शाहदेव, अफरोज अंसारी, एजाज अंसारी शिक्षिका सुजाता लकड़ा, संतोषी कुमारी, आश्मा खातुन, रीचा कुमारी, रूनम कुमारी, रेशमा प्रवीण, रिया प्रवीण, अमीषा कुजूर, अनीता उरांव, सरिता कुमारी, सपना कुमारी, ममता कुमारी, प्रतीमा कुमारी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।



# जब एसी और कूलर नहीं थे तब इन तरीकों से लोग करते थे अपने घर को ठंडा?

**ईट-सीमेंट के बने घरों में कूलर-एसी के बिना बैठना मुश्किल हो जाता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि पहले जब ये चीजें नहीं, तो लोग अपने घर को कैसे ठंडा रखते हैं। यहां आज हम आपको उन्हीं घरेलू तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं।**

गर्मी का मौसम में  कूलर और एसी के बिना घर में सोना तो दूर बैठना और लेटना मुश्किल हो जाता है। लेकिन क्या आपके दिमाग में कभी यह प्रश्न आया कि जब मार्केट में ये चीजें दूर-दूर तक नहीं थी। उस दौरान हमारे पूर्वज अपने घरों को कैसे ठंडा रखते थे। यकीनन यह प्रश्न हमें यह सोचने पर मजबूर कर सकता है आखिर ऐसा कैसे। केवल हाथ वाले पंखे के सहारे वह पूरी गर्मी बिता देते हैं। लेकिन अब तक एक मिनट के लिए अगर लाइट कट जाए, तो कमरे में रहना मुश्किल हो जाता है। बता दें कि बिना एसी और कूलर के भी आप घर को ठंडा रखना कोई बड़ी बात नहीं है। इसके लिए बस आपको कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। सदियों पहले ऐसे कई देसी नुस्खे अपनाएं जाते हैं, जिसकी मदद से घरों को ठंडा रखा जाता था। ये हैक्स न केवल उस दौर में बल्कि आज के समय में भी कारगर साबित हो सकते हैं। साथ ही आप इन तरीकों से अपने घर का बिजली का बिल भी बचा सकती हैं।

### मिट्टी और चूने से बने घर

घर बनवाते समय लोग आने वाले समय को देखते हुए बदलाव या डिजाइन करवाते हैं। पहले के समय लोग अपने घरों को बनाते समय मिट्टी, पत्थर और चूना का इस्तेमाल करते थे। मिट्टी से बनी मोटी दीवारें सूरज की सीधी किरणों को घर के अंदर से रोकने का काम करती है। साथ ही चूना नेचुरल कूलिंग एजेंट का काम करता है। ये दोनों चीजें दिन में गर्मी को अंदर आने से रोकती थी। रात में अंदर की ठंडक को बाहर नहीं निकलने देती थीं, जिससे घर ठंडा रहता था। अगर आप नया घर बनवा रहे हैं, तो दीवारों की मोटाई पर खास ध्यान रखें। वर्तमान में लोग मिट्टी के बजाय ईंटों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप दीवारों को इंसुलेट करवा सकते हैं।

### घर की छतों को रखें ऊंचा और मोटा

पुराने घरों में छतें बहुत ऊंची बनाई जाती थीं। गर्म हवा हमेशा ऊपर की ओर उठती है, इसलिए ऊंची छतें गर्म हवा को ऊपर जमा होने देती थीं, जिससे नीचे रहने वाले लोगों को ठंडक महसूस होती थी। अगर संभव हो तो अपने घर की छतों को ऊंचा बनवाएं। साथ ही वेंटिलेशन के लिए छत के करीब खिड़कियां बनवाएं, जिससे गर्म हवा बाहर निकल सके।

### खस और घास के पर्दे या चटाई


पहले के लोग खिड़कियों और दरवाजों पर खस की चटाई या परदे लगाते थे। इन पर समय-समय पर पानी छिड़का जाता था। जब गर्म हवा इन नम खस परदों से होकर गुजरती थी तो पानी के वाष्पीकरण से हवा ठंडी हो जाती थी। आप अपनी बालकनी या खिड़कियों में बांस के पर्दे या खस की चटाई लगने के साथ पानी का छिड़काव करें।

### सफेद रंग से करें पुताई

पहले के समय लोग रंग-बिरंगे कलर की जगह घरों की बाहरी दीवारों को सफेद रंग से रंगा जाता था। सफेद रंग सूर्य की किरणों को रिफ्लेक्ट करता है, जो दीवार को गर्म होने से रोकती है। साथ ही घर के अंदर का तापमान कम रहता है। ऐसे में आप अपनी छत और बाहरी दीवारों पर हल्के रंग की पुताई करके घर को ठंडा रख सकती हैं।

### पेड़-पौधे और बेलें

पहले समय लोग अपने घर के आस-पास पेड़-पौधे लगा कर रखते थे। ऐसे में पेड़ सीधे धूप को घर पर पड़ने से रोकते थे। साथ बेल वाले प्लांट दीवारों पर छांव का काम करती थीं, जिससे दीवारें गर्म नहीं होती थीं। अब ऐसे में आप अपने घर के आस-पास पेड़-पौधे लगा सकते हैं।





# फ्यूचर को सिक्योर करना चाहती हैं तो अपनाएं ये स्मार्ट फाइनेंशियल हैबिट्स

**आज के समय में पति-पत्नी दोनों मिलकर पैसा कमा रहे हैं। पत्नियां अब घर संभालने के साथ-साथ बड़े फाइनेंशियल फैसले भी ले रही हैं। वहीं, अगर आप अपने फ्यूचर को सेफ एंड सिक्योर करना चाहती हैं, तो आपको अपने पति के साथ मिलकर आज से ही ये 6 स्मार्ट फाइनेंशियल हैबिट्स को अपनाना चाहिए।**

पहले जमाने में भारतीय घरों में वित्त से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों का बोझ पतियों पर डाल दिया जाता था। लेकिन, बदलते समय के साथ अब पत्नियां भी कमाने लगी हैं और घर चलाने से लेकर सभी बड़े फैसले भी लेने लगी हैं। ऐसे में फाइनेंशियल प्लानिंग भी दोनों को साथ मिलकर करना बहुत जरूरी है। स्न्द्बस्न्द्यद्बह्ल4 की 2022 रिपोर्ट के अनुसार, जो कपल्स हर महीने पैसों पर बात करते हैं, उनका रिश्ता और समझदारी दोनों बेहतर होती है। जब आप पति के साथ मिलकर फाइनेंशियल प्लानिंग करती हैं, तो यह आपका बैंक बैलेंस ही नहीं, बल्कि भरोसा भी बढ़ता है। आज हम आपको 6 स्मार्ट वित्तीय आदतें बताने वाले हैं, जिनको अपने पति के साथ मिलकर अपनाने से आपका फ्यूचर सेफ एंड सिक्योर हो सकता है।

### पैसों को लेकर बात करें

भारत में अक्सर पति-पत्नी भी आपस में पैसों को लेकर खुलकर बात करने से परहेज करते हैं। लेकिन, जब दो लोग साथ में जिंदगी बिता रहे होते हैं, तो उनका पैसों को लेकर चुप रहना नहीं है। आप अपने पति के साथ बैठकर पैसों से जुड़ी बातें खुलकर कर सकती हैं। जैसे- आप कितना कमाते हैं, कहां खर्च होता है, कोई लोन या EMI तो नहीं, क्या आप सेविंग्स करते हैं? इन सवालों के जवाब पार्टनर की तरफ से जानना जरूरी होता है।

### सपने अकेले नहीं, मिलकर पूरे करें

अगर आपका सपना है कि आप खुद का घर या गाड़ी खरीदना चाहती हैं, छोटा बिजनेस शुरू करना चाहती हैं या इंटरनेशनल वेकेशन पर जाना चाहती हैं, तो अपने पति के साथ मिलकर सपना देखें और उसे मिलकर ही पूरा भी करें। जब पति-पत्नी मिलकर कोई गोल सेट करते हैं, तो एक टीम की तरह काम करते हैं। आप अपने गोल्स को तीन हिस्सों में बांट सकते हैं, ताकि आपको अचीव करने में आसानी हो जाए।

### साथ में बनाएं इमरजेंसी फंड

जिंदगी में कभी भी कुछ भी हो सकता है। इसकी तैयार पहले से करनी जरूरी है और आपको इसके लिए इमरजेंसी फंड तैयार करना चाहिए। आप पति के साथ मिलकर हर महीने कुछ पैसा अलग रख सकती हैं ताकि जरूरत पड़ने पर 3 से 6 महीने आराम से कट जाएं। इस फंड को ऐसे अकाउंट में रखना चाहिए, जहां ब्याज ज्यादा मिलता हो।

### समझदारी और मिलजुलकर करें इन्वेस्ट

आज के समय में लोग SIP, FD (फिक्स्ड डिपॉजिट) और LIC पॉलिसी जैसी चीजों पर इन्वेस्ट करना पसंद करते हैं। ऐसे में आप अपने पति के साथ मिलकर शुरुआत में छोटा-सा निवेश शुरू कर सकती हैं और इन्वेस्टमेंट के स्मार्ट ऑप्शन्स चुन सकती हैं।

SIP – हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा म्यूचुअल फंड में लगाएं
PPF – टैक्स बचत और रिटायरमेंट की तैयारी
NPS - रिटायरमेंट के बाद पेंशन फंड
Health Insurance और Term Insurance - इमरजेंसी के समय काम आने वाला फंड

### दोनों के नाम पर बीमा करवाएं

आमतौर पर वर्किंग पर्सन अपने नाम पर बीमा करवा लेते हैं, लेकिन घर संभालने और चलाने वाले की भी भूमिका अहम होती है। इसलिए, पति-पत्नी दोनों के नाम बीमा होना चाहिए, ताकि इमरजेंसी में फैमिली को वित्तीय बोझ न उठाना पड़े। आप चाहें तो फैमिली फ्लोटर हेल्थ इंश्योरेंस करवा सकती हैं। अपनी फैमिली के लिए क्रिटिकल इलनेस कवर ले सकती हैं और दोनों के नाम पर टर्म इंश्योरेंस करवा सकती हैं।

### रिटायरमेंट की प्लानिंग

कई बार लोग नौकरी करते रहते हैं, लेकिन रिटायरमेंट की प्लानिंग नहीं करते हैं। सच्चाई यह है कि नौकरी शुरू करने के साथ ही हमें रिटायरमेंट प्लानिंग शुरू कर देनी चाहिए। शादी के बाद आपको अपने पति के साथ मिलकर रिटायरमेंट प्लानिंग करनी चाहिए। आप दोनों के नाम Public Provident Fund या National Pension Scheme अकाउंट खोल सकती हैं। उसके लिए आपको पहले तय करना होगा कि रिटायरमेंट के समय आपको कितना पैसा चाहिए होगा।





# बिना चलाए भी फट सकता है बाथरूम में लगा गीजर, खतरे से बचने के लिए इन बातों का रखें ध्यान

**ठंडी में गर्म पानी की सुविधा के अमूमन लोग अपने बाथरूम में गीजर लगाते हैं। वहीं गर्मी का सीजन आते ही लोग इसका इस्तेमाल करना बंद कर देते हैं। अगर आपके यहां भी गीजर लगा है, तो कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है। अन्यथा आपका बाथरुम कभी-भी आग का गोला बन सकता है।**

ठंड में बार-बार पानी गर्म करने वाली दिक्कत से बचने के लिए गीजर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन गर्मी में इसकी जरूरत कम हो जाती है। अब ऐसे में लोग इसे बंद कर देते हैं। अमूमन लोगों तो लगता है कि इसे सुरक्षित रखने का इससे अच्छा तरीका कोई नहीं है। लेकिन क्या आप जानती हैं, कि गीजर बंद करते समय अगर आप जरूरी बातों का ध्यान नहीं रखती हैं, तो इसे आग का गोला बनने में वक्त नहीं लगेगा। हो सकता है, कि आपको मेरी बात मजाक या अजीब लग रही हो। बहुत से लोग सोचते हैं कि गीजर तभी खतरनाक हो सकता है, जब वह ऑन मोड पर रहे। लेकिन आपको बता दें कि यह बहुत बड़ी गलतफहमी है। अगर आपने अपने घर में गीजर लगा रखा है तो इससे होने वाले खतरे से बचना चाहती हैं, तो इस लेख में आज हम आपको कुछ ऐसे सावधानी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे फॉलो आप खुद और परिवार को सुरक्षित रख सकती हैं।

### गीजर क्यों होता है ब्लास्ट?

आमतौर पर गीजर ब्लास्ट होने वाली समस्या पानी के तापमान के बढ़ने और दबाव बढ़ जाता है। वहीं गर्मी में इसके ब्लास्ट होने के पीछे का मुख्य कारण गीजर में थर्मोस्टेट का खराब होना है। गीजर को सेफ रखने के लिए थर्मोस्टेट को 50-60 डिग्री के बीच सेट करें। साथ ही पानी हीट होने के बाद गीजर को बंद कर दें।

### स्विच की जगह एमसीबी का करें इस्तेमाल

अगर आपने गीजर को ऑन-ऑफ करने के लिए स्विच को लगा रखा है, तो उसे बदलकर एमसीबी लगवाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि स्विच बोर्ड ज्यादा पावर को कंट्रोल नहीं कर पाता है और ब्लास्ट या शॉर्ट सर्किट हो जाता है। वहीं एमसीबी बिजली के ओवरलोड या शॉर्ट सर्किट होने पर अपने आप बंद कर देता है। जब कभी-भी अचानक से बिजली का लोड बढ़ जाता है, तो एमसीबी तुरंत ट्रिप होकर बिजली की सप्लाई रोक देती है, जिससे आपके उपकरण और वायरिंग सुरक्षित रहते हैं।

### गीजर के मेन कनेक्शन को करें डिस्कनेक्ट

अमूमन लोग गीजर को बंद करने के लिए स्विच बंद कर देते हैं। लेकिन आपको बता दें यह काफी नहीं है। अगर आप लंबे समय के लिए इस्तेमाल करना बंद कर रहे हैं, तो स्विच बोर्ड के साथ-साथ इसका मेन कनेक्शन भी डिस्कनेक्ट करें ताकि किसी भी प्रकार का गीजर में करंट पास न हो।

### सर्विस पर दें ध्यान

अगर बाथरूम में लगा गीजर ज्यादा पुराना हैं, तो उसकी खास सर्विसिंग की जरूरत होती है। अब ऐसे में कोशिश करें 4-5 महीने के बीच इसकी सर्विस करवाएं। इसके अलावा अगर इसमें करंट या किसी अन्य प्रकार की दिक्कत होती है, तो उसे बीच-बीच में जरूर चेक करें। ऐसा करने से आप असमय होने वाले खतरे से बचा सकती हैं।

# गर्मी में ऑफिस-कॉलेज के लिए चुनें ये 4 कैजुअल वियर

गर्मी का मौसम में अधिकतर लड़कियां ढीले ढाले और आरामदायक आउटफिट पहनना पसंद करती है। गर्मी में कैजुअल वियर देख रही है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट कैजुअल वियर आउटफिट बताएंगे, जिन्हें आप अपने ऑफिस या कॉलेज में पहनकर जा सकती है।

### ब्लू लूस फिट जीन्स एंड स्क्वायर नेक टॉप

अगर आप गर्मी की तेज चिलचिलाती धूप में रोजाना ऑफिस जाती है, तो अब आप इस तरह के ब्लू लूस फिट जीन्स एंड स्क्वायर नेक टॉपको पहनकर जा सकती है। यह आपको न सिर्फ स्टाइलिश लुक देगा, बल्कि इसे पहनकर आप बेहद आरामदायक महसूस करेंगी। इस तरह के कैजुअल वियर को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### नीली स्ट्रेट फिट जींस एंड टी शर्ट

अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए और गर्मी के मौसम में कंफर्टेबल लुक क्रिएट करने के लिए आप इस तरह के कैजुअल वियर को भी ट्राई कर सकती है।नीली स्ट्रेट फिट जींस एंड टी शर्ट को पहनकर आप अपने कॉलेज जा सकती हैं और अपनी खूबसूरती से सभी दोस्तों को खुश कर सकती हैं। आप इस तरह के कैजुअल वियर के साथ शूज या स्नीकर्स भी शामिल कर सकती हैं।

### लूस फिट ब्लू जीन्स एंड स्लीवलेस क्रॉप टॉप

गर्मी के मौसम में अगर आप ढीले ढाले कपड़े पहनना चाहती हैं, तो आपके लिए यह कैजुअल वियर बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। लूस फिट ब्लू जीन्स एंड स्लीवलेस क्रॉप टॉप को पहनकर आप अपने ऑफिस या कॉलेज जा सकती हैं। यही नहीं आप अगर फैमिली के साथ कहीं घूमने जा रही है, तो भी आप इस तरह के कैजुअल वियर ट्राई कर सकती है। यह आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगे।

### स्ट्रेट फिट जींस एंड टी शर्ट

गर्मी के मौसम में अगर आप अपने दोस्तों के साथ किसी ट्रिप पर जाने वाली है, तो जाने से पहले आप अपने सूटकेस में इस तरह के कैजुअल वियर रख सकती है। स्ट्रेट फिट जींस एंड टी शर्ट पहनकर आप स्टाइलिश और मॉडर्न लुक क्रिएट कर सकती है साथ ही आरामदायक भी महसूस कर सकती हैं। आप इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड से बिहार आ रही 500 ग्राम स्मैक जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार

**कटिहार, एजेंसी।** बिहार के कटिहार में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिले की मनिहारी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 500 ग्राम स्मैक बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई : मिली जानकारी के अनुसार, मनिहारी बस स्टैंड के पास गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और बस स्टैंड क्षेत्र में घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान मनिहारी बस स्टैंड स्थित आंबेडकर चौक के पास एक संदिग्ध होंडा अमेज कार को रोककर तलाशी ली गई। 500 ग्राम स्मैक बरामद : बताया जा रहा है कि दंडाधिकारी सह राजस्व पदाधिकारी रामसागर पासवान की मौजूदगी में जब कार की सघन तलाशी ली गई तो उससे करीब 500 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। साथ ही कार सवार दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान रौतारा थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद फरियाद व सिमरिया कोढ़ा थाना क्षेत्र निवासी मुर्तजा अली के रूप में हुई। दोनों को हिरासत में लेकर मनिहारी थाना लाया गया।

### बिहार में एक साथ एक जिले के 128 राजस्व कर्मचारियों को किया गया निलंबित

**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार में सरकार से लेकर प्रशासन तक एक्शन मोड में है। प्रदेश में पहले 41 सीओ को निलंबित किया गया। इसके बाद जिलों में कर्मचारियों पर भी गाज गिर रही है। शुक्रवार को दरभंगा डीएम की कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। दरअसल, जिला पदाधिकारी कौशल कुमार ने पिछले कुछ दिनों से हड़ताल एवं सामूहिक अवकाश पर रहने वाले दरभंगा के 128 राजस्व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करने के कारण इन सभी कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। आगे आपको बताते हैं कहां कितने कर्मचारी निलंबित हुए हैं।सचिव के पत्र के बाद एक्शन : जानकारी के अनुसार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार के सचिव ने जो पत्र जारी किया था। उसके बाद यह एक्शन लिया गया है। आदेश में कहा गया है कि राजस्व कर्मचारी बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट)/बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ/बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ, संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा 11।02।2026 से हड़ताल/सामूहिक अवकाश पर जाने के कारण विभागीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न किया गया है। जिनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई (विभागीय कार्यवाही) अपेक्षित है।

### अनंत सिंह, बिजेंद्र यादव, विजय चौधरी समेत ये नेता पहुंचे 1 अणे मार्ग

**पटना, एजेंसी।** जेडीयू विधायक दल का नेता चुना जाना है, इसे लेकर आज बैठक बुलाई गई है। ऐसे में 1 अणे मार्ग में जेडीयू के विधायकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। बिहार के दोनों नए उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव, विधायक अनंत सिंह, महेश्वर हजारी समेत अन्य नेता पहुंच गए हैं। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद जेडीयू का चेहरा कौन होगा, इस पर सस्पेंस बरकरार है। विधायक दल की बैठक में पहुंचे पूर्व मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा, जेडीयू विधायक दल की बैठक नहीं हुई थी, इसलिए सभी विधायकों को बुलाया गया है। जो दल के हित में है, दल किस तरह से मजबूत हो इसलिए बैठक बुलाई गई है। इसके साथ ही पूर्व मंत्री मदन सहनी ने कहा, बैठक में तय होगा कि विधायक दल का नेता कौन बनेंगे। यह हमारे नेता नीतीश कुमार तय करेंगे। निशांत कुमार को लेकर कहा, वह पहले से ही नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।साथ ही बैठक के लिए पहुंचे जेडीयू विधायक राम सेवक सिंह ने कहा, सर्वसम्मति से जो होगा वही विधायक दल के नेता बनेंगे। सबकुछ साहब पर निर्भर है। जेडीयू विधायक चेतन आनंद ने कहा, निशांत जी काफी एक्टिव हैं और उन्हें रहना भी चाहिए। हमलोग जितने भी यूथ हैं उनसे प्रेरणा लेते हैं कि पार्टी को कैसे आगे बढ़ाना चाहिए। इस तरह से जेडीयू के विधायक दल की बैठक में नेता किसे चुना जाता है, यह देखने वाली बात होगी।

### पटना में जन आक्रोश महिला सम्मेलन, श्रेयसी सिंह का आरोप-विपक्ष महिलाओं की आवाज दबा रहा

**पटना, एजेंसी।** पटना का ऐतिहासिक गांधी मैदान आज चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच एक अलग ही दृश्य का गवाह बना। हजारों महिलाओं के कंठ से एक ही स्वर गूंजता रहा– 'अपना हक लेकर रहेंगे।' मौका था बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा आयोजित 'जन आक्रोश महिला सम्मेलन' का, जिसने बिहार की सियासत को नई ऊर्जा दे दी। भीषण गर्मी के बावजूद बिहार के कोने–कोने से महिलाएं पटना पहुंचीं और अपने अधिकारों की मांग को लेकर मजबूती से आवाज उठाई। आयोजन स्थल पर कारपेट बिछाकर बैठने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन गर्मी बढ़ने के कारण महिलाएं खुले मैदान में पेड़ों की छांव में चली गई। लेकिन हौसला कम नहीं हुआ।सम्मेलन के मंच पर मंत्री श्रेयसी सिंह और लेसी सिंह की मौजूदगी ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा।

### नीतीश कुमार ही तय करेंगे जदयू विधानमंडल दल का नेता

# पार्टी ने सर्वसम्मति से किया अधिकृत

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने के बाद नीतीश कुमार ने जनता दल यूनाइटेड की पहली बड़ी बैठक बुलाई थी, जिसमें विधान मंडल दल का नेता चुनना था। लगभग आधे घंटे तक चली बैठक में नेता का चयन आज तो नहीं हुआ। हालांकि नए नेता चुनने के लिए पार्टी ने सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को अधिकृत कर दिया है।

**निर्णय के लिए नीतीश अधिकृत:** मुख्यमंत्री आवास में हुई जेडीयू विधान मंडल दल की बैठक के बाद मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि विधानमंडल का नेता चुनने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को अधिकृत कर दिया गया है। सर्व सम्मति से विधानमंडल दल ने नीतीश कुमार को अधिकृत किया है। नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के काम और उनके त्याग और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार की जो पहचान है, उसके लिए नीतीश कुमार के प्रति आभार भी व्यक्त किया गया। 'विधानमंडल में नए नेता के चयन के लिए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार जी को अधिकृत कर दिया गया। विधानमंडल ने सर्वसम्मति से माननीय नीतीश कुमार जी के कार्यों और उपलब्धियों के लिए आभार व्यक्त किया गया। '- नीरज कुमार, मुख्य प्रवक्ता, जनता दल यूनाइटेड

**बिहार भ्रमण करेंगे नीतीश:** जेडीयू प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश कुमार ने संबोधन में कहा कि संसदीय कार्य के अलावे बिहार के विभिन्न इलाकों में पार्टी के नेताओं के साथ घूमेंगे और पार्टी के साथ सरकार के कार्यों की अद्यतन जानकारी लेते रहेंगे, जिससे बिहार और तेजी से विकास कर सके।



इस सवाल पर क्या नेता चयन में किसी तरह का कोई विवाद था? मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, 'कोई भी विवाद नहीं था। हमारी पार्टी का नाम ही है यूनाइटेड।' क्या किसी नाम पर कोई चर्चा नहीं हुई? इस सवाल पर उन्होंने कहा, 'नहीं कोई चर्चा नहीं हुई नीतीश कुमार को ही अधिकृत किया गया है।'

**निशांत भी निकालेंगे यात्रा?:** निशांत भी बिहार भ्रमण करेंगे और नीतीश कुमार भी? इस पर नीरज ने कहा कि अभी निशांत कुमार को लेकर कोई औपचारिक जानकारी संगठन ने नहीं दिया है। जब जानकारी दे दी जाएगी, तब सबको बताया जाएगा।

**क्यों नहीं हुआ फैसला?:** नेता के चयन नहीं किए जाने पर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। विधान मंडल दल की बैठक में विजय कुमार चौधरी की तरफ से नीतीश कुमार को अधिकृत किए जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सभी ने सर्व सम्मति से समर्थन किया।

**निशांत के समर्थन में पोस्टरबाजी:** वैसे बैठक से पहले निशांत कुमार को लेकर पोस्टर भी लगाए जा रहे हैं। 'नीतीश नहीं तो निशांत विधानमंडल दल का नेता बनें', इस तरह की मांग पोस्टर के माध्यम से होने लगी है। हालांकि निशांत अभी किसी सदन के सदस्य नहीं है, इसलिए उनको विधानमंडल दल का नेता नहीं बनाया जा सकता है लेकिन एमएलसी और विधानसभा का चुनाव जीतकर आते हैं, तब उनके नाम पर विचार किया जा सकता है।



## शहनाई की जगह गूंजी चीखें, गिफ्ट के विवाद मे चाकू मारकर महिला की हत्या, 5 जख्मी

**सिवान, एजेंसी।** जिले के जीबी नगर थाना क्षेत्र के ओलीपुर गांव में शादी की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान रविवार रात को कुछ ऐसा हुआ कि शादी की खुशियां मातम में बदल गई और हर तरफ चीख पुकार मच गई। शादी में गिफ्ट को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि कई लोगों को लहूलुहान कर दिया गया।

**गिफ्ट को लेकर चाकूबाजी:** शादी में गिफ्ट को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक हो गया। इस दौरान एक युवक ने अपने ही रिश्तेदारों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए हैं।

**युवक ने बुआ की हत्या की :** जानकारी के अनुसार, दीपक कुमार सिंह की शादी के दौरान लड़की पक्ष को ज्वेलरी देने के मुद्दे पर परिवार के भीतर कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और युवक ने गुस्से में आकर अपने परिजनों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में उसकी बुआ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**जांच में जुटी FSLN :** घटना की सूचना मिलते ही जीबी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सिवान भेज दिया है। इस बीच, पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल जाना। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए एफएसएल टीम को भी लगाया गया है।

## बिहार में सनकी पति ने ईंट-पत्थर से कूच-कूचकर पत्नी को मार डाला, 25 को थी ननद की शादी

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार के नालंदा में सनकी पति ने अपनी पत्नी की ईंट-पत्थर से कूच-कूच कर बेरहमी से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी पति नशे में चूर था। स्थानीय लोगों ने बताया कि मामलू विवाद में सनकी पति ने उसकी हत्या कर दी। पति ने पत्नी की बेरहमी से की हत्या : इधर हत्या की सूचना मिलने के बाद बेन थाना क्षेत्र की पुलिस गड़ेरिया बेलदारीबिगहा गांव पहुंची जहां मृत महिला का शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल बिहार शरीफ भेज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना के संबंध में मृत महिला के 11 साल के मासूम बेटे ने बताया कि बुआ की शादी समारोह के लिए परिवार के सदस्य पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर गए हुए थे, रविवार की देर शाम जब उसकी मां लौटी तो पिता नशे की हालात में मां को गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। किसी तरह उसके चंगुल से भाग कर पड़ोस के घर में जा छिपी। ''पापा मेरी मां का पीछा करते हुए पड़ोसी के घर तक पहुंच गए और कमरे का दरवाजा तोड़कर बाल पकड़ कर फिर पिटाई करने लगे, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। बेहोश होने के बाद भी पिताजी मां के सीने पर बैठकर पास रखे पत्थर के सिलबट्टा से सिर और छाती पर मारने लगे। इससे मां की मौके पर ही मौत हो गई।''- महिला का मासूम बेटा मृतक के 2 पुत्र और 2 पुत्री है। सबसे बड़ा लड़का 11 साल का है। घटना के संबंध में बेन थानाध्यक्ष रवि राज कुमार ने बताया कि पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बिहार में लोटस टेम्पल की तर्ज पर बन रहा देश का दूसरा बहाई मंदिर

# सभी धर्मों के लिए खुला रहेगा शांति का केंद्र

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार के नालंदा जिले के बिहार शरीफ प्रखंड से करीब 10 किमी दूर हरगांवा गांव में देश का दूसरा बहाई उपासना गृह (बाहाई मंदिर) तेजी से निर्माणाधीन है। दिल्ली के प्रसिद्ध लोटस टेंपल की तर्ज पर बन रहे इस मंदिर का काम 2023 में शुरू हुआ था और अब लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। यह मंदिर 2026 के अंत तक पूरी तरह तैयार होकर श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएगा।

**8 एकड़ में फैला इको-फ्रेंडली डिजाइन:** यह बहाई मंदिर करीब 8 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। दिल्ली की स्पेस मैटर्स संस्था द्वारा तैयार किए गए डिजाइन में मंदिर पूरी तरह प्रकृति-अनुकूल (इको-फ्रेंडली) है। मुख्य गुंबद 60 फीट ऊंचा होगा, जो बाहर से मधुमक्खी के छत्ते जैसा दिखाई देगा। मेहराबों और छत की बनावट पत्तियों व पंखों जैसी होगी, जिसमें सुराखों से प्राकृतिक रोशनी अंदर आएगी।

**मधुबनी पेंटिंग से सजेगी गुंबद की नक्काशी:** मंदिर की सबसे खास बात यह है कि मुख्य गुंबद पर बिहार की प्रसिद्ध मधुबनी पेंटिंग की खूबसूरत नक्काशी उकेरी जाएगी। रात में अंदर की रंग-बिरंगी रोशनी बाहर बिखरेगी, जो दिन और रात दोनों समय अलग-अलग नजारा पेश करेगी। बहाई माधव प्रसाद ने बताया कि मंदिर का डिजाइन शांति, एकता और प्रेम का प्रतीक होगा।



**धर्मनिरपेक्ष उपासना गृह, सभी के लिए खुला:** इस उपासना गृह की सबसे बड़ी खूबी इसका पूर्ण रूप से धर्मनिरपेक्ष होना है। यहां किसी भी धर्म, जाति या संप्रदाय के लोग आकर शांति से अपनी इबादत कर सकेंगे। बहाई धर्म की मान्यता के अनुसार सभी धर्मों का मूल उद्देश्य प्रेम, शांति और मानव एकता है। 21 फरवरी 2021 को इस मंदिर की नींव रखी गई थी।

**मल्टीपर्पस हॉल और आधुनिक सुविधाएं:** मंदिर परिसर में अत्याधुनिक मल्टीपर्पस हॉल, लाइब्रेरी, गेस्ट हाउस और रेसिडेंशियल बिल्डिंग भी बनाई जा रही हैं। ये भवन पूरी तरह वातानुकूलित और इको-फ्रेंडली होंगे, जहां भीषण गर्मी में भी एसी या कूलर की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्थानीय पूर्व मुखिया आमोद कुमार ने बताया कि यह परिसर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। '21 फरवरी 2021 को इस भव्य मंदिर की नींव रखी गई थी। इस उपासना गृह की सबसे बड़ी खूबी इसका धर्मनिरपेक्ष होना है। यहां किसी भी धर्म, जाति या संप्रदाय के लोग आकर अपने-अपने इष्टदेव की साधना और इबादत शांति से कर सकेंगे। बहाई धर्म की मान्यता के अनुसार, सभी धर्मों का मूल उद्देश्य प्रेम, शांति और एकता है। '-आमोद कुमार, पूर्व मुखिया

**टूरिस्ट हब बनेगा हरगांवा:** इस भव्य मंदिर के बनने से हरगांवा गांव राजगीर और पावापुरी की तरह एक बड़ा टूरिस्ट हब बन जाएगा। देश-विदेश से पर्यटक यहां खिंचे चले आएंगे। बहाई समुदाय का लक्ष्य सिर्फ मंदिर निर्माण तक सीमित नहीं है।

## इतना गुस्सा।।! बिहार में एक युवक को इतना पीटा कि उसकी जान ले ली

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है। जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र में बारात के दौरान मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

**मुजफ्फरपुर में युवक की हत्या :** मृतक की पहचान राहुल कुमार (पिता विनोद सहनी) के रूप में हुई है। राहुल मीनापुर थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

**ट्रॉली साइड करने को लेकर मारपीट :** जानकारी के अनुसार, बारात के दौरान रास्ते में ट्रॉली साइड करने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट में बदल गया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।



**अस्पताल ले जाने से पहले हो गई मौत :** इसी दौरान कुछ लोगों ने राहुल कुमार को बेरहमी से पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए श्री कृष्ण मेमोरियल कॉलेज एंड हॉस्पीटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। ''घटना की सूचना मिलते ही मीनापुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।''- राजेश सिंह प्रभाकर, ग्रामीण एसपी

**हर एंगल से तफ्तीश कर रही पुलिस :** इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में मातम का माहौल है। परिजन दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस हर एंगल से मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

## 22 अप्रैल को कांग्रेस और राजद का होगा पर्दाफाश'

### महिला बिल गिरने पर धिक्कार मार्च निकालेंगे उपेंद्र कुशवाहा

**रोहतास, एजेंसी।** देश भर में महिला आरक्षण बिल को लेकर जारी राजनीतिक घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए निशाना साधा है। उन्होंने संसद में पारिसीमन और महिला आरक्षण बिल के पारित नहीं होने को लेकर कांग्रेस और महागठबंधन में शामिल दलों को जिम्मेदार ठहराया।



**बिहार की महिलाओं के साथ छल:** उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि विपक्षी दलों ने मिलकर देश और खासकर बिहार की महिलाओं के साथ छल करने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाए कि यह पार्टियां कभी नहीं चाहती कि महिलाओं को पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिले। कांग्रेस और महागठबंधन के दलों के लोगों की नियत साफ नहीं है।

**विपक्षी पार्टियों पर गंभीर आरोप:** आरएलएम सुप्रीमो ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी पिछले कई वर्षों से परिसीमन के मुद्दे पर संघर्ष कर रही है, लेकिन विपक्षी दलों के रवैया के कारण यह संभव नहीं हो पाया। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर बिहार जैसे राज्य के हितों की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया। वहीं, इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने आंदोलन का ऐलान भी किया है।

**धिक्कार मार्च निकालेगी पार्टी :** कुशवाहा ने बताया कि उनकी पार्टी 22 अप्रैल को बिहार के सभी जिला मुख्यालय में धिक्कार मार्च निकालेगी। इस दौरान कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों के चरित्र का पर्दाफाश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मार्च महिलाओं के अधिकारों और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर निकल जाएगा ताकि जनता के बीच सच्चाई सामने लाई जा सके।

# रात में हीरे जैसा जगमगा रहा बिहार, नासा की 'नाइट वर्ल्ड मैप' की हैरान करने वाली फोटो

**पटना, एजेंसी।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा अंतरिक्ष से ली गई पृथ्वी की तस्वीरों में बिहार हीरे जैसा जगमगा रहा है। दरअसल, नासा ने सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर एक नया ग्लोबल मैप जारी किया है। इस मैप में दिखाया गया है कि 2014 से 2022 तक पृथ्वी पर रात में लाइट्स कैसे बदली। इस मैप में बिहार की चमक को देख नासा के वैज्ञानिक भी हैरान हो गए। यह मैप बीते नौ सालों में दोनों राज्यों में हुए विकास की तस्वीर है।

हीरे जैसा जगमगा रहा बिहार, ह्र्र्की तस्वीरें : नासा के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी की तस्वीर लेने के लिए नौ साल तक हर रात इकट्ठा की गई 11।6 लाख सैटेलाइट इमेज का विश्लेषण किया, जिससे यह चौंकाने वाला सच सामना आया है। रिपोर्ट से पता चला कि शहरी विकास के कारण उत्तर भारत में खासकर बिहार में रात की रोशनी का स्तर बढ़ गया है।

**11।6 लाख सैटेलाइट इमेज का विश्लेषण :** नासा ने इस तस्वीर को साझा कर लिखा, 'पृथ्वी सिर्फ चमकदार नहीं हो रही है, रात की रोशनी में बदलाव की वजह से कुछ जगहें चमकदार हो रही हैं और कुछ जगहें धुंधली हो रही हैं। यह नतीजा नौ साल तक हर रात ली गई 1।16 मिलियन नासा सैटेलाइट इमेज के विश्लेषण से आया है। '

**बिहार की रोशनी में कुल 47 प्रतिशत की वृद्धि :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की रिपोर्ट बताती हैं कि बिहार में रात में रोशनी की तीव्रता में 3।5 ज्यादा (गुना) की बढ़ोतरी देखने को मिली है, जबकि कुछ सालों में बिहार की रोशनी में करीब 47 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक,




जहानाबाद, अरवल, जमुई और बांका जिले, जो कभी पिछड़े माने जाते थे, रात के वक्त सबसे ज्यादा जगमगाते हैं।

**रिसर्च के लिए एक नए एल्गोरिदम का इस्तेमाल :** नासा की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि यूनिवर्सिटी ऑफ कनेक्टिकट में तियान ली और जे जू के नेतृत्व में, वैज्ञानिकों ने विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सुइट (वीआईआईआरएस) से ली गई तस्वीर का विश्लेषण करने के लिए एक नए एल्गोरिदम का इस्तेमाल किया। सुनहरे क्षेत्र रात में ज्यादा तेज रोशनी दिखाते हैं, जबकि बैंगनी क्षेत्र रात में ज्यादा रोशनी दिखाते हैं।

**बैंगनी रंग कम रोशनी का सूचक :** नासा की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि भारत, चीन, मिडिल ईस्ट और सेंट्रल अमेरिका ज्यादातर सुनहरे हैं, जबकि अमेरिका के पश्चिम में सुनहरे क्षेत्र हैं और पूर्व में ज्यादा बैंगनी और सफेद हैं। वहीं, यूरोप ज्यादातर बैंगनी था, जिससे पता चलता है कि इस दौरान इस इलाके में रोशनी कम हुई।

**'जूम इन कीजिए, अब बिहार कहीं ज्यादा चमक रहा है' :** जेडीयू सांसद संजय झा ने नासा के एक्स पोस्ट को रिपोस्ट कर लिखा, 'और जब आप भारत पर जूम इन करेंगे, तो आपको खुशी होगी कि बिहार कहीं और से ज्यादा साफ और ज्यादा चमक रहा है। नीतीश कुमार के दो दशकों के अच्छे शासन ने बिहार के लिए यही किया है, एक बड़ी छलांग जिसके लिए आने वाली पीढ़ी हमेशा उनकी शुक्रगुजार रहेगी। नासा, आपने बहुत बढ़िया काम किया है। '

नासा का यह डेटा एक आईना है - जेडीयू : वहीं जेडीयू ने सोशल मीडिया पर रिपोर्ट को साझा करते हुए लिखा- 'जो लोग बार-बार पूछते हैं कि नीतीश कुमार ने बिहार के लिए आखिर क्या किया है, ह्र्र्की यह तस्वीर उनके मुंह पर एक कड़ा तमाचा है। पिछले दो दशकों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिजली के क्षेत्र में जो अभूतपूर्व काम हुआ, उसका ही परिणाम है कि रात के समय पूरे देश में सबसे ज्यादा जगमगाता राज्य बिहार बन गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### परिसीमन संवेदनशील मुद्दा, दक्षिण भारत के राज्यों की आशंका भी दूर करना जरूरी

तमिलनाडु में इस मसले पर व्यापक असंतोष उभर रहा है। तेलंगाना, कर्नाटक और केरल आदि राज्यों में भी परिसीमन में आबादी के आधार पर लोकसभा की सीटों में वृद्धि होने पर तीखे सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या दक्षिण भारतीय राज्यों को परिवार नियोजन को लेकर बेहतर प्रदर्शन का खमियाजा उठाना पड़ रहा है। एक संवेदनशील मुद्दे पर देश के अलग-अलग राज्यों में इस स्तर के मतभेद पैदा नहीं होने चाहिए थे और इससे जुड़ी चिंताओं का समाधान वक्त की जरूरत है। इसमें कोई दोराय नहीं कि संसद में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी समय की जरूरत हो सकती है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसमें बदलाव हो सकते हैं। मगर इस वर्ष परिसीमन की कवायद को लेकर कई सवाल उभरते दिख रहे हैं। खासतौर पर दक्षिण भारत के राज्यों की ओर से यह आशंका जताई जा रही है कि परिसीमन के ताजा प्रस्ताव के तहत जो प्रारूप सामने आया है, अगर वह अमल में आया तो यह व्यापक स्तर पर भेदभाव का कारण बनेगा। हालांकि इस तरह के कदम उठाने से पहले देशभर में सर्वसम्मति कायम करने की अपेक्षा की जाती है, ताकि राज्यों के बीच मतभेद न उपजे, लेकिन परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की पहल के बाद तमिलनाडु में जिस तरह का विरोध उभर रहा है, उससे कई सवाल उठे हैं। गौरतलब है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन की कवायद के खिलाफ विरोध को तेज करते हुए इससे संबंधित विधेयक की प्रति जला कर और काला झंडा दिखा कर पूरे राज्य में आंदोलन की शुरुआत कर दी। इससे पहले स्टालिन ने यहां तक कहा था कि तमिलनाडु की चिंता को दूर किए बिना अगर परिसीमन को आगे बढ़ाया गया, तो राज्य में एक समय चले हिंदी विरोधी आंदोलनों जैसी स्थिति बन सकती है।निश्चित रूप से एक संवेदनशील मुद्दे पर देश के अलग-अलग राज्यों में इस स्तर के मतभेद पैदा नहीं होने चाहिए थे और इससे जुड़ी चिंताओं का समाधान वक्त की जरूरत है। मगर हैरानी की बात यह है कि क्या केंद्र सरकार को इसका आभास नहीं था कि लोकसभा में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी के क्रम में उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों के बीच जिस तरह का असंतुलन पैदा होने वाला है, उससे कई स्तर पर असंतोष उभर सकता है! दरअसल, सरकार परिसीमन को महिला आरक्षण के साथ जोड़ कर पेश करने का प्रयास कर रही है, ताकि इसे लेकर उठने वाली आपत्तियों को कमजोर किया जा सके।मगर विपक्षी दलों की ओर से ऐसे सवाल उठाए जा रहे हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग राज्यों में लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी संसद के समीकरण में वैसे राज्यों को मजबूत स्थिति में खड़ा करेगा, जहां भारतीय जनता पार्टी ताकतवर है। इसके अलावा, सीटों के फिर से बंटवारे के क्रम में जो नया समीकरण बनेगा, उसमें दक्षिण भारत के राज्यों के प्रतिनिधित्व और अधिकारों में काफी कमी आने की आशंका जताई जा रही है। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे कई राज्यों की नुमाइंदगी में काफी बढ़ोतरी हो जाएगी।शायद यही वजह है कि तमिलनाडु में इस मसले पर व्यापक असंतोष उभर रहा है। तेलंगाना, कर्नाटक और केरल आदि राज्यों में भी परिसीमन में आबादी के आधार पर लोकसभा की सीटों में वृद्धि होने पर तीखे सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या दक्षिण भारतीय राज्यों को परिवार नियोजन को लेकर बेहतर प्रदर्शन का खमियाजा उठाना पड़ रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि स्टालिन ने परिसीमन संशोधन को दक्षिणी राज्यों के खिलाफ और देश की प्रगति में योगदान देने की सजा तक कहा है।सवाल है कि इतने संवेदनशील मुद्दे पर केंद्र सरकार को सभी राज्यों को विश्वास में लेने की जरूरत क्यों महसूस नहीं हुई। एक पक्ष यह है कि परिसीमन का मुख्य आधार चूंकि जनगणना होता है, तो नई स्थितियों में इससे संबंधित किसी कवायद पर उठने वाले सवालों का हल क्यों नहीं निकाला गया? कोशिश इस बात की होनी चाहिए कि अगर परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़ती है, तो इस मसले पर उभरने वाली आपत्तियों पर गौर किया जाए और सभी राज्यों के बीच सहमति कायम की जाए।

*अक्सर पिता की चिंता होती है कि अगर उसकी बेटी विज्ञान चुनेगी, तो वह परिवार नहीं बना पाएगी। यह धारणा सही नहीं है। लड़कियां करिअर और परिवार दोनों को साथ लेकर चल सकती हैं। ये एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। सभी को समान अवसर मुहैया कराने के लिए और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। इसके लिए छात्रवृत्तियां देने के अवसर बढ़ाने जरूरी हैं। उनके लिए प्रशिक्षण के दरवाजे खोलने होंगे।*

## नामांकन बढ़ा, लेकिन नौकरियों में सिमटी महिलाएं, 33% वैश्विक

**(जयप्रकाश त्रिपाठी)**

विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में महिलाओं की असीम क्षमता को देखते हुए, उनके योगदान को सम्मानित करने तथा उनके सामने आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए विश्व स्तर पर पहल हो रही है। इसका उद्देश्य अधिक समावेशी और विविध वैज्ञानिक समुदाय का निर्माण करना है। यह प्रयास इन महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सभी प्रतिभाओं का लाभ उठाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इससे अन्वेषण का मार्ग निकल रहा है। फिर भी महिलाओं को कई जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जो उनकी प्रगति में बाधाएं उत्पन्न कर रहा है। विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित विषयों में लैंगिक खाई पाट कर, समावेशी और सतत विकास में तेजी लाई जा सकती है। मगर हकीकत यह है कि वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल एक-तिहाई है। उन्हें पर्याप्त स्तर पर वित्तीय साधन उपलब्ध नहीं हैं। उनके लिए प्रकाशन अवसरों का अभाव है। विश्वविद्यालयों में भी शीर्ष पदों पर उनकी मौजूदगी कम है। महिलाओं को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों से जितना दूर रखा जाएगा, वैश्विक चुनौतियां उतनी ही जटिल होती जाएंगी। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में उच्च शिक्षा की संभावना अधिक होती है, लेकिन आज भी विज्ञान स्नातक में उनकी हिस्सेदारी केवल पैंतीस फीसद है। महिलाओं के प्रति उपेक्षा भाव और समानता के खिलाफ उग्र प्रतिक्रिया उनको पीछे धकेलने का काम करती है। इससे कड़ी मेहनत से हासिल की गई उपलब्धियां खतरे में हैं। महिला संगठनों और नागरिक समाज ने इन उपलब्धियों को हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। पूरी दुनिया में महिलाओं और लड़कियों को अब भी कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। महिला अधिकारों के लिए आवाज उठाने वालों पर खतरा मंडराना चिंताजनक है। दुनिया भर में, महिला अधिकारों की पैरोकारी करने वालों को उत्पीड़न और हिंसा का सामना करना पड़ता है। इससे महिला अधिकारों के क्षरण के साथ सामाजिक-शैक्षिक जवाबदेही में गिरावट देखी जा रही है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) की अवधारणा यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन ने वर्ष 2001 में प्रस्तुत की थी। इस संगठन ने 'एसटीईएम' का इस्तेमाल सर्वप्रथम ज्ञान और कौशल को एकीकृत करने वाले पाठ्यक्रम में करिअर को संदर्भित किया था। यह एक व्यावहारिक दृष्टिकोण से चार विशिष्ट विषयों- विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में विद्यार्थियों को शिक्षित करने के विचार पर आधारित पाठ्यक्रम है। भारत उन देशों में से एक है, जहां सबसे अधिक संख्या में वैज्ञानिक और इंजीनियर हैं। पिछले कुछ वर्षों से देश में इस दिशा में काफी तेजी आई है। एक ताजा रपट के मुताबिक विश्व स्तर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी 33.3 से 35 फीसद है। इस क्षेत्र में यहां मात्र 29 फीसद हिस्सेदारी है। वैश्विक औसत के विपरीत, भारतीय शिक्षा में लगभग 43 फीसद महिलाओं के नामांकन के साथ उनकी उपस्थिति है, लेकिन नौकरी के क्षेत्र में उनकी भागीदारी घट कर केवल चौदह फीसद रह जाती है। गणित में आत्मविश्वास की कमी और पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण प्रमुख बाधाएं हैं। भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विज्ञान ज्योति योजना, जीएटीआइ योजना और किरण योजना जैसी पहल की जा रही हैं। इस समय पूरी दुनिया में महिलाओं और लड़कियों को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित में अपना भविष्य बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। नई डिजिटल तकनीक के विकास में मौजूदा परिस्थिति को देखा जा सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता समेत इस क्षेत्र में हर स्तर पर पुरुषों का दबदबा है। पूर्वाग्रह से ग्रस्त एल्गोरिद्म और तकनीक में जुड़ी असमानताओं के कारण डिजिटल जगत में महिलाओं के प्रति पुरुष वर्चस्व को बढ़ावा मिलने का जोखिम है। इस क्षेत्र से महिलाओं को जितना बाहर रखा जाएगा, उतना ही तात्कालिक वैश्विक चुनौतियों से निपटने की हमारी सामूहिक शक्ति जलवायु परिवर्तन से लेकर खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और तकनीकी क्षेत्र में बदलावों तक सीमित होती जाएगी। दुनिया भर में ऐसे क्षेत्रों में आज भी महिलाओं और पुरुषों के बीच स्पष्ट अंतर बना हुआ है। इसके पीछे शोध के लिए सीमित संसाधन, सामाजिक रूढ़ियां और कार्यस्थलों पर भेदभाव जैसे कारण हैं। यह असमानता तकनीकी क्षेत्र में और अधिक गहरी है। डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े कार्यों में महिलाएं केवल 26 फीसद हैं, जबकि 'क्लाउड कंप्यूटिंग' में उनकी भागीदारी महज 12 फीसद है। यदि महिलाओं को विज्ञान से दूर रखा जाएगा, तो जलवायु परिवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अंतरिक्ष सुरक्षा जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने की हमारी सामूहिक क्षमता कमजोर पड़ जाएगी। बढ़ती असमानताओं के दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), सामाजिक विज्ञान, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और वित्तीय क्षेत्र को एक साथ जोड़ कर, समावेशी एवं सतत विकास में तेजी लाई जा सकती है। इन क्षेत्रों में सहयोग से डिजिटल कौशल में लैंगिक अंतर कम किया जा सकता है। महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को प्रोत्साहन मिल सकता है। एआइ संबंधी नीतियों को अधिक संवेदनशील बनाया जा सकता है और ऐसे निवेश को बढ़ावा दिया जा सकता है, जो सामाजिक समावेशन को प्राथमिकता दे। नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने से लेकर अगली महामारी को रोकने तक, हमारा भविष्य इस पर निर्भर है कि हम कितनी अधिक प्रतिभाओं को अवसर दे पाते हैं। हर दिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएं अपने अधिकारों और सबकी भलाई के लिए वैज्ञानिक सपने साकार कर सकें। किर्गिस्तान की रसायन वैज्ञानिक असेल सार्तबाएवा इसकी एक मिसाल हैं। वे ब्रिटेन में रसायन विज्ञान की सहायक प्रोफेसर हैं। साथ ही, वह जैव-प्रौद्योगिकी कंपनी की सह-संस्थापक हैं। उनका शोध वैश्विक स्वास्थ्य की एक अहम समस्या पर केंद्रित है। वह ऐसे समाधान विकसित कर रही हैं, जिनसे ऊंचे तापमान में भी टीके सुरक्षित और प्रभावी रह सकें, ताकि उन्हें जटिल व्यवस्था के बिना दूरदराज के समुदायों तक आसानी से पहुंचाया जा सके। उनका कहना है कि विज्ञान में महिलाओं के लिए हालात पहले से बेहतर हुए हैं। जब वे पढ़ती थीं, तब महिला प्रोफेसर बहुत कम थीं। आज वह अधिक संतुलन और समावेशन को बढ़ावा देने वाली मजबूत नीतियां देखती हैं। फिर भी अभी और अधिक प्रतिभाओं की जरूरत है। दुनिया को अगले दशक में सृजित नौकरियों में से अस्सी फीसद के लिए किसी न किसी रूप में गणित और विज्ञान कौशल की आवश्यकता होगी। शोध निष्कर्ष बताते हैं कि कई समुदायों में लड़कियों के भविष्य से जुड़े निर्णय परिवार, विशेषकर पिता प्रभावित करते हैं।

## लाल गलियारे का अंत- शाह की 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने रची सुरक्षा की नई इबारत

**(भारत भूषण अरजरिया)**

अमित शाह ने बार-बार एक और महत्वपूर्ण बात कही है-'संवाद और पुनर्वास'। उन्होंने उन युवाओं के लिए हमेशा 'लाल कालीन' बिछाई है जो गुमराह होकर हिंसा की राह पर चले गए थे। सरकार की आत्मसमर्पण नीति को इतना आकर्षक और सुलभ बनाया गया कि हजारों नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। भारत की आंतरिक सुरक्षा के इतिहास में यदि किसी एक समस्या ने दशकों तक देश की प्रगति को बाधित किया और हजारों निर्दोषों का लहू बहाया, तो वह नक्सलवाद था। एक समय ऐसा भी था जब तत्कालीन सरकारों ने इसे देश के लिए 'सबसे बड़ा खतरा' स्वीकार किया था, लेकिन इसके समाधान के लिए वह ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई थी जो आज नजर आ रही है। आज जब हम 2026 के मुहाने पर खड़े हैं, तो भारत के नक्शे से 'लाल गलियारे' का सिकुड़ता दायरा और बस्तर के जंगलों में गूंजती शांति इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने इस नासूर को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किया है।अमित शाह ने गृह मंत्रालय की कमान संभालते ही नक्सलवाद को केवल एक स्थानीय कानून-व्यवस्था की समस्या मानने के बजाय इसे एक राष्ट्रव्यापी सुरक्षा चुनौती के रूप में चिन्हित किया और इसे समाप्त करने के लिए 'समाधान' और 'लौह प्रहार' जैसी रणनीतियों का सूत्रपात किया। अमित शाह की कार्यशैली का सबसे प्रमुख पहलू उनका 'परिणाम-आधारित' दृष्टिकोण है। उन्होंने अपने विभिन्न भाषणों में बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि नक्सलवाद का अस्तित्व केवल बंदूकों के दम पर नहीं, बल्कि विकास की कमी और वैचारिक भ्रम के कारण टिका हुआ था। शाह ने उन 'अर्बन नक्सल' समूहों को भी बेनकाब किया जो शहरों में बैठकर जंगलों में हिंसा फैलाने वालों के लिए वैचारिक कवच तैयार करते थे। गृह मंत्री का मानना है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है, और यदि कोई समूह हथियार उठाकर संविधान को चुनौती देता है, तो उसे उसी की भाषा में जवाब देना राज्य का उत्तरदायित्व है। इसी सोच के तहत उन्होंने सुरक्षा बलों को वह 'फ्री हैंड' दिया, जिसकी मांग वे दशकों से कर रहे थे। आज सुरक्षा बल न केवल नक्सलियों के गढ़ों में घुसकर प्रहार कर रहे हैं, बल्कि उन दुर्गम इलाकों में भी तिरंगा फहरा रहे हैं जहाँ पहले जाना असंभव माना जाता था। पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में सैकड़ों नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं। इन कैंपों ने नक्सलियों की रसद, सूचना तंत्र और छिपने के ठिकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। अमित शाह ने व्यक्तिगत रूप से इन क्षेत्रों का दौरा कर जवानों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें आधुनिक तकनीक, ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी और संचार के बेहतर साधनों से लैस किया। गृह मंत्री ने संसद में स्पष्ट किया था कि जब तक अंतिम नक्सली हथियार नहीं डाल देता या उसका सफाया नहीं हो जाता, तब तक सरकार चैन से नहीं बैठेगी।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6068

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6067

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

### वर्ग पहेली 6068



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. ब्रिटेन ने इस देश को 29 अगस्त 1945 को जापान से मुक्त किया (4)
5. वचन, प्रतिज्ञा, इकरार (2)
7. विवाह के पूर्व की एक रस्म (4)
8. नितांत अंतिम, छोरस्थ, पराकाष्ठात्मक (3)
10. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
11. लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने अपना सरगमी सफर इस फिल्म से शुरू किया (5)
13. जंगल, अरण्य, कानन (2)
14. ईर्ष्या, जलन, खुन्नस, रश्क (2)
15. भय, खौफ, दहशत (2)
16. भास्कर, दिनपति, दिवाकर (2)
18. प्रशस्ति स्तंभ, धौलहरा, लाट (3)
22. जो रिश्तें में नाना का पिता हो (4)
24. 1948 में प्रदर्शित आग वह पहली फिल्म थी जिसमें अभिनेता के साथ-साथ निर्माता-निर्देशक के रूप में भी ये अभिनेता सामने आए (5)
25. घोड़ों द्वारा खींचकर ले जानी वाली सवारी का चलन प्राचीनकाल में था (2)

**ऊपर से नीचे**

1. जल्दी-जल्दी और लंबी-लंबी सांसे लेना (3)
2. अनर्थ बोध, बदगुमानी, भ्रांत धारणा (6)
3. मालवी में प्याज को यह कहते है (2)
4. बारूद को अंग्रेजी में यह कहा जाता है (6)
5. पुनरागत, लौटा हुआ, प्रतिगत, शेखर पुरोहित अलका अभिनीत 1969 की फिल्म (3)
6. दायित्व, कार्यभार, जिम्मा (5)
9. नगीना, रत्न (2)
12. दौड़ने वाला, धावक (3)
17. पूरे संसार का स्वामी होने के कारण भगवान शिव का एक नाम (4)
19. मुलायम, मृदु, कोमल (3)
20. सूती धागा, रज्जू (2)
21. पुराणानुसार कामाक्षी का चौथा रूप, शब्द ब्रह्म, परमार्थ का कराने वाली विद्या (2)
22. किंतु, परंतु, पंख, डैना (2)
23. नारी का अपभ्रंश, मोटा रस्सा (2)

### वर्ग पहेली 6067 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | बि | दा | सु | ल्ता | न | | ट |
| ज | ज | | ख | | या | चि | का |
| त | ली | | दा | य | रा | | |
| क | | त | य | | स्ता | व | क |
| | अ | ट | क | ल | | न | र |
| लू | | व | | क्ष्य | | गो | वा |
| | फु | र्ती | ला | | ना | च | |
| जा | ट | | भ | र | ता | र | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज अपने अधिकतर लक्ष्यों को हासिल करने में सफल रहेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन खुशखबरी लेकर आएगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत होगा। ऑफिस के रुके हुए काम पूरे होने से बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही कार्यस्थल पर अटके हुए प्रोजेक्ट्स पूरे होंगे। वहीं आज आपको धन लाभ के भी योग हैं।

### वृष
आज अपने पिता के किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में सहयोग करेंगे। आज नए विचार आपके मन में आएंगे, लेकिन अपनी वाणी और व्यवहार पर थोड़ा नियंत्रण रखें। गलतफहमियों से बचें ताकि वैवाहिक जीवन सुखद बना रहे। करियर में नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है।

### कर्क
आज दिल की बात कहने के लिए आज का दिन सर्वश्रेष्ठ है। कलात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज ऑफिस में काम की तारीफ होगी। नए प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले मित्रों की सलाह जरूर लें। पारिवारिक रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। प्रेम प्रस्ताव देने के लिए आन का दिन शुभ है।

### सिंह
आज का दिन करियर के लिए बहुत ही फेवरेबल है। ऑफिस के अधूरे कार्य सीनियर्स की मदद से पूरे हो जाएंगे। व्यापार में धन लाभ की प्रबल संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन शानदार रहने वाला है।

### मिथुन
आज का दिन अच्छे परिणाम लेकर आएगा। दोस्तों की मदद से जरूरी काम पूरे होंगे। पुराना अटका हुआ पैसा आज वापस मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता मिलेगी। साथ ही धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

### कन्या
आज भाग्य के सितारे बुलंद हैं। नया बिजनेस शुरू करने की सोच रहे हैं तो समय अनुकूल है। आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार होगा और सभी कार्य सिद्ध होंगे। पुराने दोस्तों से मुलाकात मन को खुश करेगी और नवविवाहितों के रिश्तों में मिठास बढ़ेगी।

### तुला
आज परिवार के सहयोग से हर परिस्थिति को संभालने में सक्षम होंगे। व्यापार में नए लोगों से मुलाकात भविष्य में बड़ा धन लाभ कराएगी। घर में किसी धार्मिक अनुष्ठान या पार्टी के आयोजन की चर्चा हो सकती है। आप कुछ गहरे विचारों में डूबे रह सकते हैं।

### वृश्चिक
आज प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बन सकती है। किसी रुके हुए कार्य के पूर्ण होने से मानसिक संतोष मिलेगा। साथ ही आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलेगा। आपका व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेगा और लवमेट के साथ दिन यादगार बीतेगा। आज आपको करियर में नए अवसर मिलेंगे।

### मकर
आज आपका प्रदर्शन लोगों को प्रभावित करेगा। व्यवसाय में लाभ के योग हैं और सहकर्मियों की मदद से जरूरी काम पूरे होंगे। बेवजह के विवादों से दूर रहना ही आपके लिए हितकर है। स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें और शाम को परिवार के साथ समय बिताएं।


### कुंभ
आज अपने जीवनसाथी के साथ व्यापारिक चर्चा करेंगे। जिससे आपको नई दिशा मिलेगी। पारिवारिक कार्यों को पूरा करने में सभी का सहयोग मिलेगा। छात्र वर्ग के लिए आज का दिन अच्छा है। सहपाठी आपसे मदद मांग सकते हैं।

### धनु
आज अपनी कार्य कुशलता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। व्यापार में धन लाभ के योग हैं, लेकिन आर्थिक प्रगति के लिए अधिक मेहनत करनी होगी। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। आज अपनी वाणी पर संयम रखें ताकि विवाद न हो।

### मीन
आज अधूरी इच्छाएं पूरी होने का दिन है। ऑफिस में अधिकारियों का सहयोग मिलने से उत्साह बढ़ेगा। इसके साथ ही अनुभवी लोगों से आज आपका संपर्क बढ़ाना आपके भविष्य के लिए फायदेमंद रहेगा। बच्चों की जरूरतों पर धन खर्च हो सकता है। आपका व्यवहार लोगों को प्रभावित करेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., के.जी. आश्रम के पास, बिफोर मंदिर, गोसाईंडीह, गोविंदपुर रोड, धनबाद, झारखण्ड – 828112 में मुद्रित एवं वार्ड नं. 8, बांधपाड़ा, दुमका, झारखंड – 814101 से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

# सलमान और नयनतारा की अगली फिल्म की शूटिंग शुरू



### अनिल कपूर समेत कई सेलेब्स ने जाहिर की खुशी

सलमान खान फिल्म 'मातृभूमि' के बाद साउथ एक्ट्रेस नयनतारा के साथ अगली फिल्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा अपडेट मेकर्स ने साझा किया है। सलमान की इस फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर्स एक्साइटेड दिख रहे हैं। निर्देशक वामशी ने इंस्टाग्राम पर सलमान खान की आगामी फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा की है। निर्देशक ने एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर अपलोड की, जिस पर 'मुहूर्त' लिखा हुआ था। इस तरह वामशी ने फैंस को बताया कि सलमान खान और नयनतारा की एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शनिवार को इसका मुहूर्त शॉट किया गया।

### कई सेलेब्स ने शूटिंग को लेकर जाहिर की खुशी

डायरेक्टर वामशी की पोस्ट और सलमान खान की फिल्म को लेकर कई बॉलीवुड सेलेब्स उत्साहित दिखे। इस पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए अनिल कपूर ने लिखा, 'वामशी, आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।' इसी तरह नम्रता शिरोडकर ने भी कमेंट किया, 'बहुत-बहुत बधाई।' सलमान के फैंस ने भी इस पोस्ट को खूब लाइक किया है।

### सलमान ने ही थी फिल्म की घोषणा

कुछ दिन पहले सलमान खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपनी इस फिल्म की घोषणा की थी। उन्होंने बताया था कि वो अपनी अगली फिल्म तेलुगु निर्देशक और निर्माता के साथ करेंगे। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ एक तस्वीर भी शेयर की थी। इस तस्वीर के साथ सलमान ने लिखा, 'दिल, दिमाग और जिगर से इस अप्रैल से वामसी और दिल राजू के साथ।' शनिवार को इस फिल्म की शूटिंग शुरू भी हो गई।



# पार्वती कृष्णा योगा के नाम पर हो रहीं ट्रोल

**सोशल** मीडिया पर पार्वती कृष्णा को कई लोग फॉलो करते हैं, वह बतौर एक्सपर्ट फेस योगा सिखाती हैं। इसी वजह से वह एक विवाद का हिस्सा बन गईं और नेटिजंस द्वारा ट्रोल भी की जा रही हैं। जानिए, क्या है ये पूरा मामला? और पार्वती कृष्णा का फिल्मी दुनिया से क्या रिश्ता है? पार्वती कृष्णा सोशल मीडिया पर दावा करती हैं कि वह फेस योगा से शॉर्प जॉलाइन बनाने में लोगों की मदद करती हैं। इससे चेहरा काफी हद तक बदल सकता है। लेकिन यह बात कुछ लोगों को हजम नहीं हुई। नेटिजंस ने फेस योगा से चेहरे में बदलाव की बात को नाकार और इसे गुमराह करने जैसा बताया। खासकर एक यूट्यूबर चंद्रशेखर रमेश ने पार्वती कृष्णा के दावों की आलोचना की।

### पार्वती ने दिया ट्रोल्स को जवाब

जब पार्वती कृष्णा की सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग ज्यादा होने लगी तो एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए उन्होंने जवाब दिया। इसमें उनका कहना है कि वह एक फेस योगा की एक्सपर्ट हैं, उनके पास सर्टिफिकेट भी है। वह कई लोगों की इस मामले में मदद कर चुकी हैं। ट्रोल करने वालों पर भी पार्वती ने निशाना साधा है, इसमें यूट्यूबर चंद्रशेखर रमेश भी शामिल हैं। पार्वती के इंस्टाग्राम वीडियो पर कुछ लोगों ने उन्हें सपोर्ट भी किया है।

### फिल्मों से क्या है पार्वती कृष्णा का कनेक्शन

पार्वती कृष्णा एक दक्षिण भारतीय अभिनेत्री हैं। वह मलयालम फिल्मों में अभिनय करती हैं। साल 2014 में 'एंजल' नामक की फिल्म से पार्वती ने अपना करियर शुरू किया। फिल्मों के अलावा टीवी सीरियल भी किए। इसमें 'ईश्वरन साक्षीयायी' और 'रात्री माजा' जैसे सीरियल शामिल हैं। पार्वती ने कई शो भी होस्ट किए। मलयालम का पॉपुलर शो 'किडिलम' को भी वह होस्ट कर चुकी हैं।



पांच साल में बनाया भारत में सबसे बड़ा रिकॉर्ड

# संजय की चार फिल्मों ने ली 1000 करोड़ क्लब में एंट्री

**बॉलीवुड के एक मशहूर अभिनेता के नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। उनकी अलग-अलग चार फिल्मों ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। ऐसा कोई खान स्टार या साउथ का स्टार नहीं कर सका।**

यह आम राय है कि बॉक्स ऑफिस पर खान स्टार्स और साउथ के बड़े अभिनेताओं का दबदबा रहता है। हालांकि इस बार मामला थोड़ा अलग है। पिछले कुछ वर्षों में एक एक्टर ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है जो लोगों को हैरान कर रहा है। उन्होंने अलग-अलग भाषाओं की फिल्में की हैं। उनकी चार फिल्में 1000 करोड़ क्लब में पहुंची हैं।

### अभिनेता ने खान और साउथ के कलाकारों को छोड़ा पीछे



यह कोई और अभिनेता नहीं बल्कि बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता संजय दत्त हैं। उनकी चार अलग-अलग फिल्मों ने 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। इस रिकॉर्ड की खास बात यह है कि कई बड़े स्टार्स ऐसा रिकॉर्ड नहीं बना पाए हैं। इस लिस्ट में आमिर खान, शाहरुख खान और प्रभास जैसे सितारे हैं। हालांकि संजय दत्त इन सब लोगों से आगे हैं। कई सितारों की एक या दो ही फिल्में 1000 करोड़ क्लब तक पहुंची हैं। लेकिन संजय दत्त की एक नहीं चार फिल्में 1000 करोड़ क्लब तक पहुंची हैं।

### इन फिल्मों ने कमाए 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा

संजय दत्त ने 'केजीएफ चैप्टर 2' (2022) में अपने विलेन के किरदार से काफी चर्चा बटोरी। संजय दत्त की यह पहली फिल्म थी जिसने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री मारी थी। इसके बाद 'जवान' ने 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। इसमें शाहरुख खान लीड रोल में थे। 'धुरंधर' (2025) में भी संजय दत्त नजर आए थे। इस फिल्म ने 1300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया। इसी तरह से 'धुरंधर 2' (2026) ने एक महीने में 1700 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का कलेक्शन किया है।

### संजय दत्त के नाम बड़ा रिकॉर्ड

इस तरह से संजय दत्त अकेले ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी 4 फिल्मों ने 1000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया है। उनका ये रिकॉर्ड काफी खास माना जा रहा है।



# अक्षय कुमार बोले- मेरा बेटा 4500 की नौकरी कर रहा

एक्टर अक्षय कुमार अपनी फिल्म 'भूत बंगला' से फैंस को खूब हंसा रहे हैं। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया है कि उनके बेटे को फिल्मों में आने में कोई दिलचस्पी नहीं है और वो फैशन में अपना करियर बना रहा है।

### अक्षय कुमार का बेटा आरव भाटिया

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार दो दशकों से अधिक समय से अपनी फिल्मों से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना भी कुछ समय के लिए फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा थीं। हालांकि, एक्टर ने हाल ही में खुलासा किया कि उनके बेटे आरव को फिल्मों में कोई दिलचस्पी नहीं है और वह फैशन में अपना करियर बना रहे हैं। उन्होंने ये भी बताया कि वो खुद कमा भी रहे हैं। अक्षय कुमार ने कहा कि उनका बेटा उनसे बहुत अलग नहीं है और आगे कहा, 'हम दोनों में बहुत समानता है। उसे फिटनेस का शौक है, और मुझे भी। वह लंबा है और बहुत ही फोकस्ड है। उसे काम करना पसंद है। लेकिन वह फिल्मों में नहीं आना चाहता। उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है। वह फैशन में अपना करियर बनाना चाहता है।' वह बेचारा आज भी 4500 रुपये की नौकरी कर रहा है। अच्छी बात है, क्यों नहीं? वह गांवों में जाकर वहां से फैशन सीख रहा है, अलग-अलग तरह के प्रिंट्स वगैरह। मैं उसे ज्यादा उपदेश नहीं देता, लेकिन मैंने उसे हिदायत दी है कि किसी को नुकसान न पहुंचाए।

### आरव भाटिया कौन हैं?

आरव भाटिया का जन्म 2002 में हुआ था और वे अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना के सबसे बड़े बेटे हैं। 15 साल की उम्र में वे उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले गए और फिलहाल लंदन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी छोटी बहन नितारा (जन्म 2012) अक्सर ट्विंकल के सोशल मीडिया पर नजर आती हैं, जबकि आरव लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करते हैं।

# सनी देओल-आमिर खान की फिल्म 'लाहौर 1947' का बदला जाएगा टाइटल

**सनी देओल की अपकमिंग फिल्म 'लाहौर 1947' लंबे वक्त से चर्चा में है. कुछ समय पहले ऐसी खबरें सामने आई थीं, जिनमें दावा किया गया था कि इस फिल्म का नाम बदल सकता है. लेकिन ये महज अफवाह निकली. लेकिन अब एक बार फिर 'लाहौर 1947' का नाम बदले जाने की खबर सामने आई है.**

सनी देओल ने 2026 की शुरुआत में 'बॉर्डर 2' बवाल काट दिया था. इसके बाद सनी देओल के पास कई बड़े फिल्ममेकर्स से ऑफर मिल रहे हैं. एक्टर के पास बहुत सी फिल्में लाइनअप में शामिल हैं. सनी देओल इस साल 'गबरू', 'लाहौर 1947' और 'रामायण' से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले हैं. हाल ही में ऐसी मीडिया रिपोर्ट्स सामने आईं, जिनमें दावा किया गया कि सनी देओल की 'लाहौर 1947' का नाम बदला जाएगा. लेकिन इनमें कोई सच्चाई नहीं थी. इसी बीच अब खबर मिली है कि वाकई में सनी देओल की फिल्म का नाम बदलने की पूरी तैयारी है.


'बॉर्डर 2' के बाद सनी देओल की 'लाहौर 1947' की अनाउंसमेंट की गई थी, जिसके बाद से ही फैंस में इसे लेकर जबरदस्त क्रेज है. ये फिल्म 13 अगस्त को थिएटरों में रिलीज होने वाली है. सनी देओल की इस फिल्म को आमिर खान प्रोड्यूस कर रहे हैं और राजकुमार संतोषी डायरेक्ट कर रहे हैं. बीते दिनों खुद आमिर खान ने बताया था कि 'लाहौर 1947' का नाम नहीं बदला जा रहा है. लेकिन अब खबर सामने आई है कि 'लाहौर 1947' का नाम बदला जा रहा है और इसका नया टाइटल भी पता चल गया है.

### लाहौर 1947 का बदलेगा नाम?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'लाहौर 1947' का नाम बदलने के बारे में सोचा जा रहा है. राजकुमार संतोषी के डायरेक्शन में बनी सनी देओल और आमिर खान की फिल्म 'लाहौर 1947' का नाम बदलकर अब 'बंटवारा 1947' किया जा सकता है. हालांकि, अभी तक मेकर्स ने कोई ऐलान नहीं किया है लेकिन ऐसी उम्मीद है कि जल्द ही मेकर्स 'बंटवारा 1947' पर मुहर लगा सकते हैं.



# सोनाली ने बिग बॉस मराठी पर लगाए गंभीर आरोप



अभिनेत्री सोनाली राउत ने बिग बॉस मराठी सीजन 6 के निर्माताओं पर शो के दौरान अस्वच्छ (अनहाइजीनिक) रहने की स्थिति का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खराब वातावरण के कारण उन्हें खुजली की बीमारी हो गई। उन्होंने किचन से लेकर वॉशरूम तक में गंदगी होने और मरे हुए चूहे और कॉकरोच मौजूद होने के आरोप लगाए थे। सोशल मीडिया पर सोनाली ने अपने शरीर पर, पीठ, बांहों, पैरों और धड़ सहित, चकत्ते और निशान दिखाते हुए वीडियो साझा किए।

### एक ही वॉशरूम इस्तेमाल करते थे 17 कंटेस्टेंट

सोनाली राउत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने स्थितियों को दयनीय बताया, जिसमें रसोई में चूहे किराने का सामान कुतर रहे थे और खाने में कॉकरोच पाए जा रहे थे। साथ ही पोस्ट में सोनाली ने अपनी कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं, जिसमें उन्होंने अपने शरीर पर निकले दाने, निशान और चकत्ते दिखाए।

## संक्षिप्त समाचार

### 49 बुलेट समेत 5 हजार से अधिक ड्राइवरों पर शिकंजा, 14 वाहन किए सीज

**नोएडा, एजेंसी।** बुलेट मोटरसाइकिल में माडिफाई साइलेंसर लगवाकर फर्राटा भरने वाले चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने



रविवार को सख्ती बरती। नोएडा में यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 49 बुलेट मोटरसाइकिल के चालान किए। साथ ही पुलिस ने 5474 वाहनों के चालान काटे और 14 वाहनों को सीज किया। लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया। डीसीपी यातायात शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस टीम ने रविवार को अभियान चलाकर मैनुअल तरीके से 2183 और आईटीएमएस कैमरों से 3291 वाहनों के चालान किए। साथ ही यातायात नियमों का पालन किए बिना दौड़ रहे 14 वाहनों को सीज भी किया। बताया कि इनमें बिना हेलमेट वाले 2307, ओवरस्पीड में चलने वाले 395, मोबाइल फोन पर बात करने वाले 57 वाहन शामिल रहे, जबकि प्रेशर हॉर्न लगवाकर चलने 64 वाहनों पर भी कार्रवाई की। डीसीपी ने बताया कि आगे भी अभियान चलाकर सख्ती बरती जाएगी। किसी भी हाल में यातायात नियमों को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गाजियाबाद में वाहन सत्यापन के बाद शपथ पत्र देने से कतरा रहे स्कूल

**गाजियाबाद, एजेंसी।** स्कूली वाहन सत्यापन अभियान खत्म हुआ, बसों की जांच भी हो गई। लेकिन जब अपनी बसों की सही संख्या लिखकर शपथ देने की बारी आई तो गाजियाबाद को छोड़ पास के कई जिलों के स्कूल पीछे हट गए। गौतमबुद्धनगर, हापुड़ और बुलंदशहर में शपथ पत्र अपलोड न होने से सवाल उठ रहे हैं कि क्या पोर्टल पर दर्ज बसों से ज्यादा वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। गाजियाबाद संभाग के अंतर्गत चार जिले गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़ और बुलंदशहर शामिल हैं। एक से 15 अप्रैल तक चले विशेष स्कूली वाहन सत्यापन अभियान के बाद परिवहन विभाग को उम्मीद थी कि स्कूल प्रबंधन यूपी-आइएसवीएमपी पोर्टल पर अनिवार्य शपथ पत्र अपलोड कर देंगे। यह शपथ पत्र इस बात की लिखित गारंटी होता है कि स्कूल में जितने भी वाहन बच्चों के परिवहन में लगाए जा रहे हैं, वही संख्या पोर्टल पर दर्ज और सत्यापित है। अभियान समाप्त होने के बाद सामने आए आंकड़ों ने विभागीय अधिकारियों को भी चौंका दिया। जिला गाजियाबाद में 2713 स्कूलों में से 2332 ने शपथ पत्र अपलोड किए हैं। गौतमबुद्धनगर में 1997 स्कूलों में से केवल 307 ने शपथ पत्र दिए हैं। हापुड़ में 1415 में से मात्र 127 स्कूलों ने यह प्रक्रिया पूरी की। वहीं बुलंदशहर में 4086 स्कूलों में से केवल 156 का ही सत्यापन शपथ पत्र के साथ पूरा हो पाया है। विभागीय स्तर पर यह आशंका जताई जा रही है कि कुछ स्कूलों ने पोर्टल पर वाहनों की वास्तविक संख्या दर्ज नहीं की है। ऐसे में शपथ पत्र देने का मतलब होगा वास्तविक संख्या को स्वीकार करना। यही वजह है कि कई स्कूल शपथ पत्र अपलोड करने से बच रहे हैं। कुछ मामलों में यह भी संभावना जताई जा रही है कि जर्जर, पुराने या मानकों के विपरीत वाहन अभी भी बच्चों को ढो रहे हैं। शपथ पत्र के माध्यम से स्कूल प्रबंधन को यह घोषित करना पड़ता है कि पोर्टल पर दर्ज वाहनों के अलावा कोई अन्य वाहन संचालित नहीं है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन स्कूलों के वाहनों का सत्यापन हो चुका है, उनके लिए शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

# नीमराणा में भी मजदूरों का हल्लाबोल, वेतन वृद्धि की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, सड़क भी जाम

**अलवर , एजेंसी।** राजस्थान के अलवर जिले के नीमराणा क्षेत्र में इंडियन जॉन और जापानी जोन की कंपनी हैलोज पैकेजिंग और जापानी कंपनी एस्टमो कंपनी में आज एक बार फिर श्रमिक असंतोष देखने को मिला है। सोमवार सुबह से ही बड़ी संख्या में मजदूरों ने कंपनी के मेन गेट के बाहर वेतन वृद्धि की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। मजदूरों ने नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर विरोध जताया। साथ ही सड़क पर धरना देकर जाम लगा दिया। उनका कहना है कि लंबे समय से वेतन में बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे उनका जीवनयापन कठिन हो गया है।

### अलर्ट मोड पर प्रशासन

मजदूरों के इस प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। नीमराणा एसडीएम महेंद्र यादव और एडिशनल एसपी सुरेश खींची सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे मजदूरों से समझाइश कर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की।

### दो दिन पहले भी नीमराणा की एक कंपनी में हुआ था प्रदर्शन

गौरतलब है कि दो दिन पहले ही नीमराणा की निडेक कंपनी में भी मजदूरों का बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला था, जिसमें श्रमिकों ने वेतन वृद्धि



सहित अन्य मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था। उस घटना के बाद से ही प्रशासन सतर्क हो गया था और क्षेत्र की अन्य कंपनियों में भी संभावित विरोध को लेकर निगरानी बढ़ा दी गई थी। इसी के चलते एस्टमो कंपनी में हुए इस प्रदर्शन के दौरान प्रशासन पहले से तैयार नजर आया।

### 6 लोगों को हिरासत में ले लिया

प्रदर्शन के दौरान कुछ मजदूरों ने उग्र रुख अपनाने की कोशिश की, जिसे देखते हुए पुलिस ने सख्ती बरती और 6 लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मौके पर कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई, लेकिन बाद में हालात नियंत्रण में आ गए। प्रशासन का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अशांति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मजदूरों ने लगाया मांगों की अनसुनी का आरोप

मजदूरों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर कंपनी प्रबंधन से संवाद करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे।

## ममता बनर्जी की भबानीपुर समेत 55 सीटें संवेदनशील घोषित

**कोलकाता , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भबानीपुर समेत 55 सीटों को चुनाव आयोग ने खर्च के लिहाज से संवेदनशील घोषित किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि चुनाव आयोग को लगता है कि इन सीटों पर खर्च उम्मीदवारों की ओर से लिमिट से ज्यादा हो सकता है। यही नहीं चुनाव में खर्च पर निगरानी रखने के लिए चुनाव आयोग ने 100 पर्यवेक्षकों को भी नियुक्त किया है। ऐसा पहली बार है, जब इतनी बड़ी संख्या में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा 5 राज्यों में फिलहाल चुनाव हो रहे हैं और सबसे ज्यादा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति बंगाल में ही की गई है।

चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि अवैध कैश, शराब, फ्री बांटने वाली वस्तुएं और मादक पदार्थों की पकड़ बंगाल में बढ़ी है। तमिलनाडु के बाद बंगाल इस मामले में दूसरे नंबर पर आ गया है। अब तक सभी चुनावी राज्यों को मिलाकर 1,281 करोड़ रुपये की खेप पकड़ी जा चुकी है। इनमें पहले नंबर पर तमिलनाडु है और फिर बंगाल का स्थान आता है। खबर है कि इस 1,281 करोड़ रुपये की सामग्री में से 105 करोड़ रुपये के बेशकीमती जवाहरात हैं तो वहीं 178 करोड़ रुपये का ऐसा सामान बरामद हुआ है, जिसे चुनाव में फ्री बांटा जाना था। अकेले बंगाल में ही 17 अप्रैल तक 430 करोड़ रुपये के सामान की बरामदगी हुई थी।

यही कारण है कि तमाम सीटों को चुनाव आयोग ने अब खर्च के लिहाज से संवेदनशील घोषित किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि आयोग को लगता है कि



यदि निगरानी नहीं की गई तो फिर वोटरों को लुभाने के लिए अवैध तरीकों का इस्तेमाल बढ़ सकता है। आयोग ने जिन सीटों को संवेदनशील घोषित किया है, उनमें सीमांत क्षेत्र उत्तर 24 परगना, मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर शामिल हैं। इन इलाकों से बड़ी संख्या में कैश समेत अवैध चीजें बरामद की गई हैं। इसके अलावा 8 सीटें ऐसी हैं, जो बांग्लादेश सीमा से लगती हैं। इन सीटों में बिधाननगर, राजरहाट-न्यूटाउन, बारासात, मध्यमग्राम, भाटपारा, गैघाता, उत्तर बशीरहाट शामिल हैं।

## राजस्थान में भाई ने बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला; हत्या कर शव के पास बैठा रहा

**श्रीगंगानगर, एजेंसी।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में जमीन विवाद ने खून का रिश्ता भी तार-तार कर दिया। रावला थाना क्षेत्र के गांव 8 डीओएल में एक भाई ने अपनी ही बड़ी बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार नहीं हुआ, बल्कि शव के पास ही बैठा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।



प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सुरेंद्र (25) ने अपनी बहन मंजू (27) को जमीन से उत्पादित गेहूं का हिस्सा देने के बहाने घर बुलाया था। रविवार शाम करीब 7 बजे मंजू अपने लिव-इन पार्टनर के साथ भाई के घर पहुंची थी। कुछ देर बाद पार्टनर बाहर चला गया, तभी घर के अंदर यह खौफनाक वारदात हुई। डीएसपी प्रशांत कौशिक के अनुसार, बहन-भाई के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार शाम को जब मंजू ने अपने हिस्से की मांग की, तो दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि सुरेंद्र ने आपा खो दिया और घर में रखी कुल्हाड़ी से मंजू के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले के दौरान मंजू की चीख सुनकर उसका लिव-इन पार्टनर दौड़कर अंदर पहुंचा। उसने मंजू को खून से लथपथ जमीन पर पड़ा देखा, जबकि सुरेंद्र के हाथ में खून से सनी कुल्हाड़ी थी। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डीएसपी प्रशांत कौशिक और स्ढ्ढ गिरधारी सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि आरोपी सुरेंद्र घटनास्थल पर ही शव के पास बैठा हुआ था। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र बीएसटीसी का छात्र है और परिवार में सबसे छोटा है। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है।

# राजस्थान में हीटवेव का ऑरेंज सिग्नल, अगले 4 दिन भारी पड़ेंगे

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में गर्मी ने अब अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण हीटवेव का दौर शुरू हो चुका है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित होने लगा है। रविवार को कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि चूरू, चित्तौड़गढ़ और कोटा जैसे इलाकों में पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया। हालात ऐसे हैं कि सड़कों की तपिश कम करने के लिए कोटा नगर निगम को पानी का छिड़काव करवाना पड़ा।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने सोमवार को राजधानी जयपुर सहित 6 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ क्षेत्र में आगामी दिनों में भीषण लू चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 से 4 दिनों तक प्रदेश में गर्मी और बढ़ने की संभावना है।

रविवार को श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में आंशिक बादल छाए रहे, लेकिन इससे तापमान पर कोई खास असर नहीं पड़ा। उमस और गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल सकी। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल बारिश या ठंडक के कोई संकेत नहीं हैं।

पिछले 24 घंटे में बीकानेर संभाग को छोड़कर लगभग पूरे राज्य में मौसम शुष्क और आसमान साफ रहा। झुंझुनूं, भरतपुर, अलवर और धौलपुर में लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आया।

राजधानी जयपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह लगातार दूसरा दिन है जब पारा 40 डिग्री के पार रहा। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिली और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि सोमवार को तापमान में हल्की गिरावट की संभावना जताई गई है।

जोधपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से लगभग 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। तेज धूप के



कारण दिन के समय लोगों की आवाजाही कम रही।

कोटा में रविवार को तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्म हवाओं के चलते लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। सड़कों की तपिश कम करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव कराया।

अलवर में अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यहां अगले चार दिनों तक हीटवेव चलने की चेतावनी दी है। गर्म हवाओं के कारण लोग केवल जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं।

उदयपुर में तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शहर के बाजारों में दुकानदारों ने धूप से बचाव के लिए दुकानों के बाहर पर्दे लगा दिए हैं, खासकर फतेहसागर झील क्षेत्र में यह नजारा देखने को मिला। अजमेर में अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री और न्यूनतम 22.4 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी के कारण बाजारों में चहल-पहल कम रही और हाईवे पर भी यातायात प्रभावित दिखा। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई गई है।

**सीकर में तापमान 40 के पार:** सीकर में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। फतेहपुर कृषि अनुसंधान केंद्र पर अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों में यहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है।

आने वाले दिन और चुनौतीपूर्ण मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं है। अगले कुछ दिनों तक हीटवेव का असर बना रहेगा और तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने और दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी गई है।

## भाजपा कैंडिडेट बनीं रेप पीड़िता की मां से टीएमसी की एक अपील, पीएम का नाम ले क्या कहा

**कोलकाता , एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को पनिहाटी से



भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार रत्ना देबनाथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से एक अपील की है। उन्होंने देबनाथ से कहा कि वह राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए लंबित अपराजिता विधेयक को जल्द से जल्द पारित करवाएं। आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद जिस महिला चिकित्सक की हत्या की गई थी, रत्ना देबनाथ उनकी मां हैं और यह मामला भी उनसे ही जुड़ा है। यह विधेयक आरजी कर की घटना के बाद सितंबर 2024 में बंगाल विधानसभा में पास किया गया था। इसके तहत रेप के मामलों की जांच 21 दिन में पूरी करने का प्रावधान है। इसके अलावा फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करके दोषी को फांसी की सजा देने का भी प्रावधान किया गया है। हालांकि विधेयक को कानून बनने के लिए राष्ट्रपति से मंजूरी नहीं मिली है। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने उत्तर 24 परगना के पनिहाटी में पार्टी उम्मीदवार तीर्थंकर घोष के समर्थन में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तावित विधेयक दुष्कर्म के दोषियों को 50 दिनों के भीतर समयबद्ध सजा दिलाने का प्रावधान करता है। अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित हुआ था। यह विधेयक बीएनएस की कई धाराओं में बलात्कार के लिए सजा में बदलाव की मांग करता है। इस वजह से विधेयक केंद्र और राज्य में टकराव का विषय बन गया। बीएनएस के तहत न्यूनतम 10 साल की सजा का प्रावधान है जबकि इस विधेयक में मांग की गई है कि इसे बढ़ाकर आजीवन या फिर मृत्युदंड कर दिया जाए। बनर्जी ने भाजपा को निशाना बनाते हुए कहा, दोषियों को माला पहनाने वाली पार्टी न्याय नहीं दिला सकती। बनर्जी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त, 2024 को महिला चिकित्सक के साथ हुई वारदात का जिक्र करते हुए कहा कि तृणमूल सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्यमंत्री ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की और उन्हें हर तरह की मदद का आश्वासन दिया, जिसमें अगर वे चाहें तो सीबीआई जांच भी शामिल थी।

### केबल ब्रिज पर पत्नी की तस्वीर खींच रहा था कारोबारी, मर्सिडीज ने मार दी टक्कर

**हैदराबाद , एजेंसी।** हैदराबाद के चेरुवु केबल ब्रिज पर रविवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 32 साल के एक कारोबारी की मौत हो गई। तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, कार पर पश्चिम बंगाल का रजिस्ट्रेशन नंबर लगा हुआ है। मृतक की पहचान श्याम राज के रूप में हुई है, जो हफीजपेट इलाके के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक, श्याम राज अपनी पत्नी के साथ रात करीब 3.15 बजे केबल ब्रिज पर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक खड़ी की और सड़क पर खड़े होकर पत्नी की फोटो खींच रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी फुटपाथ पर खड़ी थीं। तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी और रेलिंग से टकराकर पलट गई। इस हादसे में श्याम राज गंभीर रूप से घायल हो थे। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान शाम करीब 4 बजे उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय कार में केवल एक ही व्यक्ति था। जांच में पता चला है कि कार किसी कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है।

## एचआर हेड को गले लगाया-चूमा, महाराष्ट्र में टीसीएस जैसा एक और कांड; एनजीओ चेयरमैन रियाज फाजिल गिरफ्तार

**नागपुर , एजेंसी।** नागपुर के उत्तर-पश्चिम इलाके में बच्चों के लिए काम करने वाला एक एनजीओ सवालों के घेरे में आ गया है। दरअसल, एनजीओ के चीफ पर कई युवतियों ने यौन शोषण और धार्मिक दबाव सहित कई आरोप गंभीर लगाए है। इसको लेकर शनिवार की रात को मनकापुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी रियाज फाजिल काजी को तुरंत गिरफ्तार भी कर लिया गया।

यह केस, टीसीएस नासिक यूनिट में कथित यौन और धार्मिक उत्पीड़न के मामले और अमरावती जिले के परतवाड़ा में हुए यौन शोषण के ठीक बाद सामने आया है। जिसमें खुफिया एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, राज्य की आतंकवाद निरोधक दस्ता ने एनजीओ के बैकग्राउंड, उसके वित्तीय लेन-देन और गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाने के अपने घोषित मकसद से परे उसके संभावित संपर्कों की समानांतर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मुख्य शिकायतकर्ता एक 23 साल की महिला है, जो सितंबर 2023 से एनजीओ में एडमिनिस्ट्रेशन और



एचआर हेड के तौर पर काम कर रही थी। एफआईआर के अनुसार, 18 जुलाई 2024 को उसके जन्मदिन पर, दोपहर करीब 1 बजे ऑफिस में हुए जश्न के बाद, काजी ने उसे अपने केबिन में बुलाया। वहां उसकी मर्जी के खिलाफ उसे गले लगाया, उसके माथे पर चूमा और कहा, मैं आज तुम्हें जाने नहीं देना चाहता।

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि नौकरी खोने के डर से वह विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। पीड़िता ने आगे आरोप लगाया कि उसे बार-बार गले लगाने की कोशिशें की गई, जिसमें एक घटना ऐसी भी शामिल है जब आरोपी ने कथित तौर पर उसे गले लगाने की कोशिश करने से पहले सीसीटीवी का प्लग निकाल दिया था। पीड़िता ने बताया कि जब उसने आरोपी की इन हरकतों का विरोध किया, तो उसने उसके साथ बदतमीजी से पेश आना शुरू कर दिया। उसने यह भी दावा किया कि जब वह अकेली होती थी, तो आरोपी उसे छूता था।



# वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने कराया फोटोशूट

**न्यूयॉर्क/मिंस्क (एजेंसी)।** टेनिस कोर्ट पर अपनी चीखों और विरोधी को चीरते बेसलाइन शॉट्स के लिए मशहूर वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका इन दिनों एक अलग ही अवतार में नजर आ रही हैं। हाल ही में 'एस्क्वायर' मैगजीन की कवर स्टार बनीं बेलारूस की सबालेंका ने बेहद ग्लैमरस फोटोशूट कराया है। नीले रंग के विशालकाय फर कोट और हाई हील्स में उनकी तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। इस दौरान दिए इंटरव्यू में 27 साल की सबालेंका ने खुद को दोहरी शख्सियत वाली इंसान बताया। उन्होंने कहा, 'कोर्ट पर मैं बहुत आक्रामक और भावुक होती हूं। यह मेरे खेल की जरूरत है, लेकिन कोर्ट से बाहर मैं बिल्कुल अलग इंसान हूं, जो शांत है, जिसे गले मिलना पसंद है और जो शांति की तलाश में है।' जब उनसे पूछा गया कि अगर वह टेनिस खिलाड़ी नहीं होतीं तो क्या करतीं? इस पर सबालेंका कहा, 'शायद बॉक्सिंग या फिर मॉडलिंग। शायद प्लस-साइज मॉडल! मैं उसमें बहुत अच्छी होती। मुझे अपनी आक्रामकता निकालने के लिए जीवन के अंत तक कुछ न कुछ ऐसा करना होगा जिसमें बहुत ऊर्जा लगे।'सबालेंका की इस फाइटिंग स्पिरिट के पीछे पिता सर्गेई का हाथ है, जो खुद एक पेशेवर हॉकी खिलाड़ी थे। साल 2019 में मात्र 43 साल की उम्र में मेनिन्जाइटिस के कारण उनका अचानक निधन हो गया था। सबालेंका ने कहा, 'मेरे पिता ने मुझे सिखाया कि चाहे कुछ भी हो जाए, मजबूत रहना है, सकारात्मक रहना है और जीवन में मस्ती करना नहीं छोड़ना है। जब मैंने उन्हें खोया, तब टेनिस ने ही मुझे बचाया। अगर टेनिस नहीं होता, तो पता नहीं आज मैं कहां होती।'सबालेंका के अनुसार, दुख से उबरने का सबसे अच्छा तरीका है खुद को काम में झोंक देना, लेकिन साथ ही रोना और अपनी भावनाओं को बाहर निकालना भी जरूरी है। इंटरव्यू में सबालेंका ने 2022 के उस दौर का भी जिक्र किया, जब वे सर्विस करना भूल गई ?थी। उन्होंने इसे एक बुरा सपना बताया।

# हार के बाद मैदान पर फूट-फूटकर रोए वैभव सूर्यवंशी, केकेआर खिलाड़ी ने दिया सहारा





**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद एक भावुक दृश्य देखने को मिला। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह हार के बाद मैदान पर बैठे रोते नजर आए। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले वैभव इस हार से बेहद निराश दिखे।

## मैदान पर बैठकर बहाए आंसू, साथी ने बढ़ाया हौसला

वायरल वीडियो में वैभव सूर्यवंशी अकेले मैदान पर बैठे दिखाई देते हैं, जहां वह अपनी टोपी से चेहरा छिपाते और आंसू पोंछते नजर आते हैं। तभी कोलकाता नाइट राइडर्स का एक खिलाड़ी उनके पास आता है और कंधे पर हाथ रखकर उन्हें संभालता है। यह भावुक पल दर्शाता है कि क्रिकेट सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि खेल भावना का भी प्रतीक है।

## आखिरी ओवर में पलटा मैच का रुख

ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में मैच का रुख आखिरी पलों में पूरी तरह बदल गया। कोलकाता नाइट राइडर्स एक समय 85 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन रिंकू सिंह और अनुकूल रॉय ने शानदार साझेदारी कर मैच पलट दिया। दोनों ने मिलकर सातवें विकेट के लिए 76 रन जोड़ते हुए टीम को जीत दिलाई।रिंकू सिंह एक बार फिर अपने पुराने फिनिशर अवतार में नजर आए। आखिरी ओवर में 9 रन की जरूरत थी और उन्होंने लगातार चौके-छक्के लगाकर टीम को 4 विकेट से जीत दिला दी। उनकी नाबाद 53 रन की पारी ने मैच का पूरा समीकरण बदल दिया।इस मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस जीत के साथ सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की और आत्मविश्वास हासिल किया।

**पंजाब ने बेस्ट स्कोर बनाया, लखनऊ ने ओपनिंग कॉम्बिनेशन बदला; मोमेंट्स**

# मार्करम के ओवर में 5 छक्के लगे

**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएल के 29वें मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया। मुल्लांपुर में बीपीकेएश ने 19वें सीजन का बेस्ट स्कोर बनाया। रूत्र ने ओपनिंग कॉम्बिनेशन बदला। वहीं ऐडन मार्करम ने एक ओवर में 32 रन खर्च कर दिए, उनके ओवर में प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली ने 5 छक्के लगाए। पंजाब ने इस सीजन में 5वां मैच जीता। जबकि, लखनऊ लगातार तीसरा मैच हारी है। यह टीम की ओवरऑल चौथी हार है। पंजाब 11 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर कायम है। दूसरी ओर लखनऊ 8वें स्थान पर है।

## पंत ने डीआरएस नहीं लिया, विकेट का मौका गंवाया

दूसरे ओवर में पंजाब के कूपर कोनोली एलबीडब्ल्यू होने से बच गए। मोहसिन खान की फुल लेंथ गेंद पर कोनोली फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन चूक गए और गेंद उनके पैड्स से टकरा गई। एलबीडब्ल्यू की अपील हुई, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नॉटआउट करार दिया।पंत ने काफी सोचने के बाद भी रिव्यू नहीं लिया। रिप्ले से पता चला कि बॉल लेग स्टंप पर लग रही थी, अगर वे रिव्यू ले लेते तो विकेट मिल जाता। कोनोली ने इसका फायदा उठाया और 87 रन की पारी खेल दी।

## मार्करम ने 32 रन का ओवर फेंका

13वें ओवर में कूपर कोनोली ने ऐडन मार्करम के खिलाफ लगातार 3 छक्के लगाए। उन्होंने पहली, दूसरी और तीसरी बॉल पर छक्के लगाए। इसी ओवर में प्रियांश आर्या ने आखिरी दो बॉल पर लगातार दो छक्के मारे। मार्करम के इस ओवर में 32 रन बने।

मार्करम रूत्र के लिए एक ओवर में सबसे ज्यादा रन देने वाले बॉलर भी बन गए। उनसे पहले 2022 में रवि बिश्नोई ने ऋष्क्क के खिलाफ 27 रन खर्च किए थे। यह प्लेऑफ का एलिमिनेटर मुकाबला था, जो कोलकाता में खेला गया था।

## प्रियांश-कोनोली ने बेस्ट पार्टनरशिप की

प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली ने दूसरे विकेट के लिए 182 रन की पार्टनरशिप की। यह इस सीजन की बेस्ट पार्टनरशिप रही। इससे पहले मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा और रायन रिकेल्टन ने 148 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की थी। दोनों ने कोलकाता के खिलाफ यह रन बनाए थे।



## पंजाब ने सीजन का बेस्ट स्कोर

पंजाब किंग्स ने पहले बैटिंग करते हुए 254 रन बनाए। यह 19वें आईपीएल सीजन का बेस्ट स्कोर रहा। इससे पहले बेंगलुरु ने चेन्नई के खिलाफ 250 रन बनाए थे। आरसीबी की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी 240 रन बना चुकी है। पीबीकेएस और आरसीबी इस समय पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें हैं और दोनों ने ही पिछले सीजन का फाइनल खेला था।लखनऊ सुपरजायंट्स ने अपना ओपनिंग कॉम्बिनेशन बदल लिया। मिचेल मार्श के साथ ऐडन मार्करम की जगह आयुष बडोनी पारी की शुरुआत करने आए। टीम इससे पहले ऋषभ पंत से भी ओपन करा चुकी है। बडोनी 35 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने मार्श के साथ 61 रन की पार्टनरशिप की।

# विराट और अनुष्का संत प्रेमानंद से मिलने पहुंचे, बाबा से यह पांचवीं मुलाकात

**मथुरा (एजेंसी)।** क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा सोमवार को वृंदावन पहुंचे। दोनों ने अक्षय तृतीया पर्व पर अपने गुरु संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज का सत्संग भी सुना।

दोनों ने आश्रम में निजी रूप से एकांतिक वार्तालाप भी किया। आश्रम द्वारा जारी वीडियो में विराट और अनुष्का भक्तों के बीच शांत भाव से बैठे नजर आए। दोनों ने बाबा के प्रवचन को ध्यानपूर्वक सुना।

**विराट और अनुष्का महाराज जी की बातों को सुना**–आश्रम में विराट और अनुष्का बेहद साधारण वेशभूषा और सादगी





भरे अंदाज में नजर आए। किसी वीआईपी तामझाम के बिना दोनों ने आम श्रद्धालुओं की तरह जमीन पर बैठकर काफी देर तक महाराज जी के सत्संग को सुना। इस दौरान प्रेमानंद जी महाराज ने निर्मल मन और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया- शुद्ध अंतःकरण ही ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र मार्ग है।

जैसे ही विराट कोहली के वृंदावन पहुंचने की खबर शहर में फैली, उनके प्रशंसकों की भारी भीड़ आश्रम के बाहर जमा हो गई। अपने पसंदीदा खिलाड़ी और अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए लोग घंटों सड़कों पर इंतजार करते दिखे।

आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेल रहे विराट कोहली ने अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर यह दौरा किया। हाल ही में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 13 गेंदों में 19 रन बनाए थे। आगामी मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने से पहले मिले ब्रेक का उन्होंने आध्यात्मिक यात्रा के लिए उपयोग किया।

**पांचवीं बार प्रेमानंद से मिलने पहुंचे विराट और अनुष्का**–विराट और अनुष्का पांचवीं बार संत प्रेमानंद से मिलने पहुंचे है। इससे पहले फरवरी में बेटे अकाय के जन्मदिन के बाद भी दोनों यहां आए थे। साल 2025 में भी यह कपल तीन बार आश्रम पहुंचा था, जनवरी में बच्चों के साथ, मई में और फिर दिसंबर में।

**एशियाई खेल और वेस्टइंडीज सीरीज के लिए बीसीसीआई का मास्टर प्लान तैयार**

# एक साथ खेलेंगी दो भारतीय टीमें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अब टी20 क्रिकेट के लिए 30-35 खिलाड़ियों का एक विशाल पूल तैयार कर रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण इस साल के अंत में होने वाला शेड्यूलिंग ओवरलैप है। दरअसल, इस साल एशियाई खेल और भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 सीरीज एक ही समय पर होने वाली है। ऐसे में चयनकर्ता दो अलग-अलग प्रतिस्पर्धी टीमें तैयार कर रहे हैं ताकि भारत एक ही समय में दो अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल सके। बोर्ड का मानना है कि ओलंपिक 2028 को ध्यान में रखते हुए अब टीम की गहराई और लचीलेपन को बढ़ाना अनिवार्य हो गया है।

इस बड़ी योजना की आधिकारिक शुरुआत जून 2026 में होने वाले आयरलैंड दौरे से होगी। आयरलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए बीसीसीआई एक बड़ा दल भेजेगा, जिसमें मुख्य खिलाड़ियों के साथ-साथ कई नए चेहरों को शामिल किया जाएगा। इस दौरे का उद्देश्य उन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परखना है जो एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। यह प्रयोग आगामी अफगानिस्तान सीरीज और अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों के लिए एक मजबूत बैकअप तैयार करने में मदद करेगा।



## इन युवा सितारों पर टिकी हैं सबकी नजरें

चयनकर्ता इस समय आईपीएल 2026 में धूम मचा रहे खिलाड़ियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। बल्लेबाजी में वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, प्रियांश आर्य और अंगकृष रघुवंशी जैसे युवा खिलाड़ियों ने प्रभावित किया है। वहीं रजत पाटीदार और आयुष बदोनी भी अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं। ऑलराउंडर विभाग में शशांक सिंह और अनुकूल रॉय जैसे खिलाड़ी टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, कार्तिक त्यागी और खलील अहमद जैसे नाम इस 35 सदस्यीय पूल का हिस्सा हो सकते हैं।

## श्रेयस ने खोला राज

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर ज्वाइंट्स को 54 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 254/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इसके जवाब में रूत्र 200/5 ही बना सकी और मुकाबला एकतरफा हो गया।

इस जीत के हीरो रहे प्रयांस और कूपर , जिन्होंने दूसरे विकेट के लिए 182 रन की जबरदस्त साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने सिर्फ 13.2 ओवर में यह साझेदारी कर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया और विपक्षी टीम को दबाव में ला दिया।मैच के बाद कप्तान श्रैयस अय्यर ने कहा, जो शॉट्स मैंने देखे, वो सच में हैरान कर देने वाले थे। खासकर तेज गेंदबाजों को बैकफुट से सीधे मारना काफी हिम्मत का काम है। जिस तरह उन्होंने मिडिल ओवर्स में साझेदारी बनाई, वह शानदार था। उन्होंने दोनों बल्लेबाजों की तारीफ करते हुए उनकी बेखौफ बल्लेबाजी को टीम की सफलता की कुंजी बताया।

# 18 नेशनल कैंप के लिए 84 खिलाड़ियों का किया ऐलान, भोपाल में होगी तैयारी



**भोपाल (एजेंसी)।** हाकी इंडिया ने अंडर-18 नेशनल कोचिंग कैंप के लिए कुल 84 खिलाड़ियों (42 पुरुष और 42 महिला) की घोषणा की है। यह कैंप स्पोर्ट्स ऑथीरिटी आफ इंडिया (साई) भोपाल में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों का चयन हाल ही में हुए सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

## एशिया कप 2026 की तैयारी पर फोकस

यह कैंप जापान में होने वाले -18 एशिया कप 2026 की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। एक हफ्ते के मूल्यांकन के बाद 42-42 खिलाड़ियों की सूची को घटाकर 24-24 खिलाड़ियों तक किया जाएगा, जो आगे के ट्रेनिंग ब्लॉक का हिस्सा बनेंगे। यह प्रक्रिया अंतिम टीम चयन के लिए महत्वपूर्ण होगी।



# ब्रॉक लेसनर का डब्ल्यूडब्ल्यूई करियर खत्म

**लॉस वेगास (एजेंसी)।** लॉस वेगास के एलीगेंट स्टेडियम में आयोजित रेसलमेनिया 42 एक ऐतिहासिक और भावुक पल का गवाह बना। रविवार की रात द बीस्ट ब्रॉक लेसनर ने उभरते हुए सितारे ओबा फेमी से मिली करारी हार के बाद पेशेवर रेसलिंग की दुनिया को अलविदा कह दिया है। वेगास की चकाचौंध के बीच ब्रॉक लेसनर और ओबा फेमी का मुकाबला किसी रोमांचक फिल्म से कम नहीं था। हालांकि, 48 साल के लेसनर पर फेमी की ताकत भारी पड़ी।

ओबा फेमी ने अपने फिनिशिंग मूव फॉल फ्रॉम ग्रेस का इस्तेमाल कर लेसनर को चित कर दिया और एक ऐसी जीत दर्ज की जिसने उन्हें डब्ल्यूडब्ल्यूई के नए भविष्य के रूप में स्थापित कर दिया। लेसनर की यह हार सिर्फ एक मैच का अंत नहीं, बल्कि उनके दो दशक से भी लंबे सुनहरे करियर का अंत लग रहा थी।

भावुक विदाई और पॉल हेमैन के साथ आखिरी पल

मैच खत्म होने के बाद पूरा स्टेडियम थैंक यू ब्रॉक के नारों से गूंज उठा। लेसनर काफी भावुक नजर आए। उन्होंने रेसलिंग की पुरानी परंपरा का पालन करते हुए अपने ग्लव्स और जूते रिंग के बीचों-बीच उतार दिए, जो इस बात का स्पष्ट संकेत था कि अब वे दोबारा रिंग में नहीं उतरेंगे। इसके बाद उन्होंने अपने लंबे समय के मैनेजर और दोस्त पॉल हेमैन को गले लगाया। रिंग से बाहर निकलने से पहले लेसनर ने घुटनों के बल बैठकर रिंग के कैनवास को चूमा, जिसे देखकर वहां मौजूद हजारों फैंस की आंखें नम हो गईं।

ब्रॉक लेसनर का करियर किसी भी एथलीट के लिए प्रेरणा है। साल 2002 में डेब्यू करने के बाद से वे डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे बड़े आकर्षण रहे। उन्होंने न केवल रेसलिंग की दुनिया में कई वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतीं, बल्कि यूएफसी हेवीवेट चैंपियन बनकर कॉम्बैट स्पोर्ट्स में भी अपना लोहा मनवाया। लेसनर ने रेसलमेनिया के कई मेन इवेंट्स को हेडलाइन किया और द अंडरटेकर की अजेय स्ट्रीक तोड़कर इतिहास रचा था। रविवार की रात को मिली उनकी हार को रेसलिंग की दुनिया में मशाल सौंपने के रूप में देखा जा रहा है।

## क्या ये वाकई आखिरी विदाई है?

भले ही लेसनर ने रिटायरमेंट के सारे संकेत दे दिए हों, लेकिन रेसलिंग की दुनिया में कुछ भी निश्चित नहीं होता। कुछ रिपोर्ट्स में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि साल के अंत में शायद वे एक आखिरी अपीयरेंस के लिए वापसी कर सकते हैं। हालांकि, फिलहाल के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूई और फैंस ने मान लिया है कि द बीस्ट ने अपनी आखिरी फाइट लड़ ली है। अब देखना यह होगा कि ओबा फेमी, लेसनर जैसे दिग्गज को हराकर मिली इस विरासत को आगे कैसे बढ़ाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 22 साल से खस्ताहाल सड़क, हर दिन उड़ रही धूल



**सोन वर्षा वाणी । संवाददाता।** हरिहरगंज हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में सुल्तानी एनएच-139 से निचली बराज होते हुए ढकचा मोड़ तक करीब 10 किलोमीटर तथा सरसोत मोड़ एनएच-139 से सरसोत गांव होते हुए बेला घाट तक करीब 8 किलोमीटर सड़क पिछले दो दशकों से जर्जर स्थिति में है. सड़क की बदहाल हालत से स्थानीय लोगों, किसानों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और धूल व नुकीले पत्थर उभरे हुए हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही न सिर्फ धीमी बल्कि खतरनाक हो गयी है. दोपहिया वाहन चालकों के गिरकर घायल होने की घटनाएं आम हो गयी हैं, वहीं पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. ग्रामीण भीष्म नारायण सिंह, पूर्व मुखिया युगेश सिंह, राजेंद्र पासवान व सनोज गुप्ता ने बताया कि यह सड़क करीब 22 वर्ष पूर्व बनी थी, लेकिन इसके बाद अब तक मरम्मत नहीं की गयी. कई बार आंदोलन और शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. यह सड़क सरसोत, सलैया, पचमो, परिया, मझिगांवा, कोकरो, ढकचा, भोजुवा समेत दर्जनों गांवों को आपस में जोड़ने के साथ बिहार जाने का प्रमुख मार्ग भी है. इसके बावजूद सड़क की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है. भारी वाहनों, विशेषकर हाईवा और ट्रेलर के लगातार परिचालन से सड़क पर धूल का गुबार उड़ता रहता है. इससे राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को सांस और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. वहीं उड़ती धूल का असर आसपास के खेतों पर भी पड़ रहा है. करीब 60 एकड़ भूमि में लगे ताइवान पिंक अमरूद की फसल को भी नुकसान पहुंच रहा है. किसान अजय कुमार मेहता सहित अन्य किसानों को हर वर्ष लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक सरकार और प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गयी. है. लोगों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग की है, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके.

### एनएच-139 पर बाइक-ट्रैक्टर भिड़ंत, दंपती गंभीर



**सोन वर्षा वाणी । संवाददाता। हरिहरगंज (पलामू):** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के मधुवन सतभूरवा के समीप एनएच-139 पर रविवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर से घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की तत्परता से घायलों को तत्काल एनएचएआई एंबुलेंस (1033) के माध्यम से हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया। सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद एवं डॉ. अरविंद कुमार की देखरेख में दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। हालांकि उनकी स्थिति गंभीर बनी रहने के कारण बेहतर इलाज के लिए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत हसपुरा थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव निवासी 30 वर्षीय दीपक कुमार एवं उनकी 26 वर्षीय पत्नी संगीता कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दीपक कुमार अपनी पत्नी संगीता कुमारी और पुत्र सूरज कुमार के साथ पचरुखिया से पड़वा मोड़ स्थित एक रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी दौरान मधुवन सतभूरवा के पास गलत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं सुनील कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। इधर, अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने घायलों के इलाज में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान धर्मेंद्र कुशवाहा, राहुल कुमार, सोनू कुमार, महबूब आलम एवं विनोद मेहता ने तत्परता दिखाते हुए प्राथमिक उपचार में सहयोग किया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से एनएच-139 पर बढ़ते सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गलत दिशा में वाहनों का परिचालन और तेज रफ्तार ऐसे हादसों का मुख्य कारण बन रहा है।

# पलामू में 23 अप्रैल को टाइगर जयराम महतो का दौरा, धरना में होंगे शामिल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मेदनीनगर/डाल्टनगंजः** पलामू जिले के पांडवा क्षेत्र में संचालित फेयर कोल माइंस के खिलाफ चल रहे आंदोलन को अब राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है। इसी क्रम में 23 अप्रैल, गुरुवार को झारखंड लोक जनक्रांति मोर्चा (JLKM) के सुप्रीमो एवं डुमरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक टाइगर जयराम महतो पांडवा पहुंचकर धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे और आंदोलनरत लोगों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इसको लेकर सोमवार को मेदनीनगर (डाल्टनगंज) में पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में टाइगर जयराम महतो के प्रस्तावित पलामू दौरे की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। बताया गया कि पांडवा



क्षेत्र में फेयर कोल माइंस द्वारा कथित रूप से की जा रही मनमानी और स्थानीय लोगों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ पिछले तीन महीनों से ग्रामीण धरना-प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। बावजूद इसके अब तक प्रशासन या संबंधित कंपनी की ओर से कोई ठोस पहल या सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बैठक में मौजूद नेताओं ने कहा कि अब इस आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन दिलाने के लिए पार्टी पूरी ताकत झोंक देगी। टाइगर जयराम महतो के आगमन से आंदोलन को नई ऊर्जा मिलेगी और स्थानीय लोगों की आवाज को राज्य स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव ओंकारनाथ जायसवाल, 76 डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी अनिकेत मेहता, जिला अध्यक्ष दिलीप मेहता सहित अरुण वर्मा, विजय सिन्हा, अमरजीत चौरसिया, विकास यादव, पंकज यादव और पिंटू समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। पार्टी नेताओं ने कहा कि यदि जल्द ही स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## गढ़वा में अपराध समीक्षा बैठक, SP ने दिए सख्त निर्देश



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गढ़वा :** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से सोमवार को नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर (भा.पु.से.) की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय के सभागार में अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारियों व पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की शुरुआत में एसपी ने स्पष्ट कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि कानून-व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। एसपी ने पॉक्सो से जुड़े लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से निपटाया जाए। साथ ही एससी/एसटी से संबंधित मामलों की जांच में संवेदनशीलता और गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में नक्सल गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जमानत पर बाहर आए नक्सलियों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा जिले में नियमित रूप से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने पर भी बल दिया गया, ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। पिछले माह दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए एसपी ने अनुसंधान कार्य में तेजी लाने और कोर्ट से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक थाना स्तर पर लंबित मामलों की दैनिक समीक्षा की जाए, जिससे जांच में गति बनी रहे। एसपी ने चोरी, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस, साइबर क्राइम, आईटी एक्ट, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन, वारंट एवं कुर्की निष्पादन से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया। साथ ही ई-साक्ष्य पोर्टल पर सभी कांडों की अनिवार्य एंट्री सुनिश्चित करने को कहा, ताकि जांच प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी बन सके। बैठक के अंत में एसपी ने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पुलिस पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें, ताकि जिले में बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित हो सके।

## महिला आरक्षण पर झामुमो का भाजपा पर तीखा प्रहार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पलामूः** महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने प्रेस बयान जारी कर आरोप लगाया कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर केवल "घड़ियाली आंसू" बहा रही है और इसे लागू करने की उसकी कोई वास्तविक मंशा नहीं है। उन्होंने कहा कि हाल ही में 131वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका, लेकिन भाजपा नेता इसे महिला आरक्षण कानून से जोड़कर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। सिन्हा ने स्पष्ट किया कि यह दोनों मुद्दे पूरी तरह अलग हैं और इन्हें मिलाकर पेश करना राजनीतिक चाल है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2023 में 106वां संविधान संशोधन विधेयक, जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है, सर्वसम्मति से पारित हो चुका है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस कानून में यह शर्त जोड़ दी गई थी कि आरक्षण का क्रियान्वयन अगली जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही संभव होगा। सिन्हा के अनुसार, इस शर्त ने महिला आरक्षण को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार की नीयत साफ होती, तो 2024 के लोकसभा चुनाव में ही महिलाओं को इसका लाभ मिल सकता था। मौके पर मौजूद झामुमो सचिव रंजन चंद्रवंशी ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाना चाहती है, तो उसे जल्द ठोस कदम उठाने होंगे। केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका समय पर क्रियान्वयन जरूरी है। वहीं, नेता सन्नी शुक्ला ने केंद्र सरकार से जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को महिला आरक्षण लागू करने की स्पष्ट समयसीमा घोषित करनी चाहिए। अंत में झामुमो नेताओं ने जनता से अपील की कि वे ऐसे मुद्दों पर जागरूक रहें और सरकार से जवाबदेही तय करें।

## बीएड परिणाम में गड़बड़ी का आरोप, छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन की मांग उठाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू):** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के अंतर्गत बी.एड सत्र 2023-25 के तृतीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्रों में भारी असंतोष फैल गया है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को अनुत्तीर्ण घोषित किए जाने पर छात्रों ने कुलपति को आवेदन सौंपकर उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन तथा संशोधित परिणाम जारी करने की मांग की है। विद्यार्थियों का आरोप है कि कई ऐसे छात्र-छात्राओं को भी असफल घोषित कर दिया गया है, जिनका पूर्व शैक्षणिक रिकॉर्ड बेहतर रहा है और जिन्होंने परीक्षा भी संतोषजनक दी थी। परिणाम जारी होने के बाद विभिन्न कॉलेजों के रिजल्ट में भारी असमानता सामने आई है, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। आवेदन में छात्रों ने बताया कि जहां कुछ कॉलेजों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, वहीं कई कॉलेजों में 60 से 75 प्रतिशत तक विद्यार्थी अनुत्तीर्ण घोषित कर दिए गए हैं। विशेष रूप से इंदिरा सिंह बी.एड कॉलेज, कुंवर पृथ्वीनाथ बी.एड कॉलेज, एस.बी. सनातन बी.एड कॉलेज तथा पंडित जयनारायण त्रिपाठी बी.एड कॉलेज के छात्रों ने अधिक संख्या में फेल किए जाने का आरोप लगाया है। छात्रों का कहना है कि यदि कुछ संस्थानों का परिणाम 100 प्रतिशत हो सकता है, तो अन्य कॉलेजों में इतनी बड़ी संख्या में असफलता मूल्यांकन में गड़बड़ी या लापरवाही की ओर इशारा करती है। उनका आरोप है कि उत्तरपुस्तिकाओं की जांच निष्पक्ष और सावधानीपूर्वक नहीं की गई है, जिससे योग्य छात्र भी प्रभावित हुए हैं। विद्यार्थियों ने कुलपति से मांग की है कि सभी उत्तरपुस्तिकाओं का निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन कराया जाए। साथ ही जिन छात्रों को कम अंक मिले हैं या अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है, उनकी कॉपियों की विशेष जांच कर जल्द संशोधित परिणाम प्रकाशित किया जाए। इधर, परिणाम को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के बीच निराशा और आक्रोश का माहौल है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## कचहरी शाखा के एटीएम बने शोपीस, ग्राहक परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मेदिनीनगरः**शहर के कचहरी शाखा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम इन दिनों ग्राहकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। शाखा परिसर में लगे पांच एटीएम में से अधिकांश पर सोमवार सुबह "अस्थायी रूप से कार्य नहीं कर रहा है" का बोर्ड लगाकर बंद कर दिया गया, जिससे पैसे की जमा-निकासी के लिए पहुंचे ग्राहकों को निराश लौटना पड़ा। सुबह से ही सैकड़ों ग्राहक एटीएम पर पहुंचते रहे, लेकिन मशीनें बंद रहने के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। करीब 10 बजे के बाद दो एटीएम चालू हुए, तो वहां अचानक भीड़ उमड़ पड़ी और लंबी कतार लग गई। लोगों को काफी देर तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। ग्राहकों का कहना है कि इन दिनों शादी-विवाह का सीजन चल रहा है और कई लोग बीमारी के इलाज के लिए भी पैसे निकालने आते हैं, ऐसे में एटीएम का बंद रहना उनकी परेशानी बढ़ा रहा है। दूर-दराज प्रखंडों से आने वाले लोग भी एटीएम सेवा बाधित रहने के कारण खासे परेशान दिखे। मौके पर तैनात सुरक्षा गार्ड द्वारा भी एटीएम बंद रहने के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे ग्राहकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ग्राहकों ने बैंक प्रबंधन से मांग की है कि एटीएम में पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जाए और सभी मशीनों को सुचारू रूप से चालू रखा जाए, ताकि लोगों को समय पर नकदी मिल सके। उनका कहना है कि एटीएम का उद्देश्य त्वरित सेवा देना है, लेकिन वर्तमान स्थिति में यह सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गया है और "हाथी के दांत" साबित हो रहा है।

## हड़ताल की मार, ठप मनरेगा, जब रोजगार ही ठहर जाए तो विकास कैसे बढ़े

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**विश्रामपुर, पलामू :** विश्रामपुर प्रखंड में इन दिनों महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जिस स्थिति से गुजर रही है, वह सिर्फ एक प्रशासनिक बाधा नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन की धड़कनों पर पड़ा गहरा आघात है। रोजगार सेवकों की हड़ताल ने इस महत्वाकांक्षी योजना की रीढ़ को ही झकझोर दिया है। आंकड़े खुद गवाही दे रहे हैं, जनवरी के 1405 पीडी से गिरकर मार्च में महज 116 पीडी तक पहुंच जाना, किसी सामान्य उतार-चढ़ाव का संकेत नहीं, बल्कि एक गंभीर व्यवस्था संकट का स्पष्ट प्रमाण है। मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की आर्थिक सुरक्षा का आधार है। ऐसे में जब रोजगार सेवक जो इस पूरी प्रणाली के जमीनी संचालक हैं काम से अलग हो जाते हैं, तो पूरा ढांचा चरमराना स्वाभाविक है। बिश्रामपुर में यही हो रहा है। प्री एप्रूवल की प्रक्रिया ठप पड़ गई है, योजनाएं कागजों में सिमट गई हैं और मजदूरों के हाथ खाली रह गए हैं। इस संकट का सबसे बड़ा खामियाजा उन गरीब मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है, जिनके लिए मनरेगा सिर्फ आय का साधन नहीं, बल्कि जीवन की न्यूनतम सुरक्षा है। जब गांव में काम नहीं मिलता, तो पलायन ही एकमात्र विकल्प बचता है और यही पलायन सामाजिक असंतुलन और शहरी दबाव को बढ़ाता है। स्थिति की गंभीरता यहीं खत्म नहीं होती। सड़क, तालाब, जल संरक्षण जैसे विकास कार्यों का ठप पड़ना यह संकेत देता है कि हड़ताल का असर सिर्फ वर्तमान पर नहीं, बल्कि भविष्य की बुनियादी संरचना पर भी पड़ रहा है। सवाल यह उठता है कि क्या किसी योजना की सफलता सिर्फ कागजी प्रावधानों पर निर्भर हो सकती है, या फिर उसे संचालित करने वाले मानव संसाधन की संतुष्टि और स्थिरता भी उतनी ही जरूरी है? प्रशासन का यह तर्क कि हड़ताल के कारण प्री प्रोसेसिंग में कमी आई है, अपनी जगह सही हो सकता है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि यदि जमीनी कर्मियों की समस्याएं समय रहते सुलझा ली जातीं, तो शायद यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। हड़तालें अचानक नहीं होतीं, वे लंबे समय से उपेक्षित मांगों का परिणाम होती हैं। अब वक्त है त्वरित और संवेदनशील हस्तक्षेप का। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि रोजगार सेवकों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी मांगों का यथाशीघ्र समाधान निकाले। साथ ही, एक वैकल्पिक तंत्र भी विकसित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी एक वर्ग के ठप पड़ने से पूरी योजना प्रभावित न हो। मनरेगा की असली ताकत उसकी निरंतरता में है। अगर यही निरंतरता टूटती रही, तो यह योजना अपने मूल उद्देश्य ग्रामीण रोजगार और आत्मनिर्भरता से भटक जाएगी। विश्रामपुर की स्थिति एक चेतावनी है, जिसे नजरअंदाज करना आने वाले समय में और भी बड़े संकट को न्योता देना होगा।

## सुआ में विधिक जागरूकता शिविर, मुफ्त कानूनी सहायता से सशक्तिकरण पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू):** समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुआ गांव में निःशुल्क विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भीष्म नारायण सिंह (बीएनएस) लॉ कॉलेज, मेदिनीनगर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (IQAC), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) पलामू और नयी संस्कृति सोसाइटी (NGO) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, बीएनएस लॉ कॉलेज के प्राचार्य पंकज कुमार, सुआ पंचायत की मुखिया दुलारी देवी, उप प्रमुख शीतल सिंह, अधिवक्ता संजय पांडेय, उत्तम कुमार एवं सोसाइटी के सचिव अजीत पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि कानूनी साक्षरता से ही समाज सशक्त बन सकता है। उन्होंने बताया कि डीएलएसए के माध्यम से जरूरतमंदों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है, ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे। उन्होंने डायन-बिसाही, बाल विवाह, पीड़ित प्रतिकर अधिनियम, लोक अदालत, मध्यस्थता और लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम से संबंधित जानकारी भी विस्तार से दी। साथ ही बताया कि पंचायत और थानों में पीएलवी की तैनाती लोगों की सहायता के लिए की गई है। प्राचार्य पंकज कुमार ने कहा कि कानून को किताबों तक सीमित न रखकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि कॉलेज द्वारा सुआ गांव को गोद लिया गया है, जहां अब नियमित रूप से छात्र-छात्राएं कानूनी सलाह देंगे। प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को कॉलेज परिसर में तथा बुधवार को पीएलवी के साथ गांव में जाकर निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। अधिवक्ता संजय पांडेय ने भूमि विवाद पर चर्चा करते हुए कहा कि मौखिक बंटवारा अब मान्य नहीं है, इसलिए लिखित और प्रमाणित बंटवारा आवश्यक है। वहीं असिस्टेंट उत्तम कुमार ने मौलिक अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि अन्याय न सहें और न ही करें, जरूरत पड़ने पर कानून का सहारा लें। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर शाइस्ता नाज़, चंद्रकला कुमारी और सुप्रिया दुबे ने महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े कानूनों पर प्रकाश डाला। नयी संस्कृति सोसाइटी के सचिव अजीत पाठक और रिसोर्स पर्सन चंदा झा ने भी अपने विचार रखे। शिविर में सुआ पंचायत की मुखिया दुलारी देवी, उपाध्याय सिंह, उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो, पीएलवी बसंती कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में सहायक प्रोफेसर अपर्णा वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम "न्याय सबके लिए" के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।